प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
मुद्रक : श्रीगोकुल मुद्रणालय, वाराणसी
संस्करण : तृतीय वि० संवत् २०४६
मूल्य : रु० १५०—००

© चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
इस ग्रन्थ के परिष्कृत तथा परिवर्धित मूल-पाठ
एवं टीका, परिशिष्ट आदि के सर्वाधिकार
प्रकाशक के अधीन है।

फोन : ३३३४४५

अभ्यप्राप्तिस्थान
चौखम्भा विश्वभारती
पोस्ट बाक्स नं० १०८४
चौक (चित्रा सिनेमा के सामने)
वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन ३२०४१४

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
93
****

THE

ĀPASTAMBA-DHARMA-SŪTRA

WITH THE 'UJJVALĀ' COMMENTARY

OF

ŚRĪ HARADATTA MIŚRA

AND

Notes by Śri A. Chinnaswāmī and
Pandit A. Rāmanātha Śāstrī

Edited with

Hindi Translation, Explanatory Notes, Critical Introduction & Index

by

Dr. UMEŚA CHANDRA PĀṆḌEYA
M. A., Ph. D.,

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN
Publishers and Distributors of Oriental Cultural Literature
Post Box No. 1139
K. 37/116, Gopal Mandir Lane
VARANASI-221001 (INDIA)

© *Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi*

Phone : 333445

Third Edition : 1992

Also can be had of :

CHAUKHAMBHA VISVABHARATI

Post Box No. 1084

Chowk (Opposite Chitra Cinema)

VARANASI-221 001

Phone : 320414

Printers :

SRIGOKUL MUDRANALAYA

Gopal Mandir Lane,

Varanasi-221 001

भूमिका

इदमिदानीं श्रीमदापस्तम्बमहर्षिप्रणीतं धर्मसूत्रं श्रीमिश्रहरदत्तप्रणीतया उज्ज्वलाख्यया वृत्त्या समुज्ज्वलितं मुद्रयित्वा प्रकाशं प्रापय्य प्रेक्षावतां चक्षुर्गोचरतामापाद्यते। ग्रन्थोऽयं बहुत्र बहुधा मुद्रितोऽपि एतर्हि दौर्लभ्यमेवासाद्य एतदधीतिबोधाचरणप्रचारकाणां छात्राणामध्यापयितॄणां च कामपि कष्टामेव दशामापादयन्नवर्तत। तदिदं दुःखं दूरीकर्तुकामेन चौखम्बासंस्कृतपुस्तकालयाधिपतिना सुरभारतीसेवनैकफलमात्मजीवितमापादयता श्रेष्ठिवर्येण श्रीजयकृष्णदासगुप्तमहोदयेन ग्रन्थस्यास्य पुनस्संस्करणे कृतमतीभूय एतत्संशोधनार्थमावामभ्यर्थितौ। आवाभ्यामपि तच्चिन्तितं साधु मन्वानाभ्यां कार्यमेतत् स्वीकृत्य, अध्ययनाध्यापनाद्यवशिष्टेऽल्पीयसि काले यथामति परिशोध्य प्रकाशं नीतोऽयं ग्रन्थः।

एतद्ग्रन्थसंशोधनार्थं अधोऽङ्कितान्यादर्शपुस्तकानि समुपयोजितानि—

(१) कुम्भघोणे नागराक्षरेषु मुद्रितं मदीयं पुस्तकमेकम्।

(२) मुम्बय्यां Dr. बूलर् महाशयेन मुद्रितं विश्वविद्यालयीयं पुस्तकं द्वितीयम्।

(३) अस्मन्मातुलगृहादानीतं ग्रन्थाक्षरैस्तालपत्रेषु लिखितं तृतीयम्।

(४) पण्डितप्रवरश्रीविद्याधरशर्ममहोदयानां हस्तलिखितं पुस्तकं चतुर्थम्।

(५) मैसूरपुरे देवनागराक्षरेषु मुद्रितं सरस्वतीभवनाल्लब्धं पुस्तकं पञ्चमम्।

(६) महीशूरपुर एव तैलङ्गाक्षरेषु मुद्रितं षष्ठम्।

(७) दक्षिणदेशस्थसुन्दरगिरिसमाख्यग्राम(नल्लूर्)वास्तव्यानां श्रीमतां पं० कल्याणसुन्दरशास्त्रिणां ग्रन्थाक्षरैस्तालपत्रेषु लिखितं सप्तमम्।

(८) श्रीमतामाचार्यध्रुवमहोदयानां पुस्तकमांग्लभाषानुवादरूपमष्टमम्।

एतत्पुस्तकाष्टकमवलम्ब्य संशोध्य मुद्रितमपीदं पुस्तकमन्ततः पुरुषस्वभावसुलभया कयाचिदशुद्धिसन्तत्या परित्यक्तमेव वर्वर्तीति तदपनुत्तयेऽशुद्धसंशोधनं ग्रन्थान्ते सन्नियोजितम्। प्रथमप्रश्नीयस्याष्टमपटला-

त्मकस्याऽऽत्मपटलस्यापरा काचिद्व्याख्या श्रीमच्छङ्करभगवत्पादाचार्यप्रणीता अनन्तशयनग्रन्थमालायां पूर्वं मुद्रिताऽपि अध्येतॄणां सौकर्यार्थमत्रैवोज्ज्वलया सार्कं पुनर्मुद्रिता। यद्यपि व्याख्याया अस्याः शङ्करभगवत्पादीयत्वेऽत्रैव तथोल्लेखनमृते नान्यत्किञ्चन प्रमाणमुपलभ्यते, नापि तदीयव्याख्याशैल्याऽन्यत्र स्थितया सहेयं संवदति, तथाऽपि यावत्तदनुरोधि विरोधि वा प्रमाणमुपलभामहे तावदस्मिन्विषये जोषंभावमेव शरणं समुचितं मन्वानौ तूष्णीमास्वहे।

सूत्रप्रणेतुः श्रीमदापस्तम्बमहर्षेः श्रीमिश्रहरदत्ताचार्यस्य चेतिवृत्तविषये यदुक्तमस्माभिरापस्तम्बगृह्यसूत्रभूमिकायां न ततोऽधिकं विशेषं वक्तुं पार्यतेऽस्मद्धस्तगतामैतिहासिकसामग्रीमवलम्ब्य, परन्तु—हरदत्ताचार्याः मद्रदेशान्तर्गतचोलदेशनिवासिनः द्राविडभाषाभाषिण-श्चेत्यवगम्यते तदीयैरेव वचनैः। ते हि—'यथावर्षं प्रजा दानं दूरेदर्शनं मनोजवता' (आप. धर्म. २–२३–७) इति सूत्रव्याख्यानावसरे दूरदर्शनोदाहरणार्थं यस्य कस्यचिद्देशस्योपादाने प्रसक्ते, 'चोलेष्ववस्थितास्तदैव हिमवन्तं दिदृक्षेरन्' इति चोलदेशमेवोपाददते। एवं 'स्त्रीभ्यस्सर्ववर्णेभ्यः' (आप. धर्म. २–२६–१६) इति सूत्रे 'द्राविडाः कन्या-मेषस्थे सवितर्यादित्यपूजामाचरन्ती'ति द्राविडाचारमेव प्रमाणयन्ति। एवमेव गौतमधर्मसूत्रव्याख्यायां मिताक्षरायामपि[1] 'बालदेशान्तरितप्रव्रजितानामसपिण्डानां सद्यश्शौचम्' (गौ. ध. १४–४४) इत्याशौचप्रकरणस्थं सूत्रं व्याचक्षाणाः 'अनुष्ठानमपि चोलदेशे प्रायेणैवम्'[2] इति चोलदेशाचारमेव प्रमाणयन्ति। एवं तत्रैव 'मौञ्जी ज्या मौर्वी मेखला क्रमेण' (गौ. ध. १–१५) ति सूत्रे[3] 'मूर्वा आरण्य ओषधिविशेषः, यस्यारत्निप्रमाणानि पत्राणि व्यङ्गुलविस्ताराणि मरल् इति द्राविडभाषायां प्रसिद्धि'रिति,[4] 'कुण्डाशी' (गौ. ध. १५–१८) इति सूत्रे, 'किलासः त्वग्दोषः तेमल् इति द्राविडभाषायां प्रसिद्धः' इति च द्राविडीमेव प्रसिद्धिमुपाददाना इमे आत्मनो द्राविडदेशनिवासित्वं द्राविडभाषाभाषित्वञ्च स्पष्टमेवावगमयन्ति।

---

१. इमे एव हरदत्ताचार्याः गौतमधर्मसूत्रव्याख्यातार इति निरूपितमापस्तम्बगृह्यसूत्रभूमिकायाम्। तत् ततोऽवगन्तव्यम्।

२. गौतमधर्मसूत्रव्याख्यायां मिताक्षरायां मद्रपुरे तैलङ्गाक्षरमुद्रितायां ११९ पृष्ठे २३ पङ्क्तौ द्रष्टव्यम्।

३. ४. तैलङ्गाक्षरमुद्रितमिताक्षरापुस्तके यथाक्रमं ४, १६, १२५, २८, पृष्ठे द्रष्टव्यम्।

उज्ज्वलानाकुलयोः पौर्वापर्यालोचनायां प्रथममनाकुला तत उज्ज्वलेत्यवगम्यते, यत उज्ज्वलायां बहुत्र "तस्यापि प्रयोगो गृह्य एवोक्तः।" 'प्रपञ्चितमेतत् गृह्ये' "वयं तु न तथेति गृह्य एवाऽवोचाम" 'एतत् गृह्ये व्याख्यातम्' (आप. ध. पृ. ५१, ७२, २०८) इति व्यपदिष्टं तैः। अतो यथा मूलभूतयोर्गृह्यधर्मसूत्रग्रन्थयोः पौर्वापर्यं, एवमेव तद्वृत्त्योरनाकुलोज्ज्वलयोरपीति प्रतीयते—इत्येतावदधिकमत्र विवक्षितम्।

एतन्मुद्रणविषये पुस्तकप्रदानेन, पुस्तकालयीयं नियममप्यविगणय्य यावन्मुद्रणमस्मद्धस्त एव पुस्तकस्यावस्थापनेन चास्मान् सुदूरमनुगृहीतवतां श्रीमतामाचार्यध्रुवमहोदयानां, श्रीमतां पण्डितप्रकाण्डगोपीनाथकविराजमहोदयानां, अन्येषाञ्च विबुधवरेण्यानां विषयेऽत्यन्तमधमर्णावावां तान् प्रति कार्तज्ञमतितरामाविष्कुर्वहे।

एवं सुरभारतीसमुज्जीवनबद्धपरिकरं श्रीजयकृष्णदासहरिदासगुप्तमहोदयं श्रेष्ठिवर्यं प्रति बह्वीराशिषः प्रयुञ्ज्वहे।

इतः पूर्वतनान्यदसीयानि संस्करणान्यपेक्ष्य संस्करणेऽस्मिन् केनचनापि वैजात्येन तादृश्या च छात्रोपकृत्या भाव्यमिति संकल्पेनावाभ्यामत्र यतितम्। तत्रावां प्राप्तसाफल्यौ न वेति निर्णये मनीषिमनीषैव निकषोपलः।

॥ इति सर्वं शिवम् ॥

वाराणसी
चैत्रकृष्णनवमी सं० १९८८
३०—३—१९३२

सुधीजनवशंवदौ
अ. चिन्नस्वामिशास्त्री
अ. रामनाथशास्त्री च

दो शब्द

'गौतमधर्मसूत्र' के हिन्दी अनुवाद के बाद 'आपस्तम्बधर्मसूत्र' को हिन्दी अनुवाद तथा टिप्पणियों के साथ प्रस्तुत करते हुए मेरा लक्ष्य यही है कि धर्मशास्त्रीय विचारों के व्यापक बोध में कुछ योगदान कर सकूँ। प्राचीन मान्यताओं का अध्ययन कर उनकी युगसापेक्ष व्याख्या करने से ही हमारी अनेक सामाजिक समस्याओं का समाधान हो सकता है। अतीत के ऐतिहासिक अध्ययन का यह अर्थ कदापि नहीं है कि परिवर्तन के पहिए को पीछे घुमाने का निष्फल प्रयास किया जाय। परम्परागत धर्मशास्त्रीय सिद्धान्तों की उपयोगिता उनके उत्तम पहलू एवं नैतिकता के जीवनदर्शन को समझने एवं व्यवहार में अनूदित करने में ही निहित है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में सूत्रों का सरल हिन्दी अनुवाद देने का प्रयास किया गया है और जहाँ सूत्र के अर्थ के विषय में स्पष्टीकरण आवश्यक है, वहाँ टिप्पणियाँ भी दी गयी हैं। प्रस्तावना में धर्मसूत्र साहित्य एवं भारतीय धर्म के स्वरूप पर विचार किया गया है और विशेषतः 'आपस्तम्बधर्मसूत्र' का समालोचनात्मक एवं सामाजिक अध्ययन भी संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। अन्त में सूत्रों में आए हुए विषयों एवं नामों की अनुक्रमणिका दी गयी है, जिससे अनुसन्धाताओं को सुविधा होगी।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन और मुद्रण का सारा श्रेय चौखम्बा संस्कृत सीरीज़ आफिस के अनुभवी संचालकों को है अतः उन्हें अपनी ओर से धन्यवाद देना मेरा कर्त्तव्य है। अन्त में जिनके विश्वासपूर्ण सहयोग एवं प्रेरणा से मैं भारतीय साहित्य की यत्किंचित् सेवा करने में संलग्न हूँ, उन स्वजन एवं प्रियजन के प्रति भी हृदय से कृतज्ञ हूँ। गुरुजनों के आशीर्वाद से यह मेरा परिश्रम सफल होगा, यही आशा है।

'विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव।
यद् भद्रं तन्न आ सुव॥'

विनीत

उमेशचन्द्र पाण्डेय

प्रस्तावना

सूत्र साहित्य—

सूत्र साहित्य भारतीय वाङ्मय का एक अनूठा वर्ग है और इसकी अनोखी शैली ही इसकी विशेषता है। वैदिक साहित्य में सूत्रों का काल अध्ययन और चिन्तन की एक परम्परा का प्रतिनिधि है और भारतीय साहित्य में इसका महत्त्वपूर्ण स्थान है। सूत्र साहित्य एक ऐसी शृङ्खला है जो वैदिक साहित्य को परवर्ती संस्कृत साहित्य से जोड़ती है। जैसा कि मार्क्स म्युल्लेर ने कहा है। इन सूत्रों की शैली का परिचय उसी व्यक्ति को मिल सकता है जिसने इन्हें समझने का प्रयत्न किया है और इनका शाब्दिक अनुवाद तो सम्भव हो ही नहीं सकता। सूत्र का अर्थ है धागा और सूत्रों में छोटे, चुस्त, अर्थगर्भित वाक्यों को मानों एक धागे में पिरोकर रखा जाता है। संक्षिप्तता इनकी विशेषता है। पश्चिमी विद्वानों ने इन सूत्रों की शैली पर बहुत आलोचनात्मक ढङ्ग से विचार किया है। प्रो० मार्क्स म्युल्लेर ने प्राचीन संस्कृत साहित्य का इतिहास नामक ग्रन्थ में सूत्र साहित्य के सन्दर्भ में लिखा है—

"Every doctrine thus propounded, whether Grammar, metre, law or philosophy, is reduced to a mere skeleton. All the important points and joints of a system are laid open with the greatest precision and clearness, but there is nothing in these works like connection or development of ideas." (Page 37).

कोलेब्रूक ने भी इसी प्रकार का विचार व्यक्त किया है—

"Every apparent simplicity of design vanishes in the perplexity of the structure. The endless pursuit of exceptions and limitations so disjoins the general precepts, that the reader cannot keep in view their intended connection and mutual relation. He wonders in an intricate maze, and the clue to the labyrinth is continually slipping from his hands."

सूत्र रचनाओं में अनेक शताब्दियों के ज्ञान का भण्डार एकत्र किया गया है। वे शताब्दियों के चिन्तन, मनन और अध्ययन के परिणाम हैं और उन्हें जो रूप प्राप्त हुआ है वह भी अनेक शताब्दियों की अनवरत परम्परा का परिणाम है। धर्मसूत्रों को श्रुति के अन्तर्गत नहीं माना जाता है, जैसा कि इसके पूर्ववर्ती साहित्य—संहिता और ब्राह्मण—को माना जाता है। इस प्रकार

धर्मसूत्र अपौरुषेय न होकर पौरुषेय रचनाएँ हैं। यदि ब्राह्मणों और परवर्ती काल के मन्त्रों के साथ तुलना करें, तो हमें सूत्रों में ऐसी कोई बात नहीं मिलती जिसके कारण उन्हें श्रुति में सम्मिलित न किया जाय। हाँ, इसका एक ठोस कारण हो सकता है उनकी बाद के समय की रचना। इनके मनुष्यों द्वारा लिखित होने का स्पष्ट ज्ञान है, यथा—

"यथैव हि कल्पसूत्रग्रन्थानितरांगस्मृति-निबन्धनानि चाध्येत्रध्यापयितारः स्मरन्ति तथाश्वलायन-बौधायनापस्तम्बकात्यायनप्रभृतीन् ग्रंथकारत्वेन।"

श्रुति के विपरीत स्मृति में न केवल सूत्र रचनायें आती हैं, अपितु मनु, याज्ञवल्क्य, पाराशर आदि के श्लोक में निबद्ध ग्रंथ भी आते हैं, जिन्हें स्पष्टतः स्मृति कहा गया है।

स्मृति का आधार भी श्रुति ही है। श्रुति से स्वतन्त्र रूप में स्मृति की प्रामाणिकता नहीं होती। जैसा कि कुमारिल ने कहा है इसके नाम से ही यह तथ्य स्पष्ट है—

पूर्वविज्ञानविषयज्ञानं स्मृतिरिहोच्यते।
पूर्वज्ञानाद्विना तस्याः प्रामाण्यं नावधार्यते।

इस प्रकार सूत्रों के दो विस्तृत वर्ग किये जाते हैं—श्रौतसूत्र और स्मार्तसूत्र। इनमें श्रौतसूत्र तो वे हैं जिनके स्रोत श्रुति में मिलते हैं और स्मार्त वे हैं जिनका कोई इस प्रकार का स्रोत नहीं है। यह स्मरणीय है कि जिन विषयों का विवेचन सूत्रों—श्रौत, गृह्य और सामयाचारिक सूत्रों—में किया गया है, उन्हीं का प्रतिपादन श्लोकबद्ध स्मृतियों में भी किया गया है। जैसा कि आगे बताया जायगा, इनका अन्तर विषय-वस्तु का नहीं, अपितु उनके काल और उनकी शैली का है।

वैदिक साहित्य में सूत्र साहित्य को वेदाङ्ग के अन्तर्गत कल्प शीर्षक में रखा गया है। चरणव्यूह के अनुसार—"शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्त छन्दो ज्योतिषम्' ये वेदाङ्ग हैं। आपस्तम्ब ने भी इन्हें इस क्रम में गिनाया है २.४.८ 'षडङ्गो वेदः कल्पो व्याकरणं ज्योतिषं निरुक्तं शिक्षा"। कल्प सबसे पूर्ण वेदाङ्ग है, इसके अन्तर्गत सूत्रों का विशाल भण्डार समाहित है। ये सूत्र यज्ञ के नियमों के विषय में हैं। इनके महत्व के विषय में मार्क्स म्युलेर ने ठीक ही कहा है :—कल्पसूत्रों का वैदिक साहित्य के इतिहास में अनेक कारणों से महत्व है। वे न केवल साहित्य के एक नये युग के द्योतक हैं और भारत के साहित्यिक एवं धार्मिक जीवन के एक नये प्रयोजन के सूचक हैं, अपितु उन्होंने अनेक ब्राह्मणों के लोप में योग दिया, जिनका अब केवल नाम ही ज्ञात है। यज्ञ का सम्पादन केवल वेद द्वारा, केवल कल्पसूत्र द्वारा ही हो

सकता था, किन्तु बिना सूत्रों की सहायता के ब्राह्मण या वेद के याज्ञिक विधान का ज्ञान पाना कठिन ही नहीं, असम्भव था। कुमारिल ने कल्पसूत्र के महत्त्व के विषय में कहा है—

वेदादृतेऽपि कुर्वन्ति कल्पैः कर्माणि याज्ञिकाः।
न तु कल्पैर्विना केचिन्मन्त्रब्राह्मणमात्रकात्॥

कल्पसूत्रों के महत्त्व के कारण ही इनके रचयिता स्वयं नयी शाखाओं के संस्थापक बन गये और उनकी शाखा में उनके सूत्र का ही प्रधान स्थान हो गया तथा ब्राह्मण और वेद का महत्त्व कुछ सीमा तक कम हो गया। यद्यपि सूत्र स्मृति थे, श्रुति नहीं, तथापि उन्हें स्वाध्याय के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया। विभिन्न चरणों एवं शाखाओं में सूत्र साहित्य के विकास के सम्बंध में यह उल्लेखनीय है कि कभी-कभी कल्पसूत्र शाखाओं के अन्तर्गत भिन्न होते है और कभी भिन्न नहीं होते हैं। शाखाओं के भेद का एक कारण उनके स्वाध्याय का भेद है। कुछ कारण सूत्रों की भिन्नता भी है। अतः कई स्थानों पर जहाँ शाखा का भेद है वहाँ सूत्र का भी भेद है। यही बात मह देव ने हिरण्यकेशिसूत्र की टीका में कही है—

'तत्र कल्पसूत्रं प्रतिशाखं भिन्नमभिन्नमपि क्वचित् शाखाभेदेऽध्ययनभेदाद्वा सूत्रभेदाद्वा। आश्वलायनीयं कात्यायनीयं च सूत्रं हि भिन्नाध्ययनयोर्द्वयोर्द्वयोः शाखयोरेकैकमेव। तैत्तिरीयके च समाम्नाये समानाध्ययने नाना सूत्राणि। अनेन च सूत्रभेदे शाखाभेदः शाखाभेदे च सूत्रभेद इति परम्पराश्रय इति नाशङ्क्यम॥'

इसी आचार्य ने अर्वाचीन कहे जाने वाले सूत्रों की प्राचीनता के विषय में भी एक नवीन बात कही है कि वे सूत्र भी जिनके रचयिता अर्वाचीन मालूम पड़ते हैं, वस्तुतः शाश्वत हैं और प्राचीन ऋषियों से निःसृत हैं।

'न हि सूत्राणां कर्तृसम्बन्धिसंज्ञातनी किन्तु नानाकल्पगतासु तत्तन्नामकर्षिव्यक्तिषु नित्या तत्प्रणीतसूत्रेषु च नित्यां जातिमवलंब्य तिष्ठति यथा पुरुषनामाङ्कितशाखासु संज्ञा।'

कल्पसूत्र मुख्यतः चार प्रकार के हैं—

१. श्रौतसूत्र—श्रौत अग्नि से होने वाले बड़े यज्ञों का विवेचन करने वाले सूत्र।

२. गृह्यसूत्र—गृह्य अग्नि में होने वाले घरेलू यज्ञ का, उपनयन, विवाह आदि संस्कारों का विवेचन करने वाले सूत्र।

३. धर्मसूत्र—चारों आश्रमों, चारों वर्णों तथा उनके धार्मिक आचारों का तथा राजा के कर्तव्यों का वर्णन करने वाले सूत्र।

४. शुल्बसूत्र—यज्ञ में वेदि आदि के निर्माण की विधि का वर्णन करने वाले सूत्र।

धर्म सूत्र

वैदिक साहित्य के एक महत्त्वपूर्ण अंग हैं—धर्मसूत्र। सामान्यतः, वैदिक साहित्य के अन्य ग्रन्थों के समान धर्मसूत्र भी प्रत्येक शाखा में अलग-अलग होते हैं, किन्तु अनेक शाखाओं के विशिष्ट धर्मसूत्र उपलब्ध नहीं हैं। धर्मसूत्र कल्प की परम्परा में आते हैं और कल्प का अर्थ है "वेद में विहित कर्मों का क्रमपूर्वक व्यवस्थित कल्पना करने वाला शास्त्र।" "कल्पो वेदविहितानां कर्मणामानुपूर्व्येण कल्पनाशास्त्रम्"—विष्णुमित्र, ऋग्वेद प्रातिशाख्य की वर्गद्वयवृत्ति, पृ० १३। इस प्रकार धर्मसूत्रों का अटूट सम्बन्ध यज्ञ-यागादि बड़े कर्मों, विवाह हत्यादि गृह्य कर्मों का प्रतिपादन करने वाले साहित्य के साथ है और इस कल्प साहित्य के सन्दर्भ में हमें श्रौतसूत्रों, गृह्यसूत्रों और धर्मसूत्रों का पारस्परिक सम्बन्ध ध्यान में रखना चाहिए। अनेक शाखाओं के विशिष्ट सूत्र साथ-साथ मिलते हैं। आश्वलायन, शांखायन तथा मानव शाखा के श्रौतसूत्र उपलब्ध हैं, किन्तु इनके धर्मसूत्र का अभाव है। जिन शाखाओं के सभी कल्पसूत्र उपलब्ध हैं उनमें प्रमुख हैं—बौधायन, आपस्तम्ब और हिरण्यकेशि। सभी शाखाओं के धर्मसूत्र उपलब्ध न होने का मुख्य कारण यह है कि कई शाखाओं ने पृथक् धर्मसूत्र रचने की आवश्यकता नहीं समझी और उन्होंने अन्य प्रमुख शाखा के धर्मसूत्र को ही अपना लिया। इसी बात का स्पष्ट निर्देश 'पूर्वमीमांसासूत्र' १, ३, ११ की तन्त्रवार्त्तिक व्याख्या में किया गया है, जिसके अनुसार सभी धर्मसूत्र और सभी गृह्यसूत्र सभी आर्यों के लिए प्रामाणिक और मान्य हैं। कल्पसूत्रों के रचयिता अपनी शाखा के नियमों का विधान करते हैं, किन्तु दूसरी शाखाओं के विकल्प-नियमों का भी अनुसरण करते हैं:—

"स्वशाखाविहितैश्चापि शाखान्तरगतान्विधीन्।
कल्पकारा निबध्नन्ति सर्व एव विकल्पितान्॥
सर्वशाखोपसंहारो जैमिनेश्चापि संमतः॥"

किन्तु यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कोई भी सूत्रकार अपनी ही शाखा से सन्तुष्ट न था।

"न च सूत्रकाराणामपि कश्चित् स्वशाखोपसंहारमात्रेणावस्थितः।"

धर्मसूत्रों के निर्माण का काल—

धर्मसूत्रों का विशेष महत्त्व इसलिए भी है कि वे सामाजिक जीवन की

रोचक झाँकी प्रस्तुत करते हैं। इन ग्रन्थों के टीकाकारों के उल्लेखों से परिलक्षित होता है कि धर्मसूत्र श्रौत और गृह्यसूत्रों से पहले विद्यमान थे। उदाहरण के लिए, श्रौतसूत्र में कहा गया है कि यज्ञोपवीत धारण करने के उपरान्त ही विशिष्ट यज्ञों का सम्पादन किया जा सकता है, किन्तु यज्ञोपवीत धारण करने अथवा उपनयन संस्कार की विधि नहीं बतायी गयी है और संकेत दिया गया है कि इसकी विधि धर्मसूत्रों से ज्ञात है। इसी प्रकार मुख, मुखशुद्धि (आचान्त) और सन्ध्यावन्दन के नियमों के ज्ञात होने का संकेत है, किन्तु इस तर्क को निर्णयात्मक नहीं माना जा सकता। इसके विपरीत धर्मसूत्रों को बाद के समय का सिद्ध करने वाले प्रमाण अधिक पुष्ट हैं जिनके अनुसार धर्मसूत्र, श्रौतसूत्र और गृह्यसूत्र के बाद के रचित ठहरते हैं। धर्मसूत्र के अतिरिक्त किसी अन्य सूत्र में शूद्र की स्थिति का स्पष्ट निर्देश नहीं है। धर्मसूत्रों में शूद्र की सामाजिक स्थिति पतित होकर उस अवस्था में पहुँची हुई है, जिस अवस्था में वह स्मृतियों में दिखायी पड़ती है।

अनेक स्थलों पर धर्मसूत्र गृह्यसूत्रों के विषय का ही प्रतिपादन करते हैं, किन्तु वे स्वतन्त्र रचनाओं के वर्ग में हैं और प्रामाणिकता में गृह्यसूत्रों के समकक्ष हैं। धर्मसूत्रों का रचनाकाल निश्चित करने के लिए जब हम इनके पूर्ववर्ती साहित्य पर दृष्टिपात करते हैं तो देखते हैं कि निरुक्त ३-४-५ में रिक्थाधिकार के प्रश्न पर अनेक मतों का उल्लेख किया गया है—

'अथैतां जाय्या रिक्थप्रतिषेध उदाहरन्ति ज्येष्ठं पुत्रिकाया इत्येके।'

यास्क ने इस विषय में वैदिक अंशों का संकेत तो किया ही है, साथ ही उन्होंने एक श्लोक का भी निर्देश किया है, जिससे ज्ञात होता है कि यास्क के समय में धर्मसम्बन्धी ग्रन्थ विद्यमान थे—

"तदेतावृक् श्लोकाभ्यामभ्युक्तम्। अङ्गादङ्गात्सम्भवसि·····स जीव शरदः शतम्।"

अविशेषेण पुत्राणां दायो भवति धर्मतः।
मिथुनानां विसर्गादौ मनुः स्वायम्भुवोऽब्रवीत्॥

इस प्रकार यदि यह स्वीकार कर लें कि यास्क के पहले धर्मशास्त्र के ग्रन्थ विद्यमान थे, तो धर्मसूत्रों की तिथि काफी पहले माननी पड़ेगी। इतना तो निश्चित है कि धर्मसूत्रों में प्राचीनतम—गौतम, बौधायन और आपस्तम्ब के धर्मसूत्र—ई० पू० ३०० और ६०० के बीच के हैं। इन सूत्रकारों ने धर्मशास्त्रों के स्पष्ट उल्लेख किये हैं। विशेषतः, गौतमधर्मसूत्र में, जो प्राचीनतम धर्मसूत्र है, धर्मशास्त्र और धर्मशास्त्रकारों का निर्देश बहुशः हुआ है—

'तस्य च व्यवहारो वेदो धर्मशास्त्राण्यङ्गानि उपवेदाः पुराणम् ॥'

१-९-२१ ।

'चत्वारश्चतुर्णां पारगा वेदानां प्रागुक्तमास्त्रय आश्रमिणः

पृथग्धर्मविदस्त्रय एतान्दशावरान्परिषदित्याचक्षते ।' ३-१०-४७

'त्रीणि प्रथमान्यनिर्देशगामीनि' ३,३,७ ।

इसी प्रकार कई धर्मशास्त्रकारों के मतों के उल्लेख गौतम ने '३ लोक' कहकर किया है, जैसे प्रथम प्रश्न में २-१५ में, २-५८, ३-१, ४-२१, ७-२३ में । मनु तथा आचार्यों का भी निर्देश है—

"ऐकाश्रम्यं त्वाचार्याः प्रत्यक्षविधानाद् गार्हस्थ्यस्य" १,३,३५ ।

"वर्णान्तरगमनमुत्कर्षाभ्यां सप्तमे पञ्चमे वाऽऽचार्याः" १.४.१८ ।

अन्य सूत्रकारों ने भी दूसरे धर्मशास्त्रकारों का सामान्य अभिधान से या नामतः उल्लेख किया है । पतंजलि ने भी 'धर्मशास्त्रं च तथा' एवं जैमिनि ने भी 'शूद्रश्च धर्मशास्त्राधात्'—पूर्वमीमांसा ६.७.६ वाक्यों द्वारा धर्मसूत्रों का निर्देश किया है और जैसा कि डॉ० काणे ने इन प्रमाणों से निष्कर्ष निकाला है 'धर्मशास्त्र यास्क के पूर्व उपस्थित थे, कम से कम ६००-३०० के पूर्व तो वे थे ही और ईसा की द्वितीय शताब्दी में वे मान्य आचार के लिए सबसे बड़े प्रमाण माने जाते थे ।'

—धर्मशास्त्र का इतिहास, प्रथम खण्ड, अनु० आचार्य काश्यप, पृ० ८ ।

सूत्र ग्रन्थों और श्लोकबद्ध धर्मग्रन्थों के आपेक्षिक काल के विषय में विद्वानों में मतभेद और विवाद है । प्रो० माक्स म्युल्लेर एवं दूसरे विद्वान् यथा डॉ० भण्डारकर यह मानते हैं कि सूत्रों की रचना के बाद अनुष्टुभ् छन्द वाले धर्मग्रन्थों की रचना हुई । डॉ० काणे का यह मत स्वीकार नहीं है, क्योंकि प्राचीन ग्रन्थों के विषय में हमारा ज्ञान अल्प है तथा श्लोक छन्द वाले कुछ ग्रन्थ, जैसे मनुस्मृति, कुछ धर्मसूत्रों यथा-विष्णुधर्मसूत्र से प्राचीन हैं और वशिष्ठधर्मसूत्र के समय का है । इसी प्रकार कुछ पुराने सूत्रों यथा बौधायन-धर्मसूत्र में भी श्लोक उद्धृत है । 'इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि श्लोकबद्ध ग्रन्थ धर्मसूत्रों से पूर्व भी विद्यमान थे'—काणे, वही, पृ० ९ ।

गौतमधर्मसूत्र—

धर्मसूत्रों में प्राचीनतम गौतम धर्मसूत्र है । यह केवल गद्य में है तथा इसमें श्लोक का कोई उद्धरण नहीं दिया गया है, जबकि दूसरे धर्मसूत्रों में श्लोक का उद्धरण आ जाता है । इसकी प्राचीनता के कई प्रमाण हैं—इसका उल्लेख बौधायन धर्मसूत्र में किया गया है । यह तीन प्रश्नों में विभक्त है,

जिनमें क्रमशः नौ, नौ, दस अध्याय हैं। विस्तृत समालोचना के लिए चौखम्बा से प्रकाशित मेरे अनुवाद से युक्त संस्करण देखें।

बौधायन धर्मसूत्र—

बौधायन का धर्मसूत्र चार प्रश्नों में विभक्त है, इनमें अन्तिम प्रश्न परिशिष्ट माना जाता है और उसे बाद के समय की रचना मानते हैं। यह आपस्तम्ब धर्मसूत्र से पहले के समय का है। इसमें दो बार गौतम के नाम का तथा एक बार उनके धर्मसूत्र का उल्लेख आता है। बौधायन ने अनेक आचार्यों के नाम गिनाये हैं तथा उपनिषदों के उद्धरण दिये हैं। कुमारिल ने बौधायन को आपस्तम्ब के बाद के समय का माना है। बौधायन का काल ई० पू० २००—५०० के बीच माना जाता है। मेरे हिन्दी अनुवाद सहित चौखम्बा से प्रकाशित संस्करण में इसके अनेक पहलुओं पर समीक्षात्मक दृष्टि डाली गयी है।

आपस्तम्ब धर्मसूत्र—

इस धर्मसूत्र में दो प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक में ११ पटल हैं। सभी सूत्रों में यह छोटा है और इसकी शैली बड़ी चुस्त है। भाषा भी पाणिनि से बहुत पहले की है। अधिकांश सूत्र गद्य में हैं, किन्तु यत्र-तत्र श्लोक भी हैं। इसका सम्बन्ध पूर्वमीमांसा से दिखायी पड़ता है। यह बहुत प्रामाणिक माना जाता रहा है। इसका समय ६००—३०० ई० पू० स्वीकार किया गया है।

हिरण्यकेशि धर्मसूत्र—

हिरण्यकेशि कल्प का २६ वाँ और २७ वाँ प्रश्न है। प्रायः इसे स्वतन्त्र धर्मसूत्र नहीं माना जाता, क्योंकि इसमें आपस्तम्ब धर्मसूत्र से सैकड़ों सूत्र लिये गये हैं।

वसिष्ठ धर्मसूत्र—

इसके कई संस्करण हैं। जीवानन्द के संस्करण में ३० अध्याय हैं तथा ३१ वें अध्याय का कुछ अंश है। इसके अतिरिक्त इसके ३० अध्यायों, ६ अध्यायों एवं २१ अध्यायों के अलग-अलग संस्करण भी हैं। इससे पता चलता है कि यह कालान्तर में परिवृंहित, परिवर्द्धित और परिवर्तित होता रहा है। इसका समय ३००—२०० ई० पू० है।

विष्णु धर्मसूत्र—

इस सूत्र में १०० अध्याय हैं, किन्तु सूत्र छोटे हैं। पहला अध्याय और अन्त के दो अध्याय पद्य में हैं। शेष में गद्य है या गद्य और पद्य का मिश्रण।

इसका सम्बन्ध यजुर्वेद की कठ शाखा से बताया गया है। इसमें भिन्न-भिन्न कालों के अंश दृष्टिगोचर होते हैं, जिससे इसका काल निश्चित करना कठिन होता है। इसके आरम्भ के अंशों का समय ३००–१०० ई० पू० के बीच माना जा सकता है। इसमें भगवद्गीता, मनुस्मृति तथा याज्ञवल्क्यस्मृति से बहुत सी बातें ली गयी हैं।

हारीत धर्मसूत्र—

इस सूत्र का ज्ञान उद्धरणों से मिलता है। अनेक धर्मशास्त्रकारों ने इनका उल्लेख किया है। इसमें गद्य के साथ अनुष्टुप् एवं त्रिष्टुप् छन्द का प्रयोग है। हारीत का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद से है, किन्तु उन्होंने सभी वेदों से उद्धरण लिये हैं। इससे यह भी ज्ञात होता है कि वे किसी एक वेद से सम्बद्ध नहीं थे।

शङ्खलिखित-धर्मसूत्र—

यह शुक्लयजुर्वेद की वाजसनेयि शाखा का धर्मसूत्र था। 'तन्त्रवार्तिक' में इस सूत्र के अनुष्टुप् श्लोकों का उद्धरण है। याज्ञवल्क्य और पाराशर ने इनका उल्लेख किया है। जीवानन्द के स्मृति-संग्रह में इस धर्मसूत्र के १८ अध्याय एवं शङ्खस्मृति के ३३० तथा लिखित स्मृति के ९३ श्लोक पाये जाते हैं। यह धर्मसूत्र गौतम एवं आपस्तम्ब के बाद के काल का है और इसकी रचना का समय ई० पू० ३०० से १०० ई० के बीच है।

अन्य सूत्र ग्रन्थ—

अनेक धर्मसूत्र धर्मविषयक ग्रन्थों में विकीर्ण हैं। उनमें इन आचार्यों के सूत्र-ग्रन्थ गिनाये जाते हैं—अत्रि, उशना, कण्व एवं काण्व, कश्यप एवं काश्यप, गार्ग्य, च्यवन, जातूकर्ण्य, देवल, पैठीनसि, बुध, बृहस्पति, भरद्वाज एवं भारद्वाज, शातातप, सुमन्तु आदि।

धर्मसूत्रों का वर्ण्यविषय—

धर्मसूत्रों का मुख्य वर्ण्यविषय है 'आचार, विधि-नियम एवं क्रियासंस्कार।' ये इन्हीं का विधिवत् विवेचन करते हैं। निश्चय ही, धर्मसूत्र कभी-कभी गृह्य-सूत्रों के प्रतिपाद्य विषयों के भी क्षेत्र में पहुँच जाते हैं, किन्तु ऐसा कम स्थलों पर हुआ है। गृह्यसूत्रों का ध्येय गृह्ययज्ञ, प्रातः-सायं पूजन, पके हुए भोजन की बलि, वार्षिक यज्ञ, विवाह, पुंसवन, जातकर्म, उपनयन एवं दूसरे संस्कार, छात्रों एवं स्नातकों के नियम, मधुपर्क और श्राद्धकर्म का वर्णन करना तथा इनकी विधियों को स्पष्ट करना है। इस प्रकार गृह्यसूत्रों का स्पष्ट सम्बन्ध घरेलू जीवन तथा व्यक्तिगत जीवन से है। ये कर्त्तव्यों (Duties) और कानून

(Laws) को अपना विषय नहीं बनाते। इनके विपरीत, धर्मसूत्र मनुष्य को समाज में लाकर खड़ा कर देता है, जहाँ उसे व्यावहारिक जगत् में दूसरों के साथ रहते हुए अपने आचार-व्यवहार को नियमित और संयमित करना है, उसे कुछ कर्त्तव्यों एवं दायित्वों का पालन करना होता है, कुछ अधिकार प्राप्त करते होते हैं और अपने अपराधों के लिए दण्ड भोगने होते हैं। इस प्रकार धर्मसूत्रों का वातावरण अधिक सामाजिक और नैतिक है। जैसा हम कह आये हैं धर्मसूत्रों में गृह्यसूत्रों के कुछ विषयों पर भी विचार किया गया है जैसे विवाह, संस्कार, मधुपर्क, स्नातक का जीवन, श्राद्धकर्म आदि। संक्षेप में धर्मसूत्रों के वर्ण्यविषय की सूची इस प्रकार दी जा सकती है :—धर्म और उसके उपादान, चारों वर्णों के आचार और कर्त्तव्य एवं जीवनवृत्तियाँ, ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास आश्रमों के आचार, उपजातियाँ एवं मिश्रित जातियाँ, सपिण्ड और सगोत्र, पाप और उनके प्रायश्चित्त एवं व्रत, अशौच और उससे शुद्धि, ऋण, ब्याज, साक्षी और न्यायव्यवहार, अपराध और उनके दण्ड, राजा और राजा के कर्त्तव्य, स्त्री के कर्त्तव्य, पुत्र और दत्तक पुत्र, उत्तराधिकार, स्त्रीधन और सम्पत्ति का विभाजन।

धर्मसूत्र और स्मृतियाँ—

'स्मृति' शब्द का प्रयोग श्रुति अर्थात् वेद के ईश्वर प्रकाशित एवं ऋषिदृष्ट वाङ्मय से भिन्न साहित्य के लिये हुआ है। श्रुति और स्मृति के विषय में आगे धर्म के स्वरूप का विवेचन करते समय विचार किया गया है। उपर्युक्त अर्थ के अनुसार धर्मसूत्र भी स्मृति ग्रन्थ है :

"श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः।" मनु० २.१०

किन्तु संकुचित अर्थ में स्मृति से धर्मशास्त्र की उन रचनाओं का तात्पर्य है जो प्रायः श्लोकों में हैं और उन्हीं विषयों का विवेचन करती हैं, जिनका प्रतिपादन धर्मसूत्रों में किया गया है। इन स्मृतियों में अग्रणी हैं—मनु और याज्ञवल्क्य की स्मृतियाँ। 'मनुस्मृति' सबसे प्राचीन है और ईसा से कई सौ वर्ष पहले रची गयी थी। अन्य स्मृतियाँ ४०० और १००० के बीच की हैं। स्मृतिकारों की संख्या विस्तृत है, मुख्य स्मृतिकार १८ हैं, इनके अतिरिक्त २१ अन्य स्मृतिकार हैं, जिनके नाम वीरमित्रोदय ने गिनाये हैं।

डॉ० काणे ने अपने धर्मशास्त्र के इतिहास में धर्मसूत्रों एवं स्मृतियों के प्रमुख लक्षण स्पष्टतः निर्दिष्ट किये हैं, जिन्हें यहाँ साभार उल्लिखित करना असंगत नहीं होगा।

१. अनेक धर्मसूत्र किसी चरण के, कल्प के अंग हैं, अथवा उनका गहरा सम्बन्ध गृह्यसूत्रों से है।

२. धर्मसूत्रों में कभी-कभी अपने चरण तथा अपने वेद के उच्चरण विशेषतः दिये गये हैं।

३. प्राचीन धर्मसूत्रों के रचयिताओं को ऋषियों का ओहदा प्राप्त नहीं है और न वे अपने को मानवीय धरातल से ऊपर उठे हुए अलौकिक बताते हैं, इसके विपरीत मनु और याज्ञवल्क्य जैसे स्मृतिकारों को मानव से ऊपर दैवी शक्ति से संपन्न दर्शाया गया है।

४. धर्मसूत्र प्रायः गद्य में हैं या कहीं-कहीं मिश्रित गद्य और पद्य में हैं, किन्तु स्मृतियाँ श्लोकों में या पद्यबद्ध हैं।

५. भाषा की दृष्टि से धर्मसूत्र स्मृतियों के पहले के हैं, और स्मृतियों की भाषा अपेक्षाकृत अर्वाचीन है।

६. विषयवस्तु के विन्यास की दृष्टि से भी उनमें भेद है। धर्मसूत्रों में विषय की व्यवस्था, क्रम या तारतम्य का अनुसरण नहीं करती, किन्तु स्मृतियाँ अधिक व्यवस्थित और सुगठित हैं, उनमें विषयवस्तु मुख्यतः तीन शीर्षकों में विभक्त है—आचार, व्यवहार और प्रायश्चित्त।

७. बहुत बड़ी संख्या में धर्मसूत्र अधिकतम स्मृतियों से प्राचीन हैं।

धर्म

धर्म शब्द का वास्तविक अर्थ जानने के लिये जब हम अपने प्राचीनतम साहित्य 'ऋग्वेद' का अवलोकन करते हैं तो हम देखते हैं कि इस शब्द का प्रयोग विशेषण या संज्ञा शब्द के रूप में हुआ है। प्रायः यह शब्द 'धर्मन्' है और इसका प्रयोग नपुंसकलिंग में हुआ है। 'धर्मन्' शब्द का प्रयोग निम्नलिखित स्थलों पर हुआ है—ऋग्वेद—१.२२.१८; १.१६४. ४३, ५०; ३.३.१; ३.१७.१; ३.६०.६; ५.२६.६; ५.६३.७; ५.७२.२। अथर्ववेद में १४.१.५१ वाजसनेयि-संहिता में १०.२९ और धर्म शब्द का प्रयोग अथर्ववेद में ११.७.१७ और १२.५.७, १.३.१ तैत्तिरीयसंहिता ३.५.२.२ वाजसनेयिसंहिता १५.६, २०.९.३०.६। अधिकतर वैदिक साहित्य में धर्म का अर्थ है 'धार्मिक विधि' 'धार्मिक क्रिया', 'निश्चित नियम', 'आचरण नियम', जैसा कि इन प्रयोगों से स्पष्ट है :

'पितुं न स्तोषं महो धर्माणं तविषीम्' १.१८७. १

'इममञ्जस्पामुभये अकृण्वत धर्माणमग्निं विदथाय साधनम्'

'आ प्र रजांसि दिव्यानि पार्थिवा श्लोकं देवः कृणुते स्वाय धर्मणे'

'धर्मणा मित्रावरुणा विपश्चिता व्रता रक्षेथे असुरस्य मायया।' ५.६३.७

'द्यावापृथिवी वरुणस्य धर्मणा विष्कभिते अजरे भूरिरेतसा।' ६.७०.१

'अविन्ती यत्तव धर्मा युयोपिम मा नस्तस्मादेनसो देव रीरिषः । ७.८१.५

'सनता धर्माणि' ३.३.१

'प्रथमा धर्मा' ३.१७.१

'तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्' १०.९०.१६

अथर्ववेद के निम्नलिखित मन्त्र में धर्म का अर्थ 'पुण्यफल' प्रतीत होता है।

ऋतं सत्यं तपो राष्ट्रं श्रमो धर्मश्च कर्म च ।

भूतं भविष्यदुच्छिष्टे वीर्यं लक्ष्मीर्बलं जले ॥ ९.९.१७

किन्तु आगे चलकर धर्म वर्णाश्रम की विधियों के समीप आ जाता है। उपनिषद् काल में धर्म द्वारा वर्ण और आश्रमों के आचारों एवं संस्कारों का स्पष्ट बोध होता था यह तथ्य छान्दोग्योपनिषद् २.२३ से सिद्ध होता है—

'त्रयो धर्मस्कन्धा यज्ञोऽध्ययनं दानमिति प्रथमस्तप एवेति द्वितीयो ब्रह्मचार्यकुलवासी तृतीयोऽत्यन्तमात्मानमाचार्यकुले अवसादयन्। सर्व एते पुण्यलोका भवन्ति ब्रह्म संस्थोऽमृतत्वमेति ।'

धर्म को जिस रूप में धर्मशास्त्रों में—धर्मसूत्रों और स्मृतियों में वर्णित किया गया है उसके अन्तर्गत चार प्रकार के धार्मिक नियमों का निर्देश किया जा सकता है : १. वर्णधर्म २. आश्रमधर्म ३. नैमित्तिकधर्म जैसे प्रायश्चित्त, ४. गुणधर्म, राजा के कर्त्तव्य ।

धर्म की कुछ परिभाषाएँ बहुत प्रचलित हैं, जिनका उल्लेख करना उचित होगा ।

'चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः' अर्थात् वेद में बताये गये प्रेरक नियम और लक्षण धर्म हैं, उन नियमों का आचरण ही धर्म का आचरण है ।

—जैमिनि, पूर्वमीमांसासूत्र १.१.२

वैशेषिकसूत्र में धर्म उसे माना गया है जिससे अभ्युदय और निःश्रेयस की सिद्धि होती है—'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः ।

'श्रुतिप्रमाणको धर्मः' हारीत, कुल्लूक, मनु० २-१ की टीका ।

'श्रुतिस्मृतिविहितो धर्मः'—श्रुति और स्मृति द्वारा विहित आचरण धर्म है ।—वसिष्ठधर्मसूत्र १.४.६ ।

इन कतिपय परिभाषाओं से यही ज्ञात होता है कि भारतीय धर्म का मूल है वेद और स्मृति, और इनको प्रमाण मानकर विहित नियम या आचार ही धर्म हैं। धर्म के इन उपादानों और आधारों पर विचार करना आवश्यक है ।

धर्म के उपादान—

धर्म के उपादानों या स्रोतों का उल्लेख प्रायः नियमपूर्वक प्रत्येक धर्मसूत्र और स्मृति में किया गया है । गौतमधर्मसूत्र में यह स्पष्टतः कहा गया है कि

वेद धर्म का मूल है—'वेदो धर्ममूलम् । तद्विदां च स्मृतिशीले ।' आपस्तम्ब-धर्मसूत्र—'धर्मसमयः प्रमाणं वेदाश्च' १.१.१.२ । धर्म को जानने वाले वेद का मर्म समझने वाले व्यक्तियों का मत ही वेद का प्रमाण है । इसी प्रकार वशिष्ठधर्मसूत्र में भी, जिसकी धर्म की परिभाषा का ऊपर उल्लेख किया गया है, श्रुति और स्मृतिद्वारा विहित आचरण नियमों को धर्म माना गया है । तथा उसके अभाव में शिष्टजनों के आचार को प्रमाण माना गया है ।

"श्रुतिस्मृतिविहितो धर्मः । तदलाभे शिष्टाचारः प्रमाणम् । शिष्टः पुनरकामात्मा ।"

इसी प्रकार मनुस्मृति में वेद, स्मृति, वेदज्ञों के आचरण के अलावा आत्मा की तुष्टि को भी धर्म का मूल कहा गया है—

'वेदोऽखिलो धर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम् ।
आचारश्चैव साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च ॥' २.६

'याज्ञवल्क्यस्मृति' में उपर्युक्त के साथ-साथ उचित संकल्प से उत्पन्न अभिलाषा या इच्छा को भी धर्म का मूल स्वीकारा गया है :—

'श्रुतिः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः ।
सम्यक् संकल्पजः कामो धर्ममूलमिदं स्मृतम् ॥ १.७

इस प्रकार धर्म के उपादान, स्रोत, मूल या प्रमाण स्वयं धर्मशास्त्रों की दृष्टि में ये हैं : १—वेद, २—वेद से भिन्न परम्परागत ज्ञान अर्थात् स्मृति, ३—श्रेष्ठ लोगों के आचार विचार ४—अपनी विवेक बुद्धि से स्वयं को रुचिकर लगने वाला आचरण और उचित संकल्प से उत्पन्न इच्छा ।

वेद और धर्मशास्त्रों पर दृष्टिपात करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि धर्मशास्त्रों में जो कुछ भी कहा गया है उसका आधार वेद ही है और वेद की मान्यताओं के अनुसार ही धर्मसूत्रों के नियमों की रचना हुई । वेद की संहिताओं में और ब्राह्मण ग्रन्थों में धर्मसूत्रों के विषयों का प्रसंगतः उल्लेख प्रचुर मात्रा में मिलता है, जैसे विवाह, उत्तराधिकार, श्राद्ध, स्त्री की स्थिति आदि । संहिताओं और ब्राह्मणों में जिस समाज और सभ्यता का दर्शन होता है वह धर्मशास्त्र की व्यवस्थाओं की व्यावहारिक पृष्ठभूमि है । आख्यानों में भी नियमों का पोषण हुआ दिखायी पड़ता है जिनका उपदेश धर्मशास्त्रों ने दिया है । ब्रह्मचर्य का महत्व, उत्तराधिकार और सम्पत्ति का विभाजन, यज्ञ और अतिथि-सत्कार ऐसे ही विषय हैं, जिन पर धर्मसूत्रों से पूर्ववर्ती वैदिक साहित्य में भी अनेक स्थलों पर विचार हुआ है । जैसा कि म० म० काणे ने कहा है : 'कालान्तर में धर्मशास्त्रों में जो विधियाँ बनलायी गयीं, उनका मूल वैदिक साहित्य में अक्षुण्ण रूप में पाया जाता है । धर्मशास्त्रों

ने वेद को जो धर्म का मूल कहा है वह उचित ही है।'—धर्मशास्त्र का इतिहास पृ० ७, अनु० अ० काश्यप।

भारतीय धर्म का स्वरूप—

भारतीय संस्कृति और विशेषतः धर्म पर भिन्न-भिन्न विचारकों ने भिन्न-भिन्न प्रकार से दृष्टिपात किया है। कुछ ने इसके मर्म को समझा है तो कुछ ने इसके वास्तविक तत्व को जाने बिना अपनी आलोचनात्मक प्रतिभा का दुरुपयोग मात्र किया है। वस्तुतः, भारतीय धर्म या हिन्दू धर्म को किसी एक विशेष शब्द द्वारा नहीं व्यक्त किया जा सकता। जान मेकेंजी ने यह परामर्श ठीक ही दिया है कि धर्म में 'रिलीजन', 'वर्च्यू', 'ला' और 'ड्यूटी,' अंग्रेजी के इन चारों पदों का अर्थ समाहित समझना चाहिये। 'हिन्दू पुथिक्स' नामक पुस्तक के पृ० ३८ पर वे कहते हैं :—

"In India in those days no clear distinction was drawn between moral and religious duty, usage, customary observance and law and dharma was the term which was applied to the whole complex forms of conduct that were settled or established."

परन्तु मेकेंजी साहब का यह कथन भ्रमपूर्ण है कि हिन्दू ने धर्म को अन्य सभी व्यवस्थित नियमों से पृथक नहीं किया, मानो ऐसा अज्ञानवश किया गया हो। वस्तुस्थिति तो यह है कि हिन्दू धर्म में धर्म बहुत व्यापक रहा है। वह जीवन के विविध पक्षों के पार्थक्य को ज्ञानपूर्वक समाप्त करता है। समन्वय उसका मूलमन्त्र है। मानवजीवन के चार पुरुषार्थ समन्वित होकर ही उपयोगी बनते हैं अलग-अलग नहीं। हिन्दू धर्म कोरा आदर्शवादी नहीं है। अपितु वह व्यावहारिक जीवन में वास्तविक और आदर्श का समन्वय करता है। यह धर्म मनुष्य से भिन्न नहीं है, अलग नहीं है। यह उसकी मौलिक अर्हता है, जिसके अभाव में मनुष्य मनुष्य नहीं रह जाता। पशु में और धर्महीन मनुष्य में कोई भेद नहीं रह जाता, अतः भारतीय धर्म मनुष्य के समूचे व्यक्तित्व से सम्बद्ध है। वह उसके छोटे-छोटे कार्यों पर भी दृष्टिपात करता है और उनका नियमन करता है। मनुष्य को प्रत्येक स्थिति और अवस्था के परिप्रेक्ष्य में देखता है—सुख में, दुःख में, समृद्धि में और विपत्ति में भी। उसके सामाजिक, पारिवारिक, वैयक्तिक और पारलौकिक जीवन पर विचार करता है। भारतीय धर्म मनुष्य से सम्बद्ध सभी बातों पर इस प्रकार दृष्टिपात करता है और उन्हें इस प्रकार व्याप्त करता है कि सम्पूर्ण जीवन धर्ममय प्रतीत होता है। संस्कारों की शृङ्खला रेलगाड़ी की पटरी की तरह

बनायी गयी है, जिससे जीवन की गाड़ी उतरने पर अनर्थ ही होता है। मानव जीवन की अवधि में भिन्न-भिन्न अवस्था में उस अवस्था के उपयुक्त आश्रमों का विधान संस्कारों की व्यवस्था को और भी पुष्टि प्रदान करता है।

धर्म के जीवन के साथ तादात्म्य इतना स्पष्ट है कि पाश्चात्य विद्वान भी भारतीय धर्म के इस अनूठे स्वरूप से प्रभावित होते हैं। प्रो० मार्क्स म्युल्लेर ने इस रूप को सही ढंग से समझा है और अपना विचार व्यक्त करते हुये लिखा है : 'प्राचीन भारतवासियों के लिये सबसे पहले धर्म अनेक विषयों के बीच एक रुचि का विषय नहीं था, यह सबका आत्मार्पण करने वाली रुचि थी। इसके अन्तर्गत न केवल पूजा और प्रार्थना आती थी, परन्तु वह सब भी आता था जिसे हम दर्शन, नैतिकता, कानून और शासन कहते हैं—सभी धर्म से व्याप्त थे। उनका सम्पूर्ण जीवन उनके लिए एक धर्म था और दूसरी चीजें मानो इस जीवन की भौतिक आवश्यकताओं के लिये निर्मित मात्र थीं।'

—ह्वाट कैन इण्डिया टीच अस, पृ० १०७।

'धर्मो रक्षति रक्षितः' धर्म की रक्षा करने पर धर्म मनुष्य की रक्षा करता है, धर्महीन उच्छृङ्खल जीवन विनाश की ओर ले जाता है। जीवन को एक उद्देश्य प्रदान करता है, उसे एक सुनिश्चित मार्ग प्रदान करता है, जिस पर चलकर आदमी अपना विकास कर सकता है, जीवन के कर्तव्यों का पालन कर सकता है। साथ ही इस जीवन से परे दूसरे जीवन की स्पृहा से प्रेरित होता है। परलोक की यह स्पृहा कल्पना की तरंग में बहते हुए कवि की कृति नहीं, वास्तविक जीवन की अनुभूति की अभिव्यक्ति है। इसी पारलौकिक स्पृहा को कवि वर्डस्वर्थ ने इन शब्दों में व्यक्त किया है—

"Those obstinate questionings of sense and outward things, falling from us, vanishings, blank misgivings of a creature moving about in worlds not realised."

मार्क्स म्युल्लेर ने भारतीय चरित्र की विशेषता यह बतायी है कि वह पारलौकिक होता है : 'यदि मुझसे एक शब्द में भारतीय चरित्र की विशेषता बताने को कहा जाय तो मैं यही कहूँगा कि वह पारलौकिक था।'—'भारतीय चरित्र में इस पारलौकिक मनोवृत्ति ने अन्य किसी देश की अपेक्षा अधिक प्राधान्य प्राप्त किया।'

—ह्वाट कैन इण्डिया टीच अस, पृ० १०४, १०५।

भारतीय धर्म और दर्शन एक दूसरे से पृथक् नहीं हैं, अपितु एक ही वस्तु के दो पहलू हैं। यद्यपि इन दोनों में इतना अन्तर अवश्य है कि धर्म में विश्वास और भावना मुख्य होती है, जबकि दर्शन में विचार और तर्क प्रमुख

होते हैं। भारतीय धर्म का दर्शन एवं नीति से कितना अनोखा सम्बन्ध है, इसे हम आचार की महत्ता पर विचार करते समय देखेंगे। धर्म के साथ अर्थ, काम, मोक्ष का सम्बन्ध भारतीय जीवन का उद्देश्य है, और इस कारण यह धर्म सन्तुलित रूप में आदर्शवादी है और यथार्थवादी भी। लौकिक है और पारलौकिक भी, आध्यात्मिक है और भौतिक भी। वह आचरण की वस्तु है। आचार उसका मूलाधार है। उसकी नींव गहरी है और उसके कुछ मौलिक तत्व हैं, जो उसे स्थायित्व प्रदान करते हैं। एक पाश्चात्य आलोचक ने इसी बात का संकेत इन वाक्यों में किया है :—"भारत का आध्यात्मिक इतिहास उसके अत्यन्त मौलिक विचार से घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध है और यह बात सोची भी नहीं जा सकती कि इस प्रकार की संस्कृति जो हजारों वर्षों से भारत में फूलती-फलती रही है, इतनी गहरी जड़ों पर आधारित होती और स्वयं को इतनी दृढ़ता से बनाये रखती अगर इसमें महान् एवं चिरस्थायी मूल्य वाले तत्व निहित न होते।"

भारतीय धर्म में मानवीय प्रतिभा के विकसित रूप का उपयोग दिखायी देता है, उसमें मानवजीवन की अनेक समस्याओं पर भलीभाँति विचार करके व्यवस्था दी गयी है। मार्क्स म्युलेर ने भारतीय धर्म और संस्कृति की उपलब्धियों का इन शब्दों में उल्लेख किया है :—

"If I were asked under what sky the human mind has fully developed some of its choicest gifts, has most deeply pondered on the greatest problems of life, and has found solutions of some of them which well deserve the attention even of those who have studied Plato and Kant—I should point to India.

—What can India Teach Us, p. 6

आचार इस धर्म का मूल है और धर्म के ज्ञान के साथ उसका अनुष्ठान और व्यवहार ही उसके वास्तविक प्रयोजन को सिद्ध करते हैं। गौतम धर्मसूत्र के शब्दों में—

"धर्मिणां विशेषेण स्वर्गं लोकं धर्मविदाप्नोति ज्ञानाभिनिवेशाभ्याम्"। इस धर्म का शाश्वत सन्देश है :—

"धर्मं चरत माधर्मं सत्यम् वदत मानृतम्।
दीर्घं पश्यत मा ह्रस्वं परं पश्यत मापरम्॥" वसिष्ठ ध० सू०

"धर्म का आचरण करो, अधर्म का नहीं। सत्य बोलो, झूठ मत बोलो। दूर तक देखो, संकुचित दृष्टि मत रखो, हीन वस्तु देखकर अपना विचार हीन मत बनाओ, श्रेष्ठ वस्तु को देखो और जीवन का लक्ष्य सदा ऊँचा से ऊँचा बनाये रखो।"

आचार और नैतिक भावना

भारतीय संस्कृति का मूल आधार आचार है। आचार के आधार पर ही हिन्दू समाज का निर्माण हुआ था और जब तक व्यावहारिक जीवन में इस आधार को प्राधान्य मिला, तब तक समुन्नति तथा समृद्धि का समय बना रहा। धर्म का व्यावहारिक पहलू है आचार और इसी कारण इसे परम धर्म भी कहा गया है, धर्म की आधार शिला कहा गया है :

"आचारः परमो धर्मः सर्वेषामिति निश्चयः।
हीनाचारपरीतात्मा प्रेत्य चेह च नश्यति॥" वसिष्ठधर्मसूत्र ६।१

आचार से हीन व्यक्ति के लिए लोक में कोई सुख नहीं है और उसे दूसरे लोक में भी सुख की प्राप्ति नहीं होती। कोई व्यक्ति वेद और शास्त्रों के ज्ञान में चाहे हो पारंगत हो यदि आचार से भ्रष्ट है तो सम्पूर्ण धर्मज्ञान उसे कोई लाभ नहीं पहुँचाते और न आनन्द ही देते हैं जैसे अन्धे के हृदय में उसकी सुन्दर प्रियतमा भी कोई, सौन्दर्यानुभूति का सुख उत्पन्न नहीं करती।

"आचारहीनस्य तु ब्राह्मणस्य वेदाः षडङ्गास्त्वखिलाः सयज्ञाः।
कां प्रीतिमुत्पादयितुं समर्था अन्धस्य दारा इव दर्शनीयाः"॥ वही, ६।४

इस प्रकार धर्मशास्त्रों का आग्रह आचार के प्रति बराबर रहा है और वे आचार को सम्मान, दीर्घ जीवन और सुख का कारण मानते हैं।

आचारो भूतिजनन आचारः कीर्तिवर्धनः।
आचाराद् वर्धते ह्यायुराचारो हन्त्यलक्षणम्॥

और आचार की इसी महिमा के कारण ही सदाचार को धर्म का साधन माना गया है, जैसे वेद और स्मृति को। "वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः।" सम्पूर्ण ज्ञान का उपयोग है उस ज्ञान को आचार में परिणत करना। इसी कारण भारत का दार्शनिक कोरे चिन्तन में समय नहीं गँवाता। वह अपने जीवन को अपने दर्शन के अनुरूप ढालता है और आदर्श प्रस्तुत करता है। दर्शन और आचारशास्त्र या नीतिशास्त्र का परस्पर अन्योन्याश्रय सम्बन्ध रहा है और यह सम्बन्ध वैसा ही रहा है जैसा कि "विज्ञान और प्रयोग का, ज्ञान और योग का।" एक ओर धर्म का मूल आधार नीति है, और दूसरी ओर नीति दर्शन का व्यावहारिक पक्ष है, इस प्रकार धर्म दर्शन और नीति एक दूसरे से अपृथक् हैं, वे एक दूसरे पर निर्भर हैं और एक दूसरे के पूरक भी हैं। इसी बात का उल्लेख जान केअर्ड ने "एन इण्ट्रोडक्शन टू द फिलास्फी आफ रिलीजन' पुस्तक में किया है :—

"Indian philosophers and thinkers have been declared that the philosophy and ethics both are interdependent. There can

be no intellectual growth without a morally elevated life. To be a good philosopher a man should be religious, moral and of good conduct."

भारतीय धर्म या दर्शन में केवल नैतिक भावनाओं का प्रतिपादन ही नहीं किया गया है, अपितु वास्तविक जीवन में उनकी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गयी है और इस अभिव्यक्ति का मनोवैज्ञानिक आधार भी प्रतिष्ठापित किया गया है। इन्हीं नैतिक भावनाओं के सन्दर्भ में मेकेंजी जैसे आलोचनात्मक दृष्टि वाले लेखक ने भी यह स्वीकारा है कि इनमें ऐसे तत्व निहित हैं, जो स्वतः इतने मूल्य के हैं कि वे विश्व के विचार और संस्कृति को समृद्ध कर सकते हैं।

"We may claim for them that they contain elements which are of great value in themselves, and which may serve to enrich the thought and culture of the world."

—Hindu Ethics, p. 241.

वस्तुतः आचार वह कसौटी है जिस पर व्यक्ति की योग्यता का आकलन होता है। चरित्रहीन विद्वान् की विद्वत्ता फीकी होती है, और शीलहीना सुन्दरी का सौन्दर्य केवल निम्नकोटि के विचारों को उत्तेजित करता है, आत्मिक सन्तोष का बोध नहीं कराता। ऊँचे पद पर आसीन और परोपदेश में कुशल व्यक्ति का छद्मव्यापार एवं अनैतिक आचरण जब प्रकाश में आता है, तो दुनिया की आँखों में धूल झोंकने की उसकी सारी चालों पर पानी फिर जाता है। आचार और ज्ञान का समन्वय तथा परस्पर समायोजन ही हमारी नैतिक भावना का पहला सूत्र है जिसने महान् दार्शनिकों एवं अलौकिक प्रतिभा और प्रभाव वाले पुरुषों को जन्म दिया है। भारतीय नीतिशास्त्री जब किसी नियम का विधान करता है, तब वह उसे मानव के यथार्थ जीवन के सन्दर्भ में परख लेता है और मानव की स्वाभाविक कमजोरियों को भी ध्यान में रखता है। हरेक अवसर पर वह मनोविज्ञान के अनुसार मनुष्य के आचरण में उत्कर्ष लाने की व्यवस्था करता है। वह जानता है कि गलती मनुष्य से होती है, मनुष्य पतनोन्मुख होता है, यह सर्वथा स्वाभाविक है। किन्तु इन प्रवृत्तियों से दूर होने में ही वह मानवकल्याण की सम्भावना देखता है और इसीलिए धर्म की व्यवस्था करता है, जिसके अभाव में मनुष्य और पशु में कोई भेद नहीं रह जाता। मनु ने इसी का संकेत किया है :—

"न मांसभक्षणे दोषो न मद्ये न च मैथुने।
प्रवृत्तिरेषा भूतानां निवृत्तिस्तु महाफला॥"

यही नहीं भारतीय धर्म में न केवल मनुष्यों को अपितु देवताओं तक को अनैतिक आचरण की ओर उन्मुख दिखाया गया है और उनके लिए भी आचार की पवित्रता को सर्वोपरि बताया गया है। भारतीय आख्यानों में इस बात को सर्वत्र प्रमाणित किया गया है कि सारी बातें एक ओर हैं और मनुष्य का आचार एक ओर। इसी आचार के कारण निम्नकोटि का व्यक्ति भी ईश्वर के तत्त्व का दर्शन कर सकता है और उच्चवर्ण के व्यक्ति को शिक्षा दे सकता है। इसी आचार के अभाव में महर्षि की तपस्या भी व्यर्थ हो जाती है और वह सामान्य व्यक्ति की तरह पाप का भागी होता है।

जिस वर्ण-व्यवस्था की सम्प्रति मुक्तकण्ठ से निन्दा करना हमारा कर्तव्य है और जो निश्चय अच्छी नहीं है, वह भी मूल रूप में आचार के आधार पर ही थी। जिस समय उसने आचार का विवेक छोड़कर केवल पद और कुल को आधार बनाया तब से वह अपनी अच्छाइयों से वियुक्त हो गयी। जब पद के अनुसार सम्मान प्राप्त होने लगता है, आचरण और योग्यता के अनुसार नहीं, तब स्वाभाविक है कि उस पद पर पहुँचने के लिए न तो योग्यता की कोई इच्छा या प्रयत्न करेगा और न उस पद को प्राप्त कर लेने पर अयोग्य या आचारहीन व्यक्ति योग्यता की चर्चा होने देगा, उल्टे वह ऐसी व्यवस्था करेगा कि उसका पद सदैव सुरक्षित रहे। इसके लिए वह धर्म के नाम पर चारों ओर कटीले तारों की दीवार खड़ी करेगा। ऐसी ही व्यवस्था का रूप वर्णव्यवस्था ने ले लिया है।

धर्मशास्त्र की दृष्टि में आचार का इतना महत्त्व है कि आचारहीन पिता तक का परित्याग करने का आदेश दिया गया है :—

"त्यजेत्पितरं राजघातकं शूद्रयाजकं शूद्रार्थयाजकं वेदविप्लावकं भ्रूणहनं यश्चान्त्यावसायिभिः सह संवसेदन्त्यावसायिन्यां वा।"

गौतमधर्मसूत्र ३,२,१, पृ० २०७

ऐसे व्यक्ति के सामाजिक अपमान का विधान भी इसी बात का संकेत करता है कि आचार से च्युत व्यक्ति को समाज में सामाजिक जीवन व्यतीत करने का अधिकार नहीं है। उससे भाषण या सम्बन्ध करने वाले व्यक्ति को भी दुराचार में प्रोत्साहन देने के लिए दण्ड की व्यवस्था की गई है, किन्तु उसके प्रायश्चित्त कर लेने पर तथा अपना आचरण सुधार लेने पर पुनः समाज में प्रवेश करने का द्वार खोल दिया गया है।

पाप और प्रायश्चित्त की धारणा के पीछे भी आचार के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? समाज में जीने और दूसरों को जीने देने का मन्त्र ही इस लोक में कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। हमारे धर्मसूत्र में

व्यक्ति को पर्याप्त महत्त्व मिला है। किन्तु इस महत्त्व की शर्त है कि वह आचार या धर्म का पालन करे। यदि वह आचार का उल्लंघन करता है तो उसे जीने का अधिकार नहीं, उसे पाप से तभी मुक्ति हो सकती है जब वह प्रायश्चित्त करे, अर्थात् पाप गम्भीर हो तो जीवन का अन्त कर दे, क्योंकि ऐसा व्यक्ति समाज के अन्य लोगों के लिए एक बुरा उदाहरण प्रस्तुत करेगा। हमारा धर्मसूत्र कहता है कि इस संसार में मनुष्य बुरे कर्मों से पाप से सन जाता है : 'अथ खल्वयं पुरुषो वाप्येन कर्मणा लिप्यते' ३, १, २। और तब मनुष्य के ये कर्म स्थायी फल उत्पन्न करते हैं। पाप और प्रायश्चित्त का विचार धर्मसूत्र में नितान्त भौतिक या व्यावहारिक है। इनका सीधा सम्बन्ध शरीर की यातना से है, किन्तु पाप करने वाला साधन भी तो शरीर ही है। साथ ही साथ प्रायश्चित्त की मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि यह है कि जप और दान तो साक्षात् उत्तम विचार और परोपकार की प्रेरणा देते हैं। पाप का प्रकाशन और पश्चात्ताप भी हो जाता है। तप, उपवास और होम धर्म में आस्था उत्पन्न कर पुनः उत्तम आचरण की प्रेरणा देते हैं। किन्तु यह मानना पड़ेगा कि धर्मसूत्रकार का प्रायश्चित्त का विधान करते समय साक्षात् प्रयोजन है लोक और परलोक की प्राप्ति। वह लोक की अपेक्षा परलोक की अधिक परवाह करता है और सभी लौकिक कर्मों को करने का आदेश देता है, क्योंकि उनसे परलोक मिलने की आशा है। यह धर्मभीरुता और ईश्वर या परलोक का भय मनुष्य के आचरण को निरन्तर सही दिशा की ओर प्रेरित करता है।

आपस्तम्बधर्मसूत्र

आपस्तम्ब-धर्म-सूत्र का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से है। यह अध्वर्यु नाम के ऋत्विजों के प्रमुख कल्प का अंग है। आपस्तम्बीय कल्पसूत्रों के समग्र संकलन में कुल तीस प्रश्न हैं। सत्ताइसवें प्रश्न में आपस्तम्बगृह्य आता है और उसके बाद धर्मसूत्र। शुक्ल यजुर्वेद से सम्बद्ध 'चरणव्यूह' के अनुसार आपस्तम्बशाखा खाण्डिकीयशाखा की पाँच शाखाओं में एक थी। खाण्डिकीयशाखा तैत्तिरीयशाखा की एक उपशाखा थी। कालक्रम की दृष्टि से आपस्तम्बीयशाखा बौधायनशाखा के बाद की है, किन्तु यह सत्यापाढ हिरण्यकेशीशाखा से पहले की है।

प्रो० मावसम्युल्लेर के अनुसार आपस्तम्बशाखा एक 'सूत्रचरण' है। आपस्तम्बीयशाखा की रचनाओं से ही यह प्रकट हो जाता है कि आपस्तम्बशाखा एक ओर तो बौधायनशाखा से परवर्ती है, किन्तु हिरण्यकेशी-शाखा से पूर्ववर्ती है। बौधायन तथा आपस्तम्ब के धर्मसूत्रों के तुलनात्मक अध्ययन द्वारा उपर्युक्त तथ्य की पुष्टि करने से पूर्व ही एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न

और है : क्या आपस्तम्बधर्मसूत्र और आपस्तम्बगृह्यसूत्र का रचयिता एक ही व्यक्ति है ? इस प्रश्न का उत्तर कुछ कठिन है। ब्यूह्लेर को इस विषय में कोई शङ्का नहीं है, किन्तु ओल्डेनबेर्ग दोनों को भिन्न मानते हैं। उनके अनुसार आपस्तम्बशाखा के ही बाद के समय के किसी आचार्य ने आपस्तम्ब-श्रौतसूत्र की शैली की नकल पर आपस्तम्बधर्मसूत्र की रचना की है। जहाँ तक आपस्तम्ब के गृह्य और धर्मसूत्र का प्रश्न है, दोनों में इतना घनिष्ठ सम्बन्ध है कि इन्हें एक ही व्यक्ति की रचना मानना उचित प्रतीत होता है। ध्यान देने योग्य है कि आपस्तम्बगृह्यसूत्र विस्तार की दृष्टि से अन्य गृह्यसूत्रों से छोटा और संक्षिप्त है। इसमें ऐसे अनेक विषयों को छोड़ दिया गया है जो सामान्यतः गृह्यसूत्र में होते हैं, उदाहरण के लिए विवाह के विभिन्न भेद, ब्रह्मचारी के कर्त्तव्य, विवाह योग्या कन्या के गुण-दोष। वस्तुतः इन विषयों का विवेचन आपस्तम्बधर्मसूत्र में हुआ है। स्वाभाविक है कि धर्मसूत्र में इन विषयों का विवेचन कर देने के बाद पुनः अपने ही गृह्यसूत्र में उनका विवेचन रचयिता को पुनरुक्ति मात्र प्रतीत हुआ हो और इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि आपस्तम्बधर्मसूत्र तथा गृह्यसूत्र दोनों एक ही आचार्य की रचनाएँ हैं। स्वयं आपस्तम्बधर्मसूत्र में गृह्यसूत्र के अनेक सन्दर्भों का निर्देश किया गया है, जिससे यह निश्चित रूप से ज्ञात होता है कि धर्मसूत्र से पहले गृह्यसूत्र विद्यमान है। इसी प्रकार गृह्यसूत्र में भी कतिपय स्थलों पर धर्मसूत्र के नियमों की ओर संकेत किया गया है। इन तथ्यों से भी यही सम्भावना अधिक प्रतीत होती है कि आपस्तम्बगृह्यसूत्र और आपस्तम्बधर्मसूत्र की रचना एक ही व्यक्ति ने की है।

आपस्तम्बधर्मसूत्र का सम्बन्ध दक्षिण भारत से है। इस शाखा का संस्थापक सम्भवतः आन्ध्रदेशीय था। 'चरणव्यूह' में 'महार्णव' नाम की रचना से उद्धृत पद्यों के अनुसार आपस्तम्बशाखा नर्मदा के दक्षिण में प्रचलित थी—

"नर्मदादक्षिणे भागे आपस्तम्ब्याश्वलायनी।
राणायणी पिप्पला च यज्ञकन्याविभागिनः॥
माध्यन्दिनी शाङ्खायनी कौथुमी शौनकी तथा।"

महार्णव में आपस्तम्बीयशाखा को स्पष्टतः आन्ध्रदेशीय बताया गया है—

"आन्ध्रादिदक्षिणाग्नेयीगोदासागर आवधि।
यजुर्वेदस्तु तैत्तिर्या आपस्तम्बी प्रतिष्ठिता॥"

स्वयं आपस्तम्ब ने धर्मसूत्र में श्राद्ध के प्रकरण में ब्राह्मणों के हाथ में जल गिराने की प्रथा 'उत्तर के लोगों में' ('उदीच्याः') प्रचलित है, ऐसा कहकर

अपने दक्षिण भारतीय होने का संकेत कर दिया है। सबसे अधिक उल्लेखनीय तथ्य यह है कि आपस्तम्बधर्मसूत्र में तैत्तिरीय आरण्यक के जिन मन्त्रों का निर्देश है वे आन्ध्रपाठ से ही गृहीत हैं। इस आधार पर ब्यूह्लेर आपस्तम्ब को निश्चित रूप से आन्ध्रदेशीय मानते हैं—

"It would therefore follow, from the adoption of an Andhra text by Apastamba, that he was born in that country, or at least, had resided there so long as to have become naturalised in it."

से० बु० ह० भाग भूमिका, पृ० ३४

उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला है कि आपस्तम्ब का जन्म आन्ध्रदेश में हुआ था, अथवा उन्होंने वहाँ इतने दीर्घकाल तक निवास किया था कि वे वहीं के हो गये थे।

गौतमधर्मसूत्र तथा आपस्तम्बधर्मसूत्र

गौतमधर्मसूत्र उपलब्ध धर्मसूत्रों में प्राचीनतम है। यद्यपि आपस्तम्ब ने अपने धर्मसूत्र में गौतम का नामतः उल्लेख नहीं किया है, तथापि गौतम के मत की ओर संकेत कई स्थानों पर किया है, उदाहरण के लिए गौतमधर्मसूत्र १. २. १ में कहा गया है—"प्रागुपनयनात्कामचारः कामवादः कामभक्षः" किन्तु आपस्तम्ब इसका विरोध करते हुए कहते हैं—"श्रुतिर्हि बलीयस्यानुमानिकादाचारात्"। यद्यपि गौतम के नाम का उल्लेख उन्होंने नहीं किया है तथापि वे उन्हीं के मत को ध्यान में रखकर अपने नियम का निर्णय करते हैं। इसके अतिरिक्त आपस्तम्बधर्मसूत्र में ऐसे कई सूत्र हैं जो गौतमधर्मसूत्र के सूत्रों से मिलते-जुलते हैं—

आपस्तम्ब०	गौतम०
काषायां चैके वस्त्रमुपदिशन्ति १. १. २. ४१	काषायमप्येके १. २. १९
दृष्टो धर्मव्यतिक्रमस्साहसं च पूर्वेषाम् २. ६. १३. ७	दृष्टो धर्मव्यतिक्रमः साहसं च महताम् १. १. ३
वरस्तन्तीं च नोपरि गच्छेत् १. ११. ३१. १५	नोपरि वरस्तन्तीं गच्छेत् १. ९. ५२
ज्वलितां वा सूमिं परिष्वज्य समाप्नुयात् १. ९. २४. २	सूर्मां वा श्लिष्येज्ज्वलन्तीम् २. ५. ९

इसी प्रकार अनेक दूसरे सूत्रों में भी समानता देखी जा सकती है। प्रो० काणे के अनुसार जहाँ आपस्तम्ब ने 'एके' कहकर दूसरे आचार्य के मत का निर्देश किया है वहाँ प्रायः गौतम के मत से ही अभिप्राय प्रतीत होती है।

बौधायनधर्मसूत्र एवं आपस्तम्बधर्मसूत्र

आपस्तम्बधर्मसूत्र बौधायनधर्मसूत्र के बाद की रचना है। यह तथ्य दोनों की तुलना से स्पष्ट है। प्रथमतः, आपस्तम्ब और बौधायन के अनेक सूत्रों में समानता है। आपस्तम्ब १. १०. २९. ८–१४ में आये हुए सूत्र बौधायनधर्मसूत्र में भी दिखायी पड़ते हैं। इसी प्रकार आप० १. १. २. ३०, १. १. ३. ६, १. २. ६. ८–९ बौधायनधर्मसूत्र प्रश्न १ अध्याय २ में भी आते हैं। जहाँ तक इन दोनों के दृष्टिकोण का प्रश्न है आपस्तम्ब बाद के सिद्धान्त का समर्थन करते हैं और उनका विचार अधिक विकसित दिखायी पड़ता है। पुत्र के उत्तराधिकार के विषय में बौधायन ने जो विचार व्यक्त किए हैं आपस्तम्ब ने उनकी आलोचना की है। इसी प्रकार नियोग के विषय में भी आपस्तम्ब अपने पूर्ववर्ती बौधायन के विचारों से सहमत नहीं हैं। विवाह प्रकरण में बौधायन ने सभी प्रमुख भेदों का उल्लेख किया है, किन्तु आपस्तम्ब ने पैशाच विवाह को उल्लेख के योग्य नहीं समझा है। यही नहीं ज्येष्ठपुत्र के उत्तराधिकार के सम्बन्ध में बौधायन ने जिन दो वैदिक अंशों को प्रमाणस्वरूप उद्धृत किया है, उनमें से एक की आलोचना आपस्तम्ब ने (२. ६. १४. ६–१३) की है—

इन तथ्यों के आलोक में यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि आपस्तम्ब बौधायन से बाद के हैं। ब्यूह्लेर के शब्दों में—

"The three points which have been just discussed, viz. the identity of a number of Sutras in the works of the two authors, the fact that Apastamba advocates on some points more refined or puritan opinions, and that he labours to controvert doctrine contained in Baudhayana's Sutras, give a powerful support to the traditional statement that he is younger than that teacher."

—वही, पृ० २२

ब्यूह्लेर का विचार यह है कि बौधायन और आपस्तम्ब में कई शताब्दियों का अन्तर होना चाहिए।

आपस्तम्बधर्मसूत्र में उद्धृत एवं उल्लिखित साहित्य

आपस्तम्बधर्मसूत्र में पूर्ववर्ती व्यापक साहित्य के उल्लेख या उद्धरण मिलते हैं। यद्यपि ऋग्वेद और सामवेद से उद्धृत मन्त्रों की संख्या अत्यल्प है तथापि सभी वेदों के मन्त्र इस धर्मसूत्र में उद्धृत या निर्दिष्ट हैं। तीन प्राचीन वेदों का उल्लेख 'त्रयी' नाम से किया गया है और अथर्ववेद का 'आथर्वण वेद' नाम से उल्लेख है—'आथर्वणस्य वेदस्य शेष इत्युपदिशन्ति' २. ११. २९.

१२. तैत्तिरीयब्राह्मण और आरण्यक के मन्त्रों को बहुशः उद्धृत किया गया है। जैसे २. २. ३. १६, २. २. ४. १–९ में। शुक्लयजुर्वेद से भी कतिपय अंश हैं। वाजसनेयिब्राह्मण से निम्नलिखित उद्धरण है १. ४. १२. ३—

"अथापि वाजसनेयिब्राह्मणम् ब्रह्मयज्ञो ह वा एष यत्स्वाध्यायस्तस्यैते वषट्कारा यत्स्तनयति यद्विद्योतते यदवस्फूर्जति यद्वातो वायति। तस्मात् स्तनयति विद्योतमानेऽवस्फूर्जति वाते वा वायत्यधीयीतैव वषट्काराणामेव हुम्बट्काराय इति।" इसके आगे ही सूत्रों में यजुष, साम तथा वाजसनेयिब्राह्मण का उल्लेख है।

वाजसनेयिब्राह्मण के उपर्युक्त उद्धरण के विषय में ब्यूह्लेर का मत है कि यह सम्भवतः शतपथब्राह्मण की काण्वशाखा का पाठ है, क्योंकि यह माध्यन्दिन पाठ में उपलब्ध नहीं है। सम्भवतः धर्मसूत्र का रचयिता माध्यन्दिन पाठ से परिचित नहीं था।

इसी प्रकार उपनिषदों का भी उल्लेख इस सूत्र में मिलता है—"र वैविद्यानामप्युपनिषदामुपाकृत्याऽनध्ययनं तदहः" २. २. ५. १. अध्यात्मपटल की अधिकांश सामग्री उपनिषदों से गृहीत है। और वेद के छः अङ्गों के विषय में भी आपस्तम्ब को निश्चित रूप से ज्ञान है २. ४. ८. १०–११ "षडङ्गो वेदः।" "छन्दःकल्पो व्याकरणं ज्योतिषं निरुक्तं शीक्षाच्छन्दोविचितिरिति"। निरुक्त से आपस्तम्ब का परिचय सिद्ध करने के लिए महामहोपाध्याय काणे ने दोनों द्वारा दी गयी आचार्य शब्द की व्युत्पत्तियों की भी तुलना की है—

आपस्तम्ब १. १. १. १४ "यस्माद्धर्मानाचिनोति स आचार्यः।"

निरुक्त १. ४—"आचार्यः कस्मादाचारं ग्राहयति आचिनोत्यर्थानाचिनोति बुद्धिमिति वा।"

आपस्तम्ब किस प्रकार अपने पूर्ववर्ती धर्मसूत्रकारों गौतम और बौधायन के मतों से परिचित हैं यह ऊपर लिखा जा चुका है। आपस्तम्ब के अनेक सूत्रों में समानता भी इसी तथ्य का द्योतक है कि वे इन दोनों प्रमुख सूत्रकारों से परिचित हैं, यद्यपि उन्होंने इनका नामतः उल्लेख नहीं किया है। आपस्तम्बधर्मसूत्र में निम्नलिखित नौ आचार्यों के नाम आये हैं—कण्व, काण्व, कुणिक, कुरस, कौत्स, पुष्करसादि, वार्ष्यायणि, श्वेतकेतु और हारीत। इनमें कौत्स, वार्ष्यायणि और पुष्करसादि के नाम निरुक्त में भी मिलते हैं। श्वेतकेतु के उल्लेख के विषय में ब्यूह्लेर ने एक रोचक तर्क उपस्थित किया है। उनके अनुसार आपस्तम्बधर्मसूत्र में जिस प्रकार 'अवरा' के उदाहरण के रूप में श्वेतकेतु का उल्लेख किया गया है उससे प्रतीत होता है कि वे आपस्तम्ब से बहुत पहले के नहीं हैं। श्वेतकेतु और राजा जनक की कथा शतपथब्राह्मण में भी आयी है। यदि आपस्तम्ब के श्वेतकेतु को शतपथब्राह्मण

वाले श्वेतकेतु से अभिन्न माना जाय तो आपस्तम्ब शतपथब्राह्मण से एक या दो शताब्दी बाद रहे होंगे। प्रो० काणे ने छान्दोग्योपनिषद् में दो श्वेतकेतु के उल्लेख की ओर ध्यान दिया है—श्वेतकेतु आरुणि और श्वेतकेतु आरुणेय और इस प्रकार आपस्तम्बद्वारा उल्लिखित श्वेतकेतु शतपथब्राह्मण के श्वेतकेतु नहीं हैं अपितु वे एक धर्मसूत्रकार प्रतीत होते हैं।

सम्पूर्ण वेद और वेदाङ्ग साहित्य के अतिरिक्त आपस्तम्ब का परिचय पुराणों और महाभारत से भी है। आपस्तम्बधर्मसूत्र में न केवल पुराणों का उल्लेख है, प्रत्युत पुराणों के अंश भी उद्धृत किये गये हैं—जैसे १. ६. १९. १३.

अथ पुराणे श्लोकावुदाहरन्ति—

> अष्टताप्राहृतां भिक्षां पुरस्तादप्रवेदिताम्।
> भोज्यां मेने प्रजापतिरपि दुष्कृतकारिणः॥
> न तस्य पितरोऽश्नन्ति दश वर्षाणि पञ्च च।
> न च हव्यं वहत्यग्निर्यस्तामभ्यधिमन्यते॥

२. ९. २३. ३–४

अथ पुराणे श्लोकावुदाहरन्ति—

> अष्टाशीतिसहस्राणि ये प्रजामीयिरे ऋषयः।
> दक्षिणेनार्यमणः पन्थानं ते श्मशानानि भेजिरे॥
> अष्टाशीतिसहस्राणि ये प्रजां नेयिरे ऋषयः।
> उत्तरेणार्यमणः पन्थानं तेऽमृतत्वं हि कल्पते॥

पुराण के मत का उल्लेख इस सूत्र में द्रष्टव्य है—

'यो हिंसार्थमभिक्रान्तं हन्ति मन्युरेव मन्युं स्मृणुते न तस्मिन् दोष इति पुराणे।' १. १०. २९. ७. आप० २. ५. २४. ६ में भविष्यपुराण का नामतः उल्लेख है—

"पुनस्सर्गे बीजार्था भवन्तीति भविष्यत्पुराणे।"

इस सन्दर्भ में यह उल्लेखनीय है कि पुराण का उल्लेख आपस्तम्ब के अतिरिक्त किसी अन्य धर्मसूत्रकार ने नहीं किया है। आपस्तम्ब का परिचय महाभारत से भी प्रतीत होता है, जैसा कि म० म० काणे ने बताया है, आप० २. ७. १७. ८ का निम्नलिखित पद्य अनुशासनपर्व के एक पद्य से मिलता-जुलता है—

"सम्भोजनी नाम पिशाचभिक्षा नैषा पितॄन् गच्छति नोऽथ देवान्।
इहैव सा चरति क्षीणपुण्या शालान्तरे गौरिव नष्टवत्सा॥"

किन्तु सबसे अधिक उल्लेखनीय हैं आपस्तम्ब का पूर्वमीमांसा और न्याय के सिद्धान्तों से सम्बद्ध उल्लेख। इन सूत्रों में 'न्यायविदः' या 'न्यायविस्मयः' प्रयोग द्रष्टव्य हैं—

'अङ्गानां तु प्रधानैरव्यपदेशः इति न्यायविस्समयः'

२. ४. ८. १३.

'अथापि नित्यानुवादमविधिमाहुर्न्यायविदः'

२. ६. १४. १३.

इस अंशों से मिलते-जुलते सूत्र जैमिनि के पूर्वमीमांसा सूत्रों में भी मिलते हैं, उदाहरणार्थ—

'अर्थवादो वा विधिशेषत्वात्तस्माच्चित्यानुवादः'

पू० मी० सू० ६. ७. ३०.

इसी प्रकार इन दो उदाहरणों की समानता भी द्रष्टव्य है—

तस्यां क्रयशब्दः संस्तुतिमात्रम् धर्मान्वि सम्बन्धः। आप० २. ६. १३. ११	क्रयस्य धर्ममात्रत्वम् पू० मी० सू० ६. १. १५
'विधौ प्रत्यनध्यायः श्रूयते न कर्मयोगे मन्त्राणाम्' १. ४. १२. ९	'विधौ' प्रति विधानाद्वा सर्वकालं प्रयोगः स्यात्कर्मार्थत्वात्प्रयोगस्य' १३.३.१९
'श्रुतिर्हि बलीयस्यानुमानिकादाचारात्' १. १. ४. ८	'विरोधे त्वनपेक्षं स्यादसति ह्यनुमानम्'
यत्र तु प्रीत्युपलब्धितः प्रवृत्तिर्न तत्र शास्त्रमिति	'यस्मिन्प्रीतिः पुरुषस्य तस्य लिप्सार्थलक्षणविभक्तत्वात्'

इन समानताओं के आधार पर महामहोपाध्याय ने यह मत प्रस्तुत किया है कि आपस्तम्ब जैमिनि के मीमांसासूत्र से परिचित थे। संभव है कि वे जिस मीमांसासूत्र से परिचित थे वह उस समय तक वर्तमान रूप न प्राप्त कर सका हो।

"The correspondence in language with the Purvamimansa-sutra is so close that one is tempted to advance the view that Apastamba knew the extant Mīmāṁsā Sutra or an earlier version of it that contained almost the same expressions."

हिस्ट्री आफ धर्मशास्त्र, पृ० ४२

आपस्तम्बधर्मसूत्र के अध्यात्मपटल में आत्मा के स्वरूप पर जिस प्रकार विचार किया गया है उससे सामान्यतः यह धारणा भी बनती है कि आपस्तम्ब वेदान्त दर्शनपद्धति से भी परिचित थे। यद्यपि अध्यात्मपटल का मुख्य स्रोत उपनिषद् हैं, तथापि उनकी सम्बद्ध विचारसरणि के आधार पर ही बादरायण के ब्रह्मसूत्र जैसी दर्शनपद्धति से परिचय का अनुमान स्वाभाविक है। इस सम्बन्ध में ब्यूह्लेर के विचार द्रष्टव्य हैं।

आपस्तम्बधर्मसूत्र की भाषा और शैली

आपस्तम्बधर्मसूत्र की सबसे प्रधान विशेषता इसकी भाषा है। वस्तुतः इस दृष्टि से यह सभी धर्मसूत्रों से विलक्षण है। इस धर्मसूत्र के समयनिर्धारण में एक सबल प्रमाण इसकी भाषा भी है। भाषा की दृष्टि से ब्यूह्लेर ने इसकी असंगतियों को चार वर्गों में रखा है—

१. ऐसे प्राचीन वैदिक शब्दरूप जो दूसरी वैदिक रचनाओं में उपलब्ध हैं और सादृश्य के आधार पर निष्पन्न हैं।

२. ऐसे प्राचीन व्याकरण रूप जो पाणिनि के व्याकरण से शुद्ध हैं किन्तु अन्यत्र नहीं मिलते।

३. ऐसे शब्दरूप जो पाणिनि और वैदिकव्याकरणों के नियमों के विरुद्ध हैं।

४. वाक्यसंरचना की असंगतियाँ।

जिन अनेक अप्रचलित शब्दों का प्रयोग इस धर्मसूत्र में किया गया है उनमें कुछ के उदाहरण हैं—अननियोग, व्युपतोद,[1] व्युपजाव, ब्रह्महंसस्तुत, पर्यान्त, प्रशास्त, अनास्थय, ब्रह्मोज्झम्, श्वाविट्, ऐडन, आचार्यदारे।

अपाणिनीय प्रयोग इस सूत्र में इतनी अधिक संख्या में मिलते हैं कि विद्वानों ने दो धारणाएँ स्वीकार की हैं। १. आपस्तम्ब पाणिनि से परिचित नहीं थे, उनके समकालीन थे अथवा पूर्ववर्ती थे २. आपस्तम्बधर्मसूत्र के मौलिक पाठ में और भी अधिक असंगतियाँ रही होंगी। प्रो० काणे के शब्दों में—

"This makes it probable that in the original text there must have been many more Un-Panean forms than in the one preserved by Haradatta."

हिस्ट्री आफ धर्मशास्त्र, पृ० ३७

शैली की दृष्टि से आपस्तम्बधर्मसूत्र मुख्यतः गद्य में है, किन्तु इसमें प्रायः पद्यों का प्रयोग भी है। पद्यों की संख्या लगभग २० है, जिनमें ६ पद्य बौधायन धर्मसूत्र में भी उपलब्ध होते हैं। कुछ सूत्र वस्तुतः पद्यात्मक हैं। उद्धृत पद्यों के पहले 'उदाहरन्ति' 'अथाप्युदाहरन्ति' शब्दों का व्यवहार किया गया है।

आपस्तम्बधर्मसूत्र का समय—

उपर्युक्त समालोचना के आधार पर हम आपस्तम्ब धर्मसूत्र के समय के विषय में निम्नलिखित तथ्यों को ध्यान में रखकर कुछ निष्कर्ष निकाल सकते हैं—

१. आपस्तम्ब गौतम और बौधायन धर्मसूत्र के बाद का है, किन्तु हिरण्यकेशि-धर्मसूत्र से पहले का है।

२. आपस्तम्बधर्मसूत्र में सभी वेदों और वेदाङ्गों के पूर्ववर्ती होने का स्पष्ट उल्लेख है। अतः यह वेदाङ्गों के बाद की रचना है।

३. श्वेतकेतु से बहुत बाद के समय की रचना नहीं है, अतः छान्दोग्योपनिषद् के समय से कुछ ही काल बाद की रचना है।

४. भाषा की दृष्टि से यह पाणिनि के व्याकरण के दक्षिण भारत में प्रचार होने से पहले की रचना है।

५. इसमें बौद्धधर्म का कोई उल्लेख नहीं है, अतः दक्षिण भारत के बौद्ध धर्म का परिचय होने से पूर्व की रचना है।

६. यह उस समय की रचना है जब जैमिनि ने अपने दार्शनिक सम्प्रदाय की स्थापना की थी।

७. आपस्तम्बधर्मसूत्र पतञ्जलि (दूसरी शताब्दी ई० पू०) से पहले की रचना है।

भाषाशास्त्र की दृष्टि से तथा श्वेतकेतु के सम्बन्ध में उल्लेख पर ध्यान देते हुए ब्यूह्लेर ने यह विचार प्रकट किया है कि आपस्तम्बधर्मसूत्र को तृतीय शताब्दी ई० पू० के बाद का नहीं मानना चाहिए। किसी भी स्थिति में इसके रचनाकाल की निचली सीमा १५०–२०० वर्ष और पहले रखनी चाहिए।

"On linguistic grounds it seems to me Apastamba cannot be placed later than the third century B. C. and if his statement regarding svetaketu is taken into account, the lower limit for the composition of his sutras must be put further back by 150–200 years."—वही, पृ० ४३.

प्राय. इन्हीं विषयों और तथ्यों पर ध्यान देते हुए महामहोपाध्याय पी० वी० काणे ने आपस्तम्बधर्मसूत्र के लिए ६००–३०० ई० पू० के बीच का समय मानना उचित ठहराया है।

"...We shall not be far wrong if we assign it to some period between 600–300 B. C."

हिस्ट्री आफ धर्मशास्त्र, भाग १, पृ० ४५

आपस्तम्बधर्मसूत्र का वर्ण्यविषय

आपस्तम्बधर्मसूत्र में दो प्रश्न हैं और प्रत्येक में ११ पटल हैं। दोनों प्रश्नों में क्रमशः ३२ और २९ कण्डिकाएँ हैं।

एक ही विषय बिना व्यवधान के कई कण्डिकाओं में विवेचित है और कण्डिका के मध्य में भी नया विषय आरंभ हो जाता है। संक्षेप में इस धर्मसूत्र के वर्ण्यविषय इस प्रकार हैं—

प्रथम प्रश्न कण्डिका १—धर्म के प्रमाण, चार वर्ण और उनकी श्रेष्ठता का क्रम, वर्ण धर्म, उपनयन की विधि और काल, व्रात्य के संस्कार। २—व्रात्य के संस्कार, ब्रह्मचारी के नियम, दण्ड, अजिन और मेखला, ब्रह्मचारी के धर्म ३-४—ब्रह्मचारी के नियम। ५—अभिवाद, पादोपसंग्रहण की विधि, ब्रह्मचारी के नियम। ६—ब्रह्मचारी के नियम। ७—ब्रह्मचारी के नियम, स्नातक के धर्म। ८—ब्रह्मचारी के नियम, अनध्याय के अवसर। ९-११—अनध्याय। १२—स्वाध्याय की विधि, पञ्चमहायज्ञ। १३—पञ्चमहायज्ञ १४—नित्यकर्म अभिवादन योग्य व्यक्ति, अभिवादन की विधि। १५—आचमन की विधि। १६—आचमन की विधि, अभोज्यपदार्थ, भोजन विषयक नियम। १७—अभोज्य अन्न और पदार्थ। १८—अभोज्य और भोज्य अन्न का विचार। १९—भोज्य अन्न। २०—धर्म का प्रयोजन, लक्षण, न बेचने योग्य वस्तुएँ। २१—पतनीय तथा अशुचिकर कर्म। २२—अध्यात्मपटल, आत्मज्ञान के उपाय, आत्मज्ञान की प्रशंसा, आत्मस्वरूप। २३—आत्मज्ञान का फल, भूतदाही दोष। २४—क्षत्रिय के वध का प्रायश्चित्त, ब्रह्महत्या का प्रायश्चित्त, सुरापान तथा गुरुपत्नीगमन का प्रायश्चित्त। २५—सुवर्ण की चोरी का प्रायश्चित्त २६—गोवध का प्रायश्चित्त, अपतनीय प्रायश्चित्त। २७—अपतनीय-प्रायश्चित्त, २८—आपतनीय प्रायश्चित्त, भ्रूणहत्या का प्रायश्चित्त। २९—पतित के नियम, ३०-३३—स्नातक के नियम।

द्वितीय प्रश्न—कण्डिका १-२, गृहस्थ के धर्म। ३—वैश्वदेवबलि ४—वैश्वदेव बलि की विधि और गृहस्थ के धर्म। ५—गृहस्थ के धर्म ६-९—अतिथिसत्कारविधि। १०—ब्राह्मण आदि वर्णों की विधि; दण्ड का नियम। ११—मार्ग देने योग्य व्यक्ति, दूसरे विवाह का नियम, सगोत्रविवाह का निषेध और विवाह के भेद। १२—अभिनिस्नुक्तादि प्रायश्चित्त। १३—स्त्री के प्रति कर्तव्य, दायभाग। १४—दायविभाग तथा बारह प्रकार के पुत्र। १५—उदकदान का नियम, अहुविस्य होम। १६—श्राद्धकल्प, १७—श्राद्धकल्प, उसका समय तथा श्राद्धयोग्य ब्राह्मण। १८—नित्यश्राद्ध का नियम। १९—श्राद्ध में पुष्टयर्थप्रयोग। २०—पुष्टयर्थप्रयोग। २१—आश्रम, संन्यासी और वानप्रस्थ के नियम। २२—वानप्रस्थ के नियम, श्रेष्ठ आश्रम। २३—गृहस्थाश्रम की श्रेष्ठता। २४—गृहस्थाश्रम की श्रेष्ठता। २५—राजा के कर्तव्य, २६—राजा के कर्तव्य, नियोग का नियम। २७—परस्त्रीगमन का प्रायश्चित्त। २८—दण्ड के विषय में विचार। २९—साक्षी की योग्यता, धर्म का लक्षण।

उपर्युक्त विषयसूची से यह स्पष्ट हो जाता है कि दो प्रश्नों में प्रथम में ब्रह्मचारी और स्नातक से संबद्ध नियम दिये गये हैं और दूसरे में गृहस्थ,

संन्यासी और वानप्रस्थ के धर्मों का विवेचन किया गया है। कण्डिकाओं में विषय के अनुसार विभाजन नहीं है, और न कोई विषय एकत्र समाप्त कर दिया गया है, अपितु एक ही विषय लगातार एकाधिक कण्डिकाओं में क्रमशः चलता रहता है और बीच-बीच में दूसरे विषय से संबद्ध नियम भी विवेचित हुए हैं।

आपस्तम्बधर्मसूत्र के समय और रचना विषयक वैशिष्ट्यों की समालोचना के बाद अब हम उसके सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं पर विचार करेंगे।

व्याख्याकार हरदत्त—आपस्तम्ब धर्मसूत्र की केवल एक ही व्याख्या उपलब्ध है—हरदत्त कृत उज्ज्वलावृत्ति। ऐसा प्रतीत होता है कि हरदत्त से पहले इस सूत्र पर कोई भाष्य था। स्वयं हरदत्त ने एकाध स्थलों पर दूसरी व्याख्याओं का उल्लेख किया है। ब्यूह्लर ने इनका समय १४५०–१५०० ई० से पहले माना है। म० म० काणे ने इनका समय ११००–१२०० ई० के बीच माना है।

आपस्तम्बधर्मसूत्र में वर्णव्यवस्था—

प्राचीन भारतीय धर्म, संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था पर वर्णव्यवस्था इतनी अधिक छायी हुई है कि जीवन के प्रायः सभी विषयों पर वर्ण के आधार पर ही विचार किया गया है। मूलतः वर्णव्यवस्था की पृष्ठभूमि में मनुष्य का जीविकोपार्जन का कर्म और नैतिक आचरण थे। अपने कर्म के आधार पर मनुष्य उच्च वर्ण में जन्म लेकर भी निम्न वर्ण में गिना जा सकता था। समाज का विभिन्न वर्गों में विभाजन प्रायः सभी देशों में किसी-न-किसी रूप में सदा विद्यमान रहा है। वर्ग या समुदाय स्वाभाविक रूप में जन्म लेते हैं, क्योंकि सभी मनुष्य एक जैसे उत्पन्न नहीं होते, सबमें एक-सी क्षमता नहीं होती और सबकी आदतें एक सी नहीं होतीं। डॉ० राधाकृष्णन् के शब्दों में मानव समाज भिन्न प्रकार की श्रेणियों से बना है और उनमें सबका अपना महत्व है। वे सभी एक सामान्य लक्ष्य को सिद्ध करने में लगे हुए हैं—

"Society is an organism of different grades, and human activities differ in kind and significance. But each of them is of value, so long as it serves the common end. Every type has its own nature which should be followed. No one can be at the same time a perfect saint, a perfect artist and a perfect philosopher. Every definite type is limited by boundaries which deprive it of other possibilities."

(समाज विभिन्न श्रेणियों के अवयव से बना है और मानवीय क्रियाओं का भेद और महत्व भिन्न होता है, किन्तु उनमें प्रत्येक का उस स्थिति

तक महत्व है जब तक वह एक सामान्य लक्ष्य को सिद्ध करता है। प्रत्येक विशिष्ट भेद का अपना निजी स्वरूप है, जिसका अनुसरण होना चाहिए। कोई भी एक व्यक्ति एक ही साथ एक महान् सन्त, एक महान् कलाकार और पहुँचा हुआ दार्शनिक नहीं हो सकता। प्रत्येक जाति या भेद की अपनी सीमाएँ हैं जो उसे दूसरी सम्भावनाओं से वियुक्त करती हैं।)

—हिन्दू व्यू आफ लाइफ, पृ० १२७

किन्तु समय के साथ परिवर्तन हुआ और वर्ण-व्यवस्था ने जो अन्यायपूर्ण रूप ग्रहण किया वह आज भी समाज की सबसे बड़ी समस्या के रूप में प्रत्यक्ष है। विशेषतः, समाज के एक वर्ग की स्थिति इतनी दयनीय दिखाई पड़ती है कि अनेक मानवों के लिये जन्म भी अभिशाप प्रतीत होता है। भारतीय समाज में वर्ण-व्यवस्था की बुराइयों पर कोई पर्दा अब नहीं डाला जा सकता।

धर्मसूत्रों के काल में वर्ण-व्यवस्था अपनी पूर्णावस्था पर पहुँच चुकी है। आपस्तम्ब धर्मसूत्र में तो सामयाचारिक धर्म की व्याख्या की प्रतिज्ञा कर पहला विवेच्य विषय वर्ण ही है। चौथे ही सूत्र में चार वर्णों का निर्देश कर अगले सूत्र में उनकी श्रेष्ठता के क्रम को जन्म के आधार पर पुष्ट किया गया है। छोटे-छोटे कर्मों में वर्ण के आधार पर भिन्नता सर्वत्र स्पष्ट की गई है। यज्ञोपवीत का समय, अवस्था, मेखला, वस्त्र, दण्ड, भिक्षाचरण की विधि सभी में वर्ण का विचार है।

जन्मना वर्ण-विभाजन की कठोरता इस बात से भी स्पष्ट है कि यदि कोई वर्णमात्र से भी ब्राह्मण व्यक्ति का वध करता है, तो उसका भी प्रायश्चित्त वही होता है, जो वेदज्ञ ब्राह्मण की हत्या का 'ब्राह्मणमात्रं च' १.२४.७। सभी वर्णों के लिए अपने धर्म का पालन ही परम कर्तव्य है। स्वधर्म का अनुष्ठान कर कोई भी मनुष्य परम अपरिमित स्वर्ग के सुख को प्राप्त कर सकता है 'सर्ववर्णानां स्वधर्मानुष्ठाने परमपरिमितं सुखम्।' इस धर्मसूत्र के अनुसार भी ब्राह्मण समाज का सबसे पूज्य और श्रेष्ठ अङ्ग है। उसके लिए मार्ग छोड़ देने का नियम है। किन्तु इसके साथ ही ब्राह्मण को भी अपने धर्म और कर्तव्य का पालन करने वाला होना चाहिये। यदि ब्राह्मण वेदाध्ययन से सम्पन्न नहीं है, तो उसके प्रति सम्मान नहीं प्रदर्शित करना चाहिये। हाँ, उसे बैठने का स्थान, जल तथा अन्न देना चाहिये।

उपनयन का विधान केवल तीन उच्चवर्ण के लिए किया गया है अर्थात् शूद्र और दुष्टकर्म करने वालों के लिए उपनयन का विधान नहीं है। आपस्तम्ब धर्मसूत्र में तो शूद्र और पतित व्यक्ति को 'श्मशान' कह कर उसे और

निन्दित ठहराया गया है। वेद का अध्ययन और अग्नि का आधान भी शूद्र के लिये वर्जित है।

"अशूद्राणामदुष्टकर्मणामुपायनं वेदाध्ययनमग्न्याधेयं फलवन्ति च कर्माणि" प्रश्न १, कण्डिका १, सूत्र ६। शूद्र के लिए केवल सेवाकर्म ही विहित है और श्रेष्ठ वर्ण की सेवा करने से उसे उत्तरोत्तर अधिक पुण्यफल प्राप्त होता है। वर्णों की श्रेष्ठता के क्रम का अनुमान तो इसी से किया जा सकता है कि दस वर्ष के ब्राह्मण बालक के समक्ष सौ वर्ष की आयु का क्षत्रिय पिता के सामने पुत्र की तरह होता है। अपने से हीन वर्ण का व्यक्ति भी विद्या या अवस्था में बढ़ कर हो तो उसके प्रति आदर और सम्मान व्यक्त करने का नियम है—'पूजा वर्णज्यायसां कार्या, वृद्धतराणां च' १.१३.२।

आपस्तम्बधर्मसूत्र में शूद्र वर्ण की निम्नस्थिति पर अधिक नहीं कहा गया है, किन्तु इससे अधिक प्राचीन गौतमधर्मसूत्र के समय में ही शूद्र की स्थिति बहुत गिरी हुई है। आपस्तम्बधर्मसूत्र के अनुसार भी शूद्र और पतित श्मशान के समान होते हैं उनके समक्ष वेद का अध्ययन निषिद्ध है—"श्मशानवच्छूद्र-पतितौ" १.९.९. यदि शूद्र उसी मकान में रहते हों तो वहाँ भी अध्ययन न करे यहाँ तक कि शूद्रा स्त्री देख ले तो वेद का अध्ययन बन्द कर देने का नियम है। किन्तु इसके साथ ही कुछ सहिष्णुता भी दिखाई पड़ती है। शूद्र भी आर्यजन की देखरेख में रसोइयों का कार्य कर सकता है। "आर्याधिष्ठिता वा शूद्रास्संस्कर्तारः स्युः" २.३.४. द्रष्टव्य २.३.९. और आपत्ति के समय शूद्र का अन्न भी भोज्य होता है। "तस्याऽपि धर्मोपनतस्य" १.१८.४. इस प्रकार की सहिष्णुता अनेक आचार्यों के विचारों में अभिव्यक्त है। मनु ४.२११ में ऐसा ही विचार दिखाई पड़ता है। प्रायश्चित्त और अपराध के लिए दण्ड के प्रसङ्ग में भी शूद्र के प्रति अत्यन्त कठोरता का नियम है। आपस्तम्बधर्मसूत्र के पहले ही वर्णों की स्थिति पूरी तरह निर्धारित हो चुकी थी अतः इस धर्मसूत्र में गौतम ध० सू० की तरह उनके विषय में व्यवहार के नियमों का स्पष्ट निर्देश करने की आवश्यकता नहीं समझी गई है।

आपस्तम्बधर्मसूत्र में आश्रमव्यवस्था—

आश्रमव्यवस्था भारतीय धर्म की अपनी विशेषता है। धर्मशास्त्र के अनुसार मानव जीवन योजनाबद्ध और निश्चित उद्देश्य की ओर उन्मुख है। व्यक्ति के जीवन का मूल्याङ्कन उसके कर्मों से होता है भौतिक साधन समृद्धि मात्र से नहीं। जीवन की प्रत्येक अवस्था के कर्तव्य निर्धारित हैं। व्यक्ति अवस्थानुसार किसी विशिष्ट जीवन प्रवृत्ति से प्रेरित होता है। भारतीय धर्म की आश्रम

व्यवस्था व्यक्ति की प्रवृत्तियों और क्षमताओं के अनुसार जीवन के कर्मों के विभाजन और सन्तुलन की व्यवस्था है। आश्रमव्यवस्था के पीछे एक उदात्त भावना है, एक मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि है।

आश्रमव्यवस्था पर आपस्तम्बधर्मसूत्र में पर्याप्त जोर दिया गया है। आश्रमों की व्यवस्था संस्कारों की आधारभूमि पर की गई है। आपस्तम्ब धर्मसूत्र के अनुसार जिस प्रकार उत्तम और अच्छी प्रकार जोते हुए खेत में पौधों और वनस्पतियों के बीज अनेक प्रकार के फल उत्पन्न करते हैं, उसी प्रकार गर्भाधान आदि संस्कारों से युक्त व्यक्ति भी फल का भागी होता है।

"यथौषधिवनस्पतीनां बीजस्य क्षेत्रकर्मविशेषे फलपरिवृद्धिरेवम्". २.२.४.।

संस्कारों में उपनयन संस्कार से ही ब्रह्मचर्याश्रम आरम्भ होता है। उपनीत के लिए वेद का अध्ययन परमावश्यक कर्त्तव्य है। उपनयन न करा कर वेद की उपेक्षा करने वाला 'ब्रह्महन्' कहलाता है और उसके साथ किसी भी प्रकार का सम्बन्ध वर्जित किया गया है। उनसे भी बढ़ कर वे लोग होते हैं जिनके कुल परम्परा से यज्ञोपवीत होने का ज्ञान नहीं है और जो 'श्मशान' कहे जाते हैं। किन्तु इन सभी प्रकार के उपनयन के अभाव से उत्पन्न दोषों के लिए प्रायश्चित्त का भी विधान किया गया है, जिसके उपरान्त शुद्धि हो जाती है। उपनयन का मुख्य प्रयोजन विद्याग्रहण है। स्त्रियों के लिए उपनयन का नियम नहीं है। उपनयन संस्कार के लिए यह आवश्यक है कि उपनयन करने वाला वेदों और शास्त्रों के ज्ञान से सम्पन्न हो और कुलपरम्परया निषिद्ध कर्मों से विरत रहने वाला एवं विहित कर्मों में मन लगाने वाला हो। उपनयन संस्कार के समय से ही बालक वेद के नियमों के अनुसार धार्मिक कृत्य करने का अधिकारी होता है। उपनयन ही वह सीमा है जहाँ से धार्मिक कृत्य करने का अधिकार आरम्भ होता है। (द्रष्टव्य, २.१५.२३–२४)।

ब्रह्मचर्यावस्था का मुख्य लक्ष्य अध्ययन है। अध्ययन एक तप है, इसके लिए वातावरण की अनुकूलता, मानसिक शान्ति और एकाग्रता, उचित स्थान और पवित्रता पर धर्मसूत्रों में विस्तृत विचार किया गया है। इसीलिए अनाध्याय का प्रकरण सूक्ष्म बातों के साथ प्रायः सभी धर्मसूत्रों में मिलता है। वस्तुतः, जब तक मन समाहित नहीं है, तब तक अध्ययन का कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता। वेदाध्ययन के लिए आचरण के नियमों का पालन आवश्यक है, अन्यथा नरक की प्राप्ति होती है और मनुष्य की आयु क्षीण होती है। नियमों का उल्लंघन करने से ही आज कल ऋषि नहीं उत्पन्न होते हैं—

"तस्माद्वयोऽन्नदेषु न आचरन्ते नियमातिक्रमात्" प्रश्न १ कण्डिका ५,४.

ब्रह्मचारी के लिए कामभावना सबसे बड़ी बाधा है। यह उसे अपने मुख्य कर्त्तव्य से विरत करती है, अतः उसे कामभावना का पूर्णतः नियन्त्रण करना चाहिये। मधु, मांस, गन्ध, माला, अञ्जन और सभी सुखदायी वस्तुओं का परित्याग करे। यहाँ तक कि शरीर की अधिक स्वच्छता भी ब्रह्मचारी के लिए वर्जित है। प्रत्येक विधि से भोग प्रवृत्ति को रोक कर उसे विद्याध्ययन में लगाना ब्रह्मचारी की दैनिक तपस्या है। स्त्री सम्पर्क या स्त्री सम्पर्क की कामना उसके व्रत से नितान्त विरोधी विचार हैं, इसीलिए अकारण किसी भी स्त्री के स्पर्श को वर्जित किया गया है। प्र० १. कं. ७ सू० १०.

ब्रह्मचर्य जीवन सभी प्रकार नैतिक गुणों के अर्जन और अभ्यास का जीवन है। ब्रह्मचारी को क्षमाशील, कर्त्तव्यपालन में तत्पर तथा लज्जाशील होना चाहिए और इन्द्रियों पर नियन्त्रण रखना चाहिए। धैर्य, उत्साह, अक्रोध, अनसूया ब्रह्मचारी के आवश्यक चारित्रिक गुण हैं। ब्रह्मचारी के लिए अनेक सामान्य नियम हैं। उसे सभी प्रकार की ऐन्द्रिय सुख देनेवाली वस्तुओं का त्याग करना आवश्यक है। शारीरिक सौन्दर्य के प्रदर्शन की प्रवृत्ति का भी त्याग करना चाहिये। जल में केलि-क्रीडा अथवा सुखानुभूति करते हुए स्नान भी ब्रह्मचारी के लिये निषिद्ध है। ब्रह्मचारी के कर्म मुख्यतः तीन प्रकार के हैं—गुरु को प्रसन्न करने वाले कर्म, कल्याण की प्राप्ति के कर्म तथा वेद का परिश्रमपूर्वक अभ्यास ("गुरुप्रसादनीयानि कर्माणि स्वस्त्ययनमध्ययनं च संवृत्तिरिति" १, ५, ९)। इन कर्मों के अतिरिक्त दूसरे कर्म ब्रह्मचारी को नहीं करने चाहिए। इस प्रकार अध्ययन और गुरु की सेवा विद्यार्थी के जीवन का लक्ष्य माना गया है।

आचार्य के लिए भी उसका आचरण प्रधान होता है। अतएव धर्मसूत्र में आचार्य के लिये भी अनेक नियमों की व्यवस्था की गयी है। आचार्य के धर्म-भ्रष्ट होने पर धर्मसूत्र में उसके त्याग का भी विधान है। ब्रह्मचर्याश्रम में ही नहीं, प्रत्युत सम्पूर्ण जीवन में आचार्य का सर्वाधिक महत्व है—"यस्माद्धर्मानाचिनोति स आचार्यः" आचार्य धर्म का ज्ञान कराता है। आचार्य विद्या के माध्यम से बालक को पुनः उत्पन्न करता है। वह माता-पिता से श्रेष्ठ होता है, क्योंकि जो जन्म उसके माध्यम से प्राप्त होता है वह स्वर्गसुख तथा निःश्रेयस् मोक्ष का हेतु होता है। माता-पिता केवल शरीर को ही उत्पन्न करते हैं, किन्तु आचार्य बालक को सर्वथा योग्य बनाता है। आचार्य का यह कर्तव्य है कि वह योग्य शिष्य का अध्यापन करे उसे अस्वीकार न करे १—कण्डिका १४ सूत्र २, ३।

शिष्य का यह कर्त्तव्य है कि गुरु के प्रति आराध्य देव के समान भावना रखे, उनके समक्ष व्यर्थ की बातें न करे और उनकी बातों को ध्यान से सुने—

"दैव मिवाचार्यमुपासीताऽविकत्थयन्नविमना वाचं शुश्रूषमाणोऽस्य"

१--कं० ६, १३

किन्तु इसी प्रसंग में यह भी कहा गया है कि शिष्य को विवेक से काम लेना चाहिये और यदि गुरु की आज्ञा का पालन करने से पतनीय कर्म का दोष होता हो तो उस आज्ञा का पालन नहीं करना चाहिये—"आचार्याधीनस्त्यादन्यत्र पतनीयेभ्यः" १–२–१९। अध्ययन से प्रमाद करने वाले या अपराधी शिष्य को गुरु डराकर, धमकाकर, भोजन बन्द कर या ठंडे पानी से नहलाकर दण्ड दे सकता है। प्र० १ कं० ८ सू० ३०। दूसरी ओर, शिष्य भी धर्म का उल्लंघन करनेवाले गुरु को एकान्त में समझा सकता है—"प्रमादादाचार्यस्य बुद्धिपूर्वं वा नियमातिक्रमं रहसि बोधयेत्" प्र० १ कं० ४ सू० २५। धर्म के कार्यों में गुरु की सहायता और रक्षा करना शिष्य का कर्त्तव्य होता है (१. ४. २३) और ब्रह्मचर्याश्रम में ब्रह्मचारी जो कुछ भी वस्तु प्राप्त करता है वह नियमतः गुरु का होता है। किसी कार्य के लिए जाते समय विद्यार्थी के लिए गुरु की प्रदक्षिणा का नियम है।

शिष्य के प्रति गुरु का कर्त्तव्य भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। गुरु शिष्य को पुत्रवत् माने, हृदय से उसकी उन्नति की कामना करे और ईमानदारी के साथ विद्या प्रदान करे यही आदर्श है—

"पुत्र मिवैनमनुकाङ्क्षन् सर्वधर्मेष्वनपच्छादयमानः सुयुक्तो विद्यां ग्राहयेत्"

१. ८. २५

गुरु शिष्य का किसी प्रकार शोषण न करे और अध्ययन कार्य में अवरोध न आने दे। हां, संकट की स्थिति इसका अपवाद है। गुरु जब शिष्य को विद्या प्रदान करने में प्रमाद करता है तो वह गुरु नहीं रह जाता और शिष्य को चाहिये कि ऐसे गुरु का त्याग कर दे। धर्मसूत्र की दृष्टि में गुरु और शिष्य का आदर्श जीवन के प्रमुख लक्ष्य की सिद्धि की ओर उन्मुख है। यह केवल जीविका या औपचारिकता का सम्बन्ध नहीं है।

धर्मसूत्र में अभिवादन शिष्टाचार या नित्य आचरण का महत्वपूर्ण अङ्ग है, अतः प्रत्येक अवसर पर अभिवादन की विधि का निर्देश किया गया है। गुरु के पादोपसंग्रहण का नियम सभी धर्मसूत्रों और गृह्यसूत्रों में आया है। अभिवादन, प्रत्यभिवादन में नाम के अन्तिम स्वर को प्लुत करने का नियम है, किन्तु यहाँ भी शूद्र के लिए भिन्न नियम दिया गया है। ध्यातार्ह है कि अभिवादन और पादोपसंग्रहण भिन्न हैं। पादोपसंग्रहण गुरुओं के सम्बन्ध में

विहित है, गुरु का पादोपसंग्रहण अध्ययन आरम्भ करने से पूर्व करना चाहिये। अभिवादन इसके अतिरिक्त अन्य सभी अवसरों पर करना चाहिये।

ब्रह्मचारी के धर्म का एक आवश्यक अंग सायं प्रातः समिदाधान और भिक्षाचरण है। प्र० १ कं० ३ सू० ४३ के अनुसार ब्रह्मचारी भिक्षाचरण के रूप में एक प्रकार का यज्ञ ही करता है—"भैक्षं हविषा संस्तुतं तन्नाऽऽचार्यो देवतार्थे।" किन्तु धर्मसूत्र में भिक्षा के कुछ निश्चित निमित्त विहित हैं—आचार्य को दक्षिणा देने के लिए, विवाह, यज्ञ, माता-पिता के भरणपोषण के लिए भिक्षा माँगी जा सकती है। जिस किसी याचक को भिक्षा देना उचित नहीं ठहराया गया है, प्रत्युत याचक के गुणों पर विचार कर ही भिक्षा देनी चाहिये—

"तत्र गुणान् समीक्ष्य यथाशक्ति देयम्" २. १०. २ केवल भौतिक सुख की लिप्सा से भिक्षा माँगना पाप है। किन्तु आचार्य को दक्षिणा देने के लिए शूद्र से भी धन लिया जा सकता है। १. ८. २१। ब्रह्मचारी को भिक्षा देना गृहस्थ का परम कर्तव्य है। हमारे धर्मसूत्र के अनुसार, भिक्षा न देने पर ब्रह्मचारी पुण्य, प्रजा, पशु, कुल, विद्या सभी कुछ छीन लेता है (१ कं० ३ सू० २६)। इस सम्बन्ध में धर्मसूत्र ने गोपथब्राह्मण का भी एक अंश उद्धृत किया है।

गृहस्थाश्रम—गृहस्थाश्रम के महत्त्व का प्रतिपादन प्रायः सभी धर्मसूत्रों में किया गया है। आपस्तम्बधर्मसूत्र के अनुसार "तीन प्रकार की विद्याओं के ज्ञाता आचार्यों का मत है कि वेद ही परम प्रमाण हैं, इस कारण वेदों में व्रीहि, यव, यज्ञपशु, आज्य, दुग्ध, खप्पर का उपयोग करते हुए, पत्नी के साथ, मन्त्रों का उच्च या मन्द स्वर से पाठ कर जिन कर्मों के करने का विधान है उन्हें करना चाहिये और इस कारण उनके विपरीत आचरण का निर्देश करने वाले नियमों को वेदज्ञ प्रमाण नहीं मानते हैं।

"त्रैविद्यवृद्धानां तु वेदाः प्रमाणमिति निष्ठा तत्र यानि श्रूयन्ते व्रीहियव-पश्वाज्यपयः कपालपत्नीसम्बन्धान्युच्चैर्नीचैः कार्यमिति नैर्विरुद्ध आचारोऽ-प्रमाणमिति मन्यन्ते।" (२ कं० २३. ९)।

गृहस्थाश्रम के महत्त्व के विषय में आगे कहा गया है—

"अथाप्यस्य प्रजापतिममृतमाम्नाय आह-प्रजामनु प्रजायसे तदुते मर्त्या-ऽमृतमिति।"

इसके अतिरिक्त गृहस्थ की सन्तान को अमृत बताकर वेद ने कहा है—हे मरणधर्मा मनुष्यों! तुम अपनी सन्तान में पुनः उत्पन्न होते हो, अतः सन्तान

ही तुम्हारे लिये अमरत्व है।" पिता ही पुत्र के रूप में उत्पन्न होता है, दोनों में सारूप्य होता है यह भी सामान्यतः देखा जाता है। वस्तुतः पिता प्रजापति का रूप होता है। "पुनस्सर्गे बीजाय भवन्तीति भविष्यत्पुराणे।" २. २४. ६.

गृहस्थाश्रम की प्रशंसा में प्रजापति के दूसरे वचन का भी उल्लेख किया गया है—

"त्रयो विद्या ब्रह्मचर्यं प्रजातिः श्रद्धा तपो यज्ञमनुप्रदानम्। य एतानि कुर्वते तैरिस्सह स्मो रजो भूत्वा ध्वंसतेऽन्यत्प्रशंसन्ति।" जो तीनों वेदों का अध्ययन, ब्रह्मचर्य, सन्तानोत्पत्ति, श्रद्धा, तप, यज्ञ तथा दान—इन कर्मों को करता है वह मेरे साथ निवास करता है। जो इनके विपरीत कर्म करता है वह धूल में मिल जाता है।"

गृहस्थाश्रम में पति और पत्नी का समान महत्व है और पाणिग्रहण के उपरान्त दोनों को सभी कर्म साथ-साथ करने होते हैं। पर्वों पर दोनों को उपवास करना चाहिये। गृहस्थाश्रम के कर्त्तव्यों में स्थालीपाक प्रमुख प्रतीत होता है इसके लिए अग्नि का उपसमाधान करना होता है। पति और पत्नी सभी कर्मों में सहयोगी होते हैं अतः उनमें किसी भी प्रकार के दायविभाग का नियम नहीं है। वे दोनों पुण्यों के फल में भी समान रूप से अधिकारी होते हैं और धन के उपार्जन में भी साथ होते हैं।

अतिथिसत्कार गृहस्थाश्रम का एक प्रधान कर्त्तव्य है। इसका उल्लेख गौरव के साथ सभी धर्म और गृह्यसूत्रों में है। आपस्तम्ब के अनुसार अतिथि वही है, जो अपने धर्म में निरत रहने वाले गृहस्थ के यहाँ केवल धर्म के प्रयोजन से जाता है, "स्वधर्मयुक्तं कुटुम्बिनमभ्यागच्छति धर्मपुरस्कारो नाऽन्यप्रयोजनः सोऽतिथिर्भवति।" (२. ६. ५)। अतिथि की पूजा को शान्ति और स्वर्ग की प्राप्ति का साधन माना गया है। अतिथि सत्कार के नियम में यह निर्देश किया गया है कि अतिथि के आने पर उठकर उसकी अगवानी करनी चाहिए और अवस्था के अनुसार उसका आदर करना चाहिए और योग्य स्थान प्रदान करना चाहिए। अतिथि के पैरों को दो बार धोवें। कुछ आचार्यों का मत है कि अतिथि के लिए मिट्टी के पात्र में जल लाना चाहिए।

अतिथि को ठहरने के लिए स्थान, सोने के लिये शय्या, चटाई, तकिया, चादर, अञ्जन आदि आवश्यक वस्तुएँ देनी चाहिये। यदि परिवार के सभी व्यक्तियों के भोजन कर चुकने के बाद भी अतिथि आवे तो उसके भोजन का प्रबन्ध करना चाहिये। गृहस्थों के लिये अतिथि सत्कार नित्य किया जाने वाला प्राजापत्य यज्ञ है—"स एष प्राजापत्यः कुटुम्बिनो यज्ञो नित्यप्रततः।" १.१। अतिथियों के उदर की अग्नि आहवनीय अग्नि है, पवित्र गृह्य अग्नि

गार्हपत्य अग्नि है, जिस अग्नि पर भोजन पकाया जाता है वह दक्षिणाग्नि है। इसी प्रकार धर्मसूत्र में कहा गया है कि अतिथि को दिया गया दूध से युक्त अन्न अग्निष्टोम का फल उत्पन्न करता है, घृतमिश्रित भोजन उक्थ्य का फल प्रदान करता है, मधु से युक्त भोजन अतिरात्र यज्ञ का फल देता है, मांस से युक्त भोजन द्वादशाह यज्ञ का फल देता है तथा अन्न और जल अनेक सन्तान एवं दीर्घजीवन प्रदान करते हैं। अतिथि चाहे प्रिय हो या अप्रिय उसका सत्कार स्वर्ग-फल प्रदान करता है। अतिथि सत्कार-रूपी प्राजापत्य यज्ञ में तीनों समय दिया गया अन्न तीन सवन होता है। अतिथि के पीछे जाना उदवसनीया इष्टि का प्रतीक है, मधुर भाषण ही यज्ञ की दक्षिणा है। अतिथि के प्रस्थान करते समय उसके पीछे चलना ही विष्णुक्रम है, अतिथि को पहुँचा कर लौटना ही मान इस यज्ञ का अन्तिम अवभृथ स्नान है। जो व्यक्ति अतिथि को एक रात्रि अपने घर में ठहराता है वह पृथ्वी के सुखों को प्राप्त करता है, जो दूसरी रात्रि ठहराता है वह अन्तरिक्ष लोकों को जीतता है, तीसरी रात्रि ठहराने वाला स्वर्गीय लोकों को प्राप्त करता है, चौथी रात्रि ठहराने वाला असीम आनन्द का लोक जीत लेता है। अनेक रात्रियों तक अतिथि को ठहराने से असीम सुखों की प्राप्ति होती है। (प्र० २.कं. ७ सू. ६)।

इसी प्रसङ्ग में कहा गया है कि भोजन न होने पर भी आसन, पादप्रक्षालन, शयन-आसन, स्वागत के वचन से अतिथि का सत्कार करना चाहिये—'अभावे भूमिरुदकं तृणानि कल्याणी वाग्नित्येतानि वै सतोऽगारे न क्षीयन्ते कदाचनेति।' २.३.१४। अतिथि के रूप में यदि कोई शूद्र आये तो उसे कोई कार्य सौंप दिया जाता है और फिर उसे भोजन दिया जाता है। २.३.१९–२०.

ब्रह्मयज्ञ या वेद का स्वाध्याय गृहस्थाश्रम का एक दैनिक कर्म है। इसकी उपेक्षा कदापि अभीष्ट नहीं है। भोजन से पहले ही नित्य स्वाध्याय का नियम है। आपस्तम्बधर्मसूत्र में ब्राह्मण का उद्धरण देते हुये नित्य स्वाध्याय को तप माना गया है। कृच्छ्र, अतिकृच्छ्र, चान्द्रायण आदि तपों का जो कुछ फल होता है वही फल स्वाध्याय का भी होता है। (प्र० १ कं० १२, सू० १)। इसी प्रसङ्ग में शतपथ ब्राह्मण का एक अंश भी उद्धृत किया गया है—

"अथापि वाजसनेयिब्राह्मणम्....." (द्र० पृष्ठ ९०)

वैश्वदेवकर्म भी गृहस्थाश्रम के धर्मों का एक अनिवार्य अङ्ग है। इसके अतिरिक्त पितृकर्म या श्राद्धकर्म की महत्ता पर भी धर्मसूत्र में विस्तार से विचार किया गया है। बलिकर्म के बाद गृहस्थ को चाहिये कि सबसे पहले

अतिथियों को भोजन कराये, उसके बाद बालकों, वृद्धों, रोगियों, सम्बन्ध की स्त्रियों को तथा गर्भवती स्त्रियों को भोजन कराये।

भोजन की शुद्धता धर्मसूत्र का एक प्रमुख विवेच्य विषय है। किसी भी प्रकार की अपवित्र वस्तु के सम्पर्क से भोजन अभोज्य हो जाता है। आपस्तम्बधर्मसूत्र में प्रथम प्रश्न की सोलहवीं, सत्रहवीं कण्डिका में भोजन की शुद्धता का विस्तार के साथ विवेचन किया गया है। इस काल तक शूद्र द्वारा स्पृष्ट भोजन अभोज्य माना जाने लगा है। खट्टा, रातभर रखा हुआ, बासी भोजन, बाजार से खरीदा हुआ भोजन अभोज्य माना जाता है। चित्र निर्माण आदि कर्म कर जीविका निर्वाह करने वाले शिल्पियों का भोजन भी नहीं ग्रहण करना चाहिए (द्र० पृ० १३९)। इसी प्रकार दवा आदि देकर जीविका निर्वाह करने वाले तथा ब्याज लेने वाले व्यक्ति का अन्न भी अभोज्य होता है। प्रायश्चित्त न करने वाले ब्राह्मण का अन्न अभोज्य होता है। आपस्तम्ब के अनुसार गाय तथा बैल का मांस भक्ष्य हो सकता है 'धेन्वनड्वाहोर्भक्ष्यम्' १. कं० १७.३०। बाजसनेयक के मतानुसार बैल का मांस यज्ञ में अर्पित करने योग्य माना गया है १.१७.३१।

विवाह और नारी—इस धर्मसूत्र में विवाह के छः भेदों का उल्लेख किया गया है, जब कि सामान्यतः आठ भेद धर्मसूत्रों में वर्णित हैं। ये छः भेद हैं—ब्राह्म, आर्ष, दैव, गान्धर्व, आसुर और राक्षस। प्राजापत्य तथा पैशाच विवाह के विषय में हमारा धर्मसूत्र मौन है। इनमें तीन भेदों ब्राह्म, आर्ष और दैव को प्रशस्त माना गया है तथा गान्धर्व, आसुर और राक्षस विवाहों को निन्दित कहा गया है। इन सबमें ब्राह्म विवाह को सबसे उत्तम स्वीकार किया गया है।

धर्मसूत्रों में विवाह के जो भेद बताये गये हैं उनका निर्णायक आधार कन्या प्राप्ति का ढंग है। कन्या कैसे ग्रहण की जाती है इसी आधार पर इन भेदों में अन्तर है या श्रेष्ठता और निकृष्टता का विचार है। ब्राह्म विवाह में वर के कुल, आचरण, धर्म में आस्था, विद्या, स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपनी शक्ति के अनुसार कन्या को आभूषणों से अलंकृत कर प्रजा की उत्पत्ति के लिए तथा एक साथ धर्म के प्रयोजन के लिए कन्या प्रदान करे। आर्षविवाह में वर कन्या के पिता को दो सौ गाय तथा बैल प्रदान करे। दैव विवाह में पिता कन्या को किसी ऐसे ऋत्विज् को प्रदान करे जो श्रौतयज्ञ करा रहा हो। यदि कन्या और वर पारस्परिक प्रेम से स्वयं विवाह कर लेते हैं तो वह गान्धर्व विवाह कहलाता है। यदि वर कन्या के लिए अपनी शक्ति के अनुसार धन प्रदान कर विवाह करे, तो वह आसुर विवाह कहलाता है। कन्या

पक्ष वाले को परास्त कर यदि वर कन्या का अपहरण करे तो वह राक्षस विवाह कहलाता है।

विवाह की पवित्रता पर जिस कारण से अधिक विचार किया गया है वह स्पष्टतः यही है कि जैसा विवाह होता है, वैसा ही पुत्र होता है—"यथायुक्तो विवाहस्तथा युक्ता प्रजा भवति" २. १२. ४। इसी सम्बन्ध में हमारे धर्मसूत्र में गोत्र का भी विचार किया गया है। इसके अनुसार अपने ही गोत्र के पुरुष के साथ पुत्री का विवाह नहीं करना चाहिए। "सगोत्राय दुहितरं न प्रयच्छेत्' २. ११. १५ ऐसे पुरुष को भी कन्या देना निषिद्ध है जो मातृपक्ष से छः पीढ़ी के भीतर संबद्ध हो, अथवा पिता के पक्ष से संबद्ध हो।

आपस्तम्बधर्मसूत्र के समय एकपत्नीत्व की प्रवृत्ति को प्रमुखता प्राप्त हुई है। २.११.१२ में स्पष्टतः कहा गया है—"धर्मप्रजासम्पन्ने दारे नाऽन्यां कुर्वीत"। अर्थात् यदि पत्नी श्रौत, गृह्य, स्मार्त धर्मों में श्रद्धा रखनेवाली तथा पुत्र उत्पन्न करने में सक्षम हो तो दूसरा विवाह नहीं करना चाहिए। किन्तु यदि पत्नी दोनों में से किसी एक कार्य के सम्पादन में असमर्थ हो तो अग्निहोत्र की अग्नि प्रज्वलित कर दूसरी पत्नी ग्रहण कर सकता है। इस प्रकार अग्निहोत्र की अग्नि के आधान के साथ पत्नी का मौलिक सम्बन्ध है। इस धर्मसूत्र की दृष्टि में भी परिवार में माता का महत्त्वपूर्ण स्थान है। समावर्तन के बाद लौटे हुए पुत्र द्वारा उपार्जित वस्तुएँ माता को ही समर्पित करनी होती हैं। (१. ८. १५)।

अन्य धर्मसूत्रों के समान आपस्तम्बधर्मसूत्र में भी नियोग की प्रथा का उल्लेख है। कन्या कुल को दी जाती है, इस कारण पति के अभाव में अथवा उसके सन्तानोत्पत्ति में सक्षम न होने पर उसी के गोत्र के पुरुष से विवाहिता स्त्री पुत्र उत्पन्न कर सकती है—

"सगोत्रस्यनीयां न परेभ्यस्समाचक्षीत" २. २७. २।

किन्तु आपस्तम्बधर्मसूत्र के समय तक नियोग की प्रथा का लोप हो चला था। इसका कारण इस सूत्र में यह दिया गया है कि नियोग के धार्मिक पहलू पर लोग अब ध्यान नहीं देते और ऐन्द्रिय सुखों से प्रेरित होकर व्यभिचारी हो जाते हैं। अतः इन्द्रियों की दुर्बलता से नियोग निषिद्ध कर दिया गया है। किन्तु इसके साथ नियोग में किये जाने वाले गोत्र के विचार की आलोचना करते हुए धर्मसूत्रकार ने उसे व्यर्थ बताया है, क्योंकि पति से भिन्न सभी पुरुष समान हैं, चाहे वे पति के गोत्र के हों या न हों। आपस्तम्बधर्मसूत्र ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैवाहिक पवित्रता सभी प्रकार से श्रेयस्कर है और उसका लोक-परलोक में अधिक फल मिलता है।

संन्यास—गृहस्थाश्रम के बाद संन्यास एक महत्वपूर्ण आश्रम है। ब्रह्मचर्याश्रम के नियमों का पालन करनेवाला व्यक्ति ही संन्यास ग्रहण कर सकता है। वह अग्नि का, घर का और सभी प्रकार के सुखों का परित्याग करे, अल्पभाषण करे और इतनी ही भिक्षा मांगे जिससे जीविका-निर्वाह हो। संन्यासी दूसरों द्वारा फेंके गये वस्त्रों को ही धारण करे। कुछ धर्मज्ञों का मत है कि संन्यासी सभी वस्त्रों का परित्याग कर नग्न रहे। स्पष्ट है कि आपस्तम्ब के समय नग्न रहने वाले मुनि लोग भी थे। संन्यासी के समक्ष केवल एक ही लक्ष्य है—आत्मा का ज्ञान प्राप्त करना।

वानप्रस्थ—वानप्रस्थाश्रम में भी वही व्यक्ति प्रवेश कर सकता है जो ब्रह्मचारी के नियमों का पालन करता हो। वानप्रस्थ केवल एक अग्नि प्रज्वलित करे, घर में न रहे, किसी प्रकार का सुख भोग न करे, किसी की शरण में न रहे और केवल दैनिक अध्यवसाय के समय बोले। मूल, फल, पत्तों और तिनका आदि का भोजन करते हुए जीविका निर्वाह करे, फिर स्वयं गिरे हुए फलों और पत्तों का भक्षण करे, तब कुछ दिन जल पीकर जीवन धारण करे, कुछ दिन केवल वायु का सेवन करे और फिर केवल आकाश का ही भक्षण करे। इनका उत्तरोत्तर अधिक फल होता है। कुछ आचार्यों के अनुसार वानप्रस्थ के लिए ही अन्य आश्रमों के कर्मों का क्रमानुसार पालन करना चाहिये। वानप्रस्थ गांव से बाहर वन में घर बनाकर वहां पत्नी, पुत्र-पुत्रियों और अग्नि के साथ निवास करे अथवा अकेले ही निवास करे। वानप्रस्थ किसी भी प्रकार का दान न ग्रहण करे। कुछ आचार्यों के अनुसार गृहस्थ को चाहिए कि वह सभी घरेलू वस्तुओं के जोड़े बनवाये और उनमें से अपने उपयोग के लिए एक-एक ग्रहण कर वन को प्रस्थान करे। वन की वस्तुओं से ही होम कर्म करे। सभी मन्त्रों का तथा दैनिक स्वाध्याय का पाठ इस प्रकार करे कि वह दूसरों को न सुनाई पड़े। केवल अग्नि को सुरक्षित रखने के लिए घर बनाये और स्वयं खुले स्थान पर निवास करे।

राजा के कर्त्तव्य तथा अर्थव्यवस्था—

धर्मसूत्रों का अनिवार्य विषय राजधर्म आपस्तम्ब की दृष्टि से छूट नहीं सका है। राजा के कर्त्तव्यों का विवेचन यहां भी किया गया है। राजा का मुख्य कर्त्तव्य दण्ड देना है। राजा को चाहिए कि वह साक्षियों के आधार पर प्रश्न कर तथा शपथ दिलाकर अपराध पर विचार कर दण्ड दे—

"सुविचितं विचिन्त्य दैवप्रश्नेभ्यो राजा दण्डाय प्रतिपद्यते।"

प्र० २. कं० ११. सू० ३।

नैतिक नियमों की रक्षा तथा धर्म का उल्लंघन करने वालों को दण्ड देना राजा का धर्म है। नैतिकता की रक्षा के लिए उसे स्त्रियों के प्रति किये गये दुर्व्यवहार को दण्ड देना चाहिए। आपस्तम्ब के अनुसार राजा ऐसे पुरुष को दण्ड दे जो युवती स्त्रियों पर दुर्भावनापूर्ण दृष्टि डालता है २, १६, १९। व्यभिचार में प्रवृत्त होने वाले पुरुष की प्रजननेन्द्रिय को कटवा देने का दण्ड भी सूत्र में विहित है (पृ० ३६२)। व्यभिचारी द्वारा दूषित की गयी कन्या का भरणपोषण भी स्वयं राजा को करना होता है और प्रायश्चित के बाद इस प्रकार की कन्याएँ विवाहार्थ ग्राह्य मानी गयी हैं।

आपस्तम्बधर्मसूत्र के द्वितीय प्रश्न के दशम पटल में राजा के कर्त्तव्यों का कुछ अधिक स्पष्टता से निर्देश किया गया है। न्याय व्यवस्था उसका धर्म है उसे न्याय कर्त्ताओं को उनकी योग्यता, विद्या, कुल अवस्था, बुद्धि और आचरण का विचार कर ही नियुक्त करना चाहिए।

प्रजा की रक्षा के लिए राजा को नगर के बीच में प्रासाद बनवाना चाहिए। प्रासाद के आगे एक आवसथ भवन हो और उसका नाम 'आमन्त्रण' हो। आवसथ अतिथियों के लिए होना चाहिए। सभाभवन में राजा द्यूत की व्यवस्था कराता है। प्रजा की सुरक्षा राजा का प्रधान कर्त्तव्य है। जिस राजा के राज्य में, ग्राम में या वन में चोरों का भय नहीं होता, वही कल्याण-कारी राजा होता है—

"क्षेमकृद्राजा यस्य विषये ग्रामेऽरण्ये वा तस्करं भयं न विद्यते।"

२. २५. १५।

विशेषतः ब्राह्मण की और ब्राह्मण के धन की रक्षा राजा का परम कर्त्तव्य है। ब्राह्मण के धन की रक्षा करते समय मृत्यु प्राप्त कर लेना यज्ञ करने के समान बताया गया है। प्रजा की रक्षा का कार्य योग्य कर्मचारियों को सौंपना चाहिए। रक्षाधिकारी नगर के चारो ओर एक योजना के क्षेत्र में तथा ग्राम के चारो ओर एक कोस के क्षेत्र में रक्षा कार्य करें। यदि इन क्षेत्रों में कोई चोरी होती है तो रक्षापुरुषों से धन चुकता कराया जाय।

राजा की आर्थिक व्यवस्था का आधार कर है, किन्तु कर ग्रहण में भी राजा को विवेक का आश्रय लेकर नियमों का पालन करना होता है। विद्वान् श्रोत्रिय ब्राह्मण, स्त्रियों, अल्पवयस्क बालकों, गुरुकुल में अध्ययन करनेवाले, दासवृत्तिवाले, गूँगे, बहरे तथा रोगी से कोई कर नहीं लिया जाता। संन्यासी से भी किसी भी प्रकार का कर न लेने का विधान है।

उत्तराधिकार के नियम—पिता का यह कर्त्तव्य है कि वह अपने जीवन काल में ही पुत्रों में दाय का विभाजन करे, किन्तु नपुंसक, पागल और पातकी पुत्रों को किसी प्रकार का अंश न प्रदान करे। पुत्र न होने पर दाय का भाग सपिण्ड को प्राप्त होता था। इस प्रकार पुत्रहीन व्यक्ति की विधवा पत्नी सम्पत्ति की अधिकारिणी नहीं होती थी। ऐसा ही मत बौधायन का भी प्रतीत होता है।

किन्तु इस काल में पुत्री के लिए भी उत्तराधिकार का नियम है। पुत्र न होने पर पुत्री दाय की उत्तराधिकारिणी होती थी २,१४,४। दाय के अधिकारी सपिण्ड और आचार्य आदि सभी का अभाव होने पर सम्पत्ति राजा की हो जाती थी। कुछ आचार्यों के अनुसार सभी पुत्रों में ज्येष्ठ पुत्र ही दाय का अधिकारी होता था और उससे छोटे पुत्र अधीन रहते थे। आपस्तम्ब ने दाय विभाग के सम्बन्ध में कुछ देशों के इस नियम का भी उल्लेख किया है कि ज्येष्ठ पुत्र को कुछ विशेष अंश प्राप्त होता था। इसी प्रकार रथ और काष्ठोपकरण पिता के अधिकार में ही रहते थे और स्त्री का भी अपना एक अंश होता था। किन्तु आपस्तम्ब को यह विचार मान्य नहीं है कि केवल ज्येष्ठ पुत्र ही दाय का अधिकारी हो और इस सम्बन्ध में तैत्तिरीय संहिता ३.१.९ में मनु द्वारा सभी पुत्रों में समान विभाजन के नियम का उल्लेख कर सभी पुत्रों में समान विभाजन करना ही उचित बतलाया है—

"सर्वे हि धर्ममुक्ता भागिनः" २. १४. १४।

दाय या सम्पत्ति के विभाग का भी मुख्य प्रयोजन यही है कि उसका उपयोग धर्मकर्म में किया जाय। सभी अपना अंश प्राप्त कर उसे धार्मिक कार्यों में लगाकर धर्म की वृद्धि करें और इसीलिए धर्मसूत्र में कहा गया है कि जो धन को अधर्म में नष्ट करता है वह पुत्र ज्येष्ठ होने पर भी दायविभाग का अधिकारी नहीं है।

आपस्तम्बधर्मसूत्र के काल में खेती को प्रचुर महत्व मिल चुका है। खेती के विषय में अनेक नियम दिये गये हैं जिनसे सिद्ध होता है कि खेती की ओर राजा को भी विशेष ध्यान देना होता था। खेती के लिए दूसरे का खेत लेकर खेती न करने पर उसकी उपज का अनुमानित मूल्य खेत को देना होता था इस प्रकार भूमि पर स्वामित्व और काश्तकारी का रूप बहुत कुछ स्थिर हो गया था—

"क्षेत्रं परिगृह्योप्ता नाभावात्फलाभावे यस्समृद्धस्स भावि तदपहार्यः।"

२.२८.१।

इसी प्रकार जमीन्दारी प्रथा का आरम्भिक रूप अपने अस्तित्व में आ चुका था—मजदूरों की पिटाई या चरवाहों को शारीरिक दण्ड देने के नियम इसी व्यवस्था के द्योतक हैं।

आपस्तम्ब का धार्मिक एवं नैतिक दृष्टिकोण—

आपस्तम्बधर्मसूत्र के आरम्भ में ही सामयाचारिक धर्मों को मुख्य प्रतिपाद्य विषय बताया गया है। सामयाचारिक धर्म का सम्बन्ध 'समय' से है और समय का अर्थ पुरुषकृत व्यवस्था है। हरदत्त ने अपनी व्याख्या में तीन प्रकार के समय का उल्लेख किया है—विधि, नियम, प्रतिषेध। सामयाचारिक का अर्थ "समयमूला आचारास्समयाचाराः तेषु भवाः सामयाचारिकाः।" धर्म के ज्ञाताओं की सहमति से व्यवस्थापित दैनिक आचार को सामयाचारिक धर्म कहा गया है, किन्तु स्मरणीय है कि धर्म के ज्ञाताओं के समय को ही धर्म के लिए प्रामाणिक माना जाता है। इसीलिए इस सूत्र में कहा गया है—'धर्मज्ञसमयः प्रमाणम्' (पृ० ३)।

धर्म के सम्बन्ध में आपस्तम्ब का विचार अधिक आधुनिक और व्यावहारिक प्रतीत होता है। यद्यपि धर्म का मूल प्रमाण वेद को ही माना गया है, तथापि उसके साथ ही धर्मज्ञों की संविदा या सहमति द्वारा की गयी आचारव्यवस्था को भी मुख्य रूप से प्रमाण माना गया है। वेद का महत्व इसलिए है कि धर्मज्ञों के लिए भी वेद ही प्रमाण है।

नैतिक विचारों में कर्म का सिद्धान्त भी धर्मसूत्र में अभिव्यक्त है। मनुष्य को अपने कर्म के अनुसार ही जन्म, शरीर का आकार, रंग, शक्ति, प्रतिभा, ज्ञान, धन, धर्म के अनुष्ठान की क्षमता प्राप्त होती है और वह पहिए की तरह दोनों लोकों में सुखपूर्वक चलता है।

"ततः परिवृत्तौ कर्मफलशेषेण जातिं रूपं वर्णं बलं मेधां प्रज्ञां द्रव्याणि धर्मानुष्ठानमिति प्रतिपद्यते तच्चक्रवदुभयोर्लोकयोः सुख एव वर्तते।" २.२.३

धर्मसूत्र आचार के सम्बन्ध में सदैव विवेक से काम लेने की सलाह देता है, क्योंकि महान पुरुषों में भी कई दुर्बलताएँ होती हैं। पूर्वजों या ऋषियों के कर्मों में धर्म के उल्लंघन तथा साहसपूर्ण कर्म का उदाहरण देखने में आता है। किन्तु सामान्य मनुष्य को उनके उदाहरण का अनुकरण नहीं करना चाहिए। उनका अनुकरण करने से मनुष्य पाप का भागी होता है, अतः सदैव धर्म के सम्बन्ध में स्वविवेक का आश्रय लेना आवश्यक है। "दृष्टो धर्मव्यतिक्रमस्साहसं च पूर्वेषाम्"। तेषां तेजोविशेषेण प्रत्यवायो न विद्यते। तदन्वीक्ष्य प्रयुञ्जानस्सीदत्यवरः। २.१३. ७-९।

आपस्तम्ब का विचार है कि मनुष्य अपनी इन्द्रियों के साथ पतित नहीं होता, यद्यपि हारीत का मत इसके विपरीत है। इस प्रकार पतित व्यक्ति का पुत्र भी यदि उससे दूर रहे तो आर्यों में रहने योग्य हो जाता है। हारीत ने अपने मत के समर्थन में स्त्री की उपमा दधिधानी से दी है। जिस प्रकार यज्ञ के दधिपात्र में अशुद्ध दूध में जल और तक्र मिलाने पर उससे उत्पन्न दधि यज्ञ के कार्य के लिए ठीक नहीं होता उसी प्रकार पतित पुरुष से उत्पन्न पुत्र भी पतित होता है। इस प्रकार मनुष्य के अपने कर्म ही सामाजिक अवमानना या प्रतिष्ठा के कारण हैं। पतनीय कर्मों के अतिरिक्त अशुचिकर कर्म भी गिनाये गये हैं, जैसे उच्च वर्णों की स्त्रियों का शूद्र पुरुष के साथ सम्बन्ध और आर्यों का अपपात्र स्त्रियों के साथ यौनसम्पर्क।

इस सूत्र में आचार का महत्त्व अत्यन्त स्पष्ट शब्दों में अभिव्यक्त है—
'कृत्स्नो धर्मसमाप्तिस्सामान्येन लक्षणकर्मणा तु समाप्यते।' २.३१.१३।

आचरण का विचार उच्छिष्ट भोजन के प्रसंग में भी किया गया है। यदि पिता या बड़े भाई का भी आचरण धर्म के विपरीत हो तो उनका छोड़ा हुआ भोजन नहीं ग्रहण करना चाहिए। १.४.११, १२। आचार से भ्रष्ट होने पर कठोर व्रत का विधान किया गया है। गुरु की हत्या, गुरुपत्नीगमन, सुवर्ण की चोरी, सुरापान आदि के प्रायश्चित्त अत्यन्त कठिन और भयावह हैं। आपस्तम्बधर्मसूत्र ने प्रचलित आचार की अपेक्षा श्रुति के नियम को अधिक प्रामाणिक माना है—

"श्रुतिर्हि बलीयस्यानुमानिकादाचारात्" १.४.८

नैतिकता के सम्बन्ध में आपस्तम्बधर्मसूत्र में अभिव्यक्त विचार गौतम-धर्मसूत्र के विचारों से बहुत भिन्न नहीं है। निकट संबन्ध की या निकट संबन्ध जैसी स्त्रियों के साथ यौन संबन्ध पतन का कारण है, तो दूसरी ओर आपस्तम्ब ने अन्य आचार्यों का मत भी दिया है, जिसके अनुसार गुरुपत्नियों के अतिरिक्त अन्य विवाहिता स्त्रियों से मैथुन पतन का कारण नहीं होता।

"नाऽगुरुतल्पगे पततीत्येके।" २. २०.१०

क्रोध, हर्ष, रोष आदि को भूतदाहीय कहा गया है, ये प्राणियों का नाश करनेवाले दोष हैं—

'क्रोधो हर्षो रोषो लोभो मोहो दम्भो द्रोहो मृषोद्यमस्याशपरीवादावसूया कामम न्यू अनात्म्यमयोगस्तेषां योगश्लोको निर्घातः।" (पृ० १७५)

इसके विपरीत क्रोधहीनता, हर्ष का अभाव, रोष न करना, अलोभ, मोह का अभाव, दम्भ का न होना, द्रोह न करना, सत्यवचन, भोजन में संयम,

पर दोष कथन से विमुख होना, असूया का अभाव, स्वार्थहीन उदारता, दान आदि न लेना, सरलता, कोमलता, भावावेगों का शमन, इन्द्रियों को वश में करना, सभी प्राणियों के साथ प्रेम, आत्मा के चिन्तन में मन को समाहित करना, आर्यों के नियम के अनुसार आचरण करना, क्रूरता का त्याग, सन्तोष—ये उत्तम गुण सभी आश्रमों के लिए हैं। इनके आचरण से विश्वात्मा की प्राप्ति होती है।

जिस प्रकार जान बूझकर वध करने से उसका अधिक पाप होता है, उसी प्रकार जान बूझकर उत्तम कर्म करने पर उसका अधिक पुण्य होता है। वध के लिए प्रायश्चित्त स्वरूप दान देना भी पर्याप्त माना गया है। क्षत्रिय की हत्या में एक सहस्र, वैश्य की हत्या पर सौ, शूद्र की हत्या पर दस गायों का दान देने से प्रायश्चित्त हो जाता है। ये विचार मानवतावादी दृष्टिकोण के कितने विरोधी हैं। हिंसक की हिंसा धर्मसूत्र में निन्दित नहीं है। इस प्रकार की हिंसा से कोई पाप नहीं होता, क्योंकि उसमें क्रोध ही क्रोध का स्पर्श करता है।

इस धर्मसूत्र में यौनविषयक नैतिकता के नियमों में कुछ और अधिक कठोरता दिखायी पड़ती है किन्तु इन नियमों पर भी वर्णव्यवस्थाभावी है। यदि तीन उच्च वर्णों में से किसी वर्ण का पुरुष शूद्र स्त्री से मैथुन करे तो उसका देश से निष्कासन होना चाहिए। शूद्र वर्ण का पुरुष उच्च वर्णों की स्त्रियों के साथ सम्बन्ध करे तो वह मृत्युदण्ड का भागी होता है—'वध्यश्शूद्र आर्यायाम् २-२७९ ब्राह्मण के लिए पर स्त्री गमन का तीन वर्ष का प्रायश्चित्त कर्म निर्दिष्ट है और जितनी बार अपराध किया जाता है उतनी बार प्रायश्चित्त करना होता है। यदि शूद्र तीन उच्च वर्ण के व्यक्ति के प्रति अपशब्द कहता है तो उसकी जीभ कटवा लेनी चाहिए।

"शपति पथि शय्यायामासन इति समीभवतो दण्डताऽनम्।" २-२७-१५

यदि शूद्र किसी पुरुष का वध करे या चोरी करे, अथवा भूमि पर बलपूर्वक कब्जा करे तो उसकी सम्पूर्ण सम्पत्ति का अपहरण भी विहित है। किन्तु इन्हीं अपराधों के लिए ब्राह्मण को जीवन भर आँखों पर पट्टी बँधाकर रहना पड़ता था "चक्षुर्विरोधस्त्वेतेषु ब्रह्मणस्य" २.२७.१७.

आपस्तम्बधर्मसूत्र में धर्म के उद्देश्य की स्पष्ट मीमांसा की गयी है। धर्म का आचरण केवल सांसारिक उद्देश्य से ही नहीं करना चाहिए। यश, लाभ और सम्मान की प्राप्ति ही धर्म का प्रमुख लक्ष्य नहीं है। "नेमं लौकिकमर्थं पुरस्कृत्य धर्माश्चरेत्।" १.२०.१ जब धर्म का आचरण लौकिक उद्देश्य से किया

जाता है तब वह व्यर्थ हो जाता है। लौकिक फल धर्माचरण का गौणफल है, जैसे फल के लिए आम का पेड़ लगाने पर छाया और सुगन्धि भी प्राप्त होती है, उसी प्रकार धर्म का आचरण करने पर लौकिक फल भी गौण रूप से प्राप्त होता है—"तद्यथाऽऽम्रे फलार्थे निमित्ते छाया गन्ध इत्यनुपपद्येते, एवं धर्मं चर्यमाणमर्था अनुपपद्यन्ते।"

यदि धर्म का कोई लौकिक फल भी नहीं होता तो भी कोई हानि नहीं होती है। स्वयं धर्म के लिए भी धर्म का आचरण करना चाहिए। धर्मसूत्र ने इस बात की चेतावनी दी है कि धर्म का आडम्बर करने वालों से सतर्क और सावधान रहना चाहिए। धर्म और अधर्म को पहचानने के लिए विवेक की आवश्यकता है। धर्म का स्वरूप जानने के लिये वेद का ही आश्रय लेना चाहिए। वस्तुतः धर्म वही आचरण है, जिसे आर्य लोग उत्तम कहकर प्रशंसित करते हैं और जिसकी वे निन्दा करते हैं वह अधर्म है।

"यं त्वार्याः क्रियमाणं प्रशंसन्ति स धर्मो यं गर्हन्ते सोऽधर्मः।" १.२०.७

किन्तु धर्म उस आचार को माना गया है जिसे सभी स्थानों पर विनयशील, वृद्ध, जितेन्द्रिय, लोभहीन, दम्भहीन आर्यों द्वारा एकमत से स्वीकार किया गया हो।

× × ×

आपस्तम्बधर्मसूत्र के प्रथम प्रश्न के आठवें पटल में आत्मा के स्वरूप पर विचार किया गया है। इस पटल का नाम अध्यात्मपटल है और इसमें अभिव्यक्त विचार उपनिषद् ही प्रभावित है। योग पर विशेष बल दिया गया है।

चित्त के समाधान का हेतु योग है। चित्त का समाधान करने पर इन्द्रियों का निश्चार या बाहर की ओर विक्षेप समाप्त होता जाता है। आत्मा का ज्ञान सबसे बड़ा लाभ है—

"आत्मलाभान्न परं विद्यते।" आत्मा सभी प्राणियों में नित्य अर्थात् अनश्वर शाश्वत रूप में विद्यमान है, अमर और ध्रुव है, विकार रहित, ज्ञानस्वरूप, अङ्गहीन, शब्द और स्पर्श गुण से परे है। आत्मा ही सम्पूर्ण विश्व है, परम लक्ष्य है। विद्वान् वही है जो सभी प्राणियों को अपने में देखता है। जो आत्मा का दर्शन सभी वस्तुओं में करता है वह ब्राह्मण स्वर्गलोक में प्रतिष्ठित और देदीप्यमान होता है।

"आत्मन पश्यन् सर्वभूतानि न मुह्येच्चिन्तयन्कविः। आत्मानं चैव सर्वत्र यः पश्यस्स वै ब्रह्मा नाकपृष्ठे विराजति"। १०८. २३. १.

आत्मतत्त्व के विषय में कहा गया है कि वह ज्ञानवान् है, विसतन्तु से भी सूक्ष्म है, जो सम्पूर्ण विश्व को व्याप्त कर स्थित है। पृथ्वी से अधिक भारी है, नित्य है, सम्पूर्ण विश्व को अपने में समाविष्ट कर स्थित है। वह इन्द्रियों से उत्पन्न होने वाले संसार के ज्ञान से भिन्न है, जो ज्ञान इन्द्रिय-विषयों से अभिन्न है। वह अपने परम प्रकृष्ट लोक में स्थित होता है, वह सम्पूर्ण संसार को विविध रूपों में विभक्त करता है। उसी परमात्मा से ही शरीर उत्पन्न होते हैं, अतः वह सृष्टि का मूल कारण है, नित्य है, विकार रहित है।'

निपुणोऽणीयान् विसोर्णायां यस्सर्वमावृत्य तिष्ठति। वर्षीयाश्च पृथिव्या ध्रुवः सर्वमारभ्य तिष्ठति। स इन्द्रियैर्जगतोऽस्य ज्ञानादन्योऽनन्यस्य ज्ञेयात्परमेष्ठी विराजः। तस्मात्कायाः प्रभवन्ति सर्वे स मूलं शाश्वतिकः स नित्यः।

१. ८. २१.२ (पृ० १७२)

किन्तु आचार ही सभी प्रकार की सिद्धि का मूल है। मानसिक विकारों को वश में किये बिना धर्म का प्रयोजन सिद्ध नहीं होता और न ही दार्शनिक चिन्तन का कोई उपयोग रह जाता है। चित्तवृत्ति के निरोध रूपी योग से ही मनुष्य के दोषों का विनाश होता है और प्राणियों को जलाने वाले दोषों का विनाश हो जाने पर पण्डित या ब्रह्मवेत्ता कल्याण प्राप्त करता है—

दोषाणां तु निर्घातो योगमूल इह जीविते।
निर्हत्य भूतदाहीयान् क्षेमं गच्छति पण्डितः॥ (पृ० १७३)

आधुनिक युग की संत्रस्त और दिग्भ्रमित मानवता के लिए धर्मसूत्र का सन्देश अब भी सुमतिदाथी सविता का आलोक देकर सन्मार्ग में प्रवृत्त होने की प्रेरणा दे रहा है और इसके नैतिक मूल्यों के बोध में ही हमारी जातीय संस्कृति के भावी अस्तित्व की आशा है।

तत् भैक्षं समाहृत्य समीपे निधायाचार्याय प्रब्रूयात्—इदमित्थमाहृतमिति३१

अनुवाद—भिक्षा लाकर गुरु के समीप रखकर उनसे निवेदन करे ॥ ३१॥

तेन प्रदिष्टं भुञ्जीत ॥ ३२ ॥

तेन ह्याचार्येण प्रदिष्टं सौम्य त्वमेव भुङ्क्ष्वेत्युक्तं भुञ्जीत ॥ ३२ ॥

अनुवाद— उनके द्वारा आदेश पाने पर भोजन करे ॥ ३२ ॥

विप्रवासे गुरोराचार्यकुलाय ॥ ३३ ॥

यदि गुरुर्विप्रोषितोऽसन्निहितः स्यात् तत् आचार्यकुलायाऽऽचार्यस्य यत्कुलं भार्यापुत्रादि तस्मै ब्रूयात्। तेन प्रदिष्टं भुञ्जीत ॥ ३३ ॥

अनुवाद—यदि गुरु कहीं बाहर गये हों तो उनके कुल के सदस्य (पत्नी या पुत्र) को प्राप्त भिक्षा अर्पित करे ॥ ३३ ॥

तैर्विप्रवासेऽन्येभ्योऽपि श्रोत्रियेभ्यः ॥ ३४ ॥

तैस्वकुल्यैस्सह गुरोः विप्रवासे अन्येभ्योऽपि "[1]श्रोत्रियेभ्यः प्रब्रूयात्। तैः प्रदिष्टं भुञ्जीतेति विपरिणामेनान्वयः। गौतमोऽप्याह[2] "असन्निधौ तद्भार्यापुत्रसब्रह्मचारिभ्य' इति ॥ ३४ ॥

अनुवाद—यदि गुरु अपने परिवार के सदस्योंके साथ अन्यत्र गये हों तो दूसरे श्रोत्रियों को अर्पित करे ॥ ३४ ॥

नाऽऽत्मप्रयोजनश्चरेत् ॥३५॥

आत्मा प्रयोजनं प्रयोजकः यस्य स आत्मप्रयोजनः। एवंभूतो भिक्षां न चरेत् आत्मार्थं न चरेदित्यर्थः। अस्य प्रयोजनं यदा श्रोत्रिया अपि न लभ्यन्ते तदा[3] 'प्रोषितो भैक्षादग्नौ कृत्वा भुञ्जीते'ति वक्ष्यमाणमप्रोषितेऽपि यथा स्यादिति ॥ ३५ ॥

अनुवाद—केवल अपने लिए भिक्षाचरण न करे।

---

१. श्रोत्रियपदार्थः आप. ध. २. ४. ६. सूत्रेद्रष्टव्यः। २. गौ० ध० २. ४०.

३. आप० ध० १. ३. ४२

टिप्पणी--व्याख्याकार ने स्पष्ट किया है कि यदि श्रोत्रिय भी उपलब्ध न हो तो अग्नि में भिक्षा का अंश अर्पित करके भोजन करे ॥३५॥

भुक्त्वा स्वयममत्रं प्रक्षालयीत ॥ ३६ ॥

अमत्रं भोजनपात्रम्, भुक्त्वेति सन्निधानात्। तत्स्वयमेव प्रक्षालयीत प्रक्षालयेत्। भिक्षापात्रस्य त्वन्येन प्रक्षालने न दोषः। उभयोरपि पात्रयोर्ग्रहणमित्यन्ये ॥ ३६ ॥

अनुवाद—भोजन करने के बाद स्वयं ही भोजनपात्र को साफ करे ॥३६॥

न चोच्छिष्टं कुर्यात् ॥ ३७ ॥

यावच्छक्नोति भोक्तुं तावदेव भोजनपात्रे कृत्वा भुञ्जीत ॥ ३७ ॥

अ०--उच्छिष्ट न छोड़े। जितना भोजन कर सके उतना ही ग्रहण करे ॥३७॥

अशक्तौ भूमौ निखनेत् ॥ ३८ ॥

भोजने प्रवृत्तो यदि तावद्भोक्तुं न शक्नुयात् तदा तदन्नं भूमौ निखनेत् ॥ ३८ ॥

अनुवाद—यदि अपने भोजनपात्र में लिये गये सम्पूर्ण भोजन को न खा सके तो बचे हुए अंश को भूमि में गाड़ दे ॥३८॥

अप्सु वा प्रवेशयेत् ॥ ३९ ॥

अप्सु प्रक्षिपेत् ॥ ३९ ॥

अनुवाद—अथवा उसे जल में फेंक दे ॥३९॥

अर्याय वा पर्यवदध्यात् ॥ ४० ॥

आर्यस्त्रैवर्णिकः तस्मै अनुपनीताय पर्यवदध्यात् सर्वमेकस्मिन्पात्रेऽवधाय तत्समीपे भूमौ स्थापयेत् ॥ ४० ॥

अनुवाद—अथवा उसे एक एक पात्र में रखकर तीन वर्णों के किसी व्यक्ति के पास, जिसका उपनयन न हुआ हो, रख दे ॥४०॥

अन्तर्धिने वा शूद्राय ॥ ४१ ॥

अन्तर्धानमन्तर्धिः सोऽस्यास्तीति। व्रीह्यादित्वादिनिः। अन्तर्धी दासः। अन्तर्हितं हि तस्य शूद्रत्वम्, आशौचेषु स्वामितुल्यत्वात्। प्रकरणादाचार्यस्येति गम्यते। आचार्यदासाय वा शूद्राय पर्यवदध्यात् ॥ ४१ ॥

अनुवाद—अथवा आचार्य के दास शूद्र के समीप रख दे ॥४१॥

प्रोक्षितं भक्षयेदग्नौ कृत्वा भुञ्जीत ॥ ४२ ॥

यदि शिष्य आचार्यार्थमात्मार्थं वा प्रोषितः स्यात् तदा भैक्षान् किञ्चिदादायाग्नौ कृत्वा प्रक्षिप्य शेषं भुञ्जीत श्रोत्रियाणां सद्भावे असद्भावे च। 'अन्येभ्योऽपि श्रोत्रियेभ्य'[1] इत्येतन्न भवति। यदि स्यात्तत्रवायं ब्रूया 'तदभावेऽग्नौ कृत्वा भुञ्जीतेऽति। यद्यपि तत्राचार्यस्य प्रवासः प्रकृतः तथापि न्यायसाम्याच्छिष्यस्यापि विप्रवासे भविष्यति ॥ ४२ ॥

अनुवाद—यदि शिष्य अपने कार्य से या गुरु के कार्य से यात्रा पर हो तो भिक्षा में प्राप्त अन्न का अंश अग्नि हवन करके भोजन करे।

टिप्पणी—यह नियम उस समय भी लागू होता है जब श्रोत्रिय भी न मिले। अग्नि ब्राह्मण वर्ण का देवता है अतः वह गुरु का स्थान ग्रहण करता है ॥४२॥

अथ ब्रह्मचारिणो यज्ञं विधातुं हविरादीनि सम्पादयति—

भैक्षं हविषा संस्तुतं तत्राऽऽचार्यो देवतार्थे ॥ ४३ ॥

भैक्षं हविष्येन संस्तुतं कीर्तितम्। तत्र तस्मिन् हविषि आचार्यो देवतार्थे देवताकार्ये तत्प्रीत्यर्थत्वात्तस्य ॥ ४३ ॥

अनुवाद—भिक्षा को यज्ञीय अन्न कहा गया है और उसके लिए गुरु देवता है ॥४३॥

आहवनीयार्थे च ॥ ४४ ॥

तस्य जाठराग्नौ हूयमानत्वात् ॥ ४४ ॥

अनुवाद—आचार्य आहवनीय अग्नि का स्थान ग्रहण करता है। (मानो उसकी जठराग्नि में हवन ही किया जाता है) ॥४४॥

तं भोजयित्वा ॥ ४५ ॥

इति प्रथमप्रश्ने तृतीया कण्डिका।

अनुवाद—उसे भिक्षा का एक अंश खिलाकर ॥४५॥

—:०:—

यदुच्छिष्टं प्राश्नाति ॥ १ ॥

अनुवादेषु सर्वत्र विधिः कल्प्यते। तं भोजयेत। भोजयित्वा तस्योच्छिष्टं प्राश्नीयात् प्राश्नाति। अकारोऽपाठश्छन्दसो वा, 'शादि'ति चुत्वप्रतिषेधात् ॥ ४५ ॥ १ ॥

अनुवाद—(गुरु को खिलाने के बाद) जो उच्छिष्ट बचे उसका भोजन करे ॥१॥

हविरुच्छिष्टमेव तत् ॥ २ ॥

इडाभक्षणादिस्थानीयमित्यर्थः ॥ २ ॥

---

१. इत्येतत्त्वत्र न भवति, इति ख० पु०

अनुवाद—यह उच्छिष्ट यज्ञीय हवि का उच्छिष्ट ही होता है ॥२॥

यदन्यानि द्रव्याणि यथालाभमुपहरति दक्षिणा एव ताः ॥ ३ ॥

यदन्यानि द्रव्याणि गवादीनि भिक्षाचरणे लब्धानि समिदादीनि च स्वयमाहृतानि यथालाभमुपहरति दक्षिणा एव ताः। दक्षिणासामानाधिकरण्यात्ता इत्युक्तम् ॥ ३ ॥

अनुवाद—भोजन के अतिरिक्त अन्य प्रकार की वस्तुएँ जिस रूप में उपलब्ध हुई हों वे सभी गुरु के लिए दक्षिणा होती हैं।

टिप्पणी—वे अन्य वस्तुएं, यथा गौ, रथ, ईंधन आदि गुरु के लिए यज्ञ-पर्यन्त दी जाने वाली दक्षिणा का स्थान ग्रहण करती हैं ॥३॥

स एष ब्रह्मचारिणो यज्ञो नित्यप्रततः ॥ ४ ॥

स एष एवंभूतो यज्ञः ब्रह्मचारिणो नित्यं प्रतायते। एवं कुर्वता ब्रह्मचारिणा यज्ञ एव नित्यं क्रियत इत्यर्थः ॥ ४ ॥

अनुवाद—यह ब्रह्मचारी द्वारा नित्य किया जाने वाला यज्ञ है ॥४॥

न चास्मै श्रुतिविप्रतिषिद्धमुच्छिष्टं दद्यात् ॥ ५ ॥

अस्मै शिष्याय आचार्यः श्रुतिविप्रतिषिद्धं शास्त्रविप्रतिषिद्धमुच्छिष्टं न दद्यात् ॥ ५ ॥

अनुवाद—आचार्य शिष्य को ऐसी कोई भी वस्तु न दे जो शास्त्र द्वारा ब्रह्मचारी के लिए निषिद्ध हो, इस प्रकार की वस्तु उच्छिष्ट हो तब उसे न देवे ॥५॥

किं पुनस्तत्—

यथा क्षारलवणमधुमांसानीति ॥ ६ ॥

यथेतिवचनाच्छ्रुतिविप्रतिषिद्ध' मिति लक्षणतः प्रतिषेधाच्च क्षारादिग्रहणमेवं विधस्योपलक्षणम् ॥ ६ ॥

अनुवाद—जैसे चटपटे, नमकीन स्वाद्य पदार्थ, मधु, मांस आदि (इन्हें उच्छिष्ट) होने पर भी गुरु ब्रह्मचारी को न दे ॥६॥

एतेनान्ये नियमा व्याख्याताः ॥ ७ ॥

अभ्यङ्गशेषो गन्धशेषो माल्यशेष इत्यादयो ब्रह्मचारिणः प्रतिषिद्धा आचार्येण न देया इत्युक्तं भवति ॥ ७ ॥

अनुवाद—इससे दूसरे नियमों की (सुगन्धित लेप, माला आदि को न देने के नियमों की) भी व्याख्या हो गई ॥७॥

केचित्तु श्रुतिविप्रतिषिद्धमाचार्यशेषमुपयुञ्जाना दृश्यन्ते पूर्वैः पूर्वं आचारः प्रमाणमिति वदन्तः। तान्निराकरोति—

श्रुतिर्हि बलीयस्यानुमानिकादाचारात् ॥ ८ ॥

अनुमानाय प्रभवतीत्यानुमानिकः। आचाराद्धि श्रुतिः स्मृतिर्वाऽनुमीयते। तस्मादानुमानिकादाचारात्प्रत्यक्षश्रुतिर्बलीयसी। तद्विरोधे तु नानुमातुं शक्यते,[1] 'अनुमानमबाधितम्' इति न्यायात्। एवं च ब्रुवता ब्रह्मचरिणः क्षारलवणादिप्रतिषेधः प्रत्यक्षब्राह्मणमूल इति दर्शितं भवति। यद्यपि क्षारादिप्रतिषेधश्रुतेरुच्छिष्टव्यतिरिक्तो विषयः सम्भवति तथापि सङ्कोचोऽपि तस्या अविशेषप्रवृत्ताया आनुमानिकाद्याचारादयुक्तः ॥ ८ ॥

अ०—श्रुति का नियम प्रचलित आचार की अपेक्षा अधिक प्रामाणिक होता है, जिस आचार से श्रुति के किसी अंश का अनुमान किया गया है।

टिप्पणी—आनुमानिक का अर्थ है, अनुमानाय प्रभवति इति आनुमानिकः। श्रुति या स्मृति के किसी अंश के अस्तित्व का अनुमान आचार से ही किया जाता है। किसी ऐसे श्रुति या स्मृति का अनुमान नहीं किया जा सकता जो आचार के विपरीत है क्योंकि उस स्थिति में अनुमान प्रत्यक्ष का ही विरोधी हो जायगा। आपस्तम्ब का प्रयोजन यही है कि क्षारलवण आदि के प्रतिषेध का नियम ब्राह्मण ग्रन्थ में है ॥८॥

ननु परस्परविरुद्धा अपि श्रुतय उपलभ्यन्ते[2] 'गृह्णाति, न गृह्णाती'ति। तत्किमाचारात् सङ्कोचिका श्रुतिर्नानुमीयते? अत आह—

दृश्यते चापि प्रवृत्तिकारणम् ॥ ९ ॥

स्यादेव यद्ययमाचारोऽगृह्यमाणकारणः स्यात। गृह्यते तु तत्र कारणम् ॥९॥

अनुवाद—इस नियम के विषय में, इस प्रकार की प्रवृत्ति कारण दिखाई पड़ती है।

टिप्पणी—यद्यपि जिस नियम के अन्तर्गत क्षारलवणमधुमांस का वर्जन किया गया है वह उन्हीं का निर्देश करता है जो उच्छिष्ट नहीं हैं, तथापि आचार के आधार पर यह कहना गलत होगा कि इस नियम को उच्छिष्ट के क्षारलवणादि के विषय में नहीं समझना चाहिए। इस प्रकार के श्रुति का अनुमान आचार के विपरीत होगा। उपर्युक्त कथन भी तभी ठीक होता जब निषेध करने का कोई कारण नहीं होता। किन्तु निषेध के लिए कारण है और वह है प्रवृत्ति ॥९॥

---

१. अनुमानमबाधितं इति न्यायात्, इति. क० पु०

२ अतिरात्रे षोडशिनं गृह्णति इति श्रुतिस्यामेकस्मिन्नेवातिरात्रसंस्थाके ज्योतिष्टोमे षोडशिसञ्ज्ञस्य ग्रहणस्य ग्रहणाग्रहणयोः परस्परविरुद्धयोर्विधानात् तयोरपि श्रुत्योः परस्परं विरोधादिति भावः। उलूखलाकार उपर्यासेचनवान् पात्रविशेषो ग्रहः। खदिरवृक्षनिर्मितो ग्रहविशेषः षोडशी। तस्य सोमरसेन पूरणं ग्रहणम्।

किं तत् ?

प्रीतिर्हि उपलभ्यते ॥ १० ॥

क्षारादिभोजने भुञ्जानस्य प्रीतिर्भवति। ततश्च यत्र प्रीत्युपलब्धितः प्रवृत्तिर्न तत्र शास्त्रमस्ति। तदनुवर्तमाना नरकाय राध्यतीति न्यायान्न संकोचिका श्रुतिरनुमीयते इति ॥ १० ॥

अनुवाद—क्योंकि उपर्युक्त निषिद्ध वस्तुओं के भोजन से सुख का अनुभव होता है।

टिप्पणी—इस सूत्र में पिछले सूत्र में उल्लिखित निषेध का कारण प्रदर्शित किया गया है। और जिस आचार से सुख या प्रीति का प्रयोजन सिद्ध होता हो उसे प्रामाणिकता प्रदान करने वाली कोई श्रुति नहीं है ॥१०॥

पितुर्ज्येष्ठस्य च भ्रातुरुच्छिष्टं भोक्तव्यम् ॥ ११ ॥

स्पष्टम्[1] ॥ ११ ॥

अनुवाद—पिता और बड़े भाई द्वारा छोड़े गये उच्छिष्ट भोजन को ग्रहण किया जा सकता है ॥११॥

धर्मविप्रतिपत्तावभोज्यम् ॥ १२ ॥

यदि तयोर्धर्माद्विप्रतिपत्तिरपायो भवति ततो न भोज्यम्। यद्वा भुञ्जानस्य ब्रह्मचारिणो धर्मविप्रतिषेधो भवति मधुमांसादिमिश्रत्वेन ततो न भोज्यमिति ॥ १२ ॥

अनुवाद—यदि उनका आचरण धर्म के विपरीत हो तो उनका उच्छिष्ट भोजन अभोज्य होता है ॥१२॥

टिप्पणी—इसकी ऐसी भी व्याख्या हो सकती है कि यदि उस उच्छिष्ट भोजन से धर्म की हानि होती हो तो उसे न खाए ॥१२॥

सायं प्रातरुदकुम्भमाहरेत् ॥ १३ ॥

आचार्यस्य स्नानपानार्थम् ॥ १३ ॥

अनुवाद—सायंकाल और प्रातःकाल अपने गुरु के लिये घड़े में जल ले आवे ॥१३॥

(२) सदाऽरण्यादेधानाहृत्याऽधो निदध्यात् ॥ १४ ॥

सदा प्रत्यहमरण्यात् न पित्रादिगृहात् एधान् काष्ठानि आचार्यगृहे पाकाद्यर्थमाहरेत् आहृत्य चाऽधो निदध्यात् अधोनिधानमाचार्यपुत्रादिषु बालेषु

---

१. स्पष्टोऽर्थ इति० ग० पु०

२. 'तस्मात् ब्रह्मचार्यहरहस्समिध आहृत्य सायं प्रातरग्निं परिचरेत्, नोपर्युपसादयेत् अधः प्रतिष्ठापयेत्' (गोप. १. २. ६.) इति गोपथब्राह्मणम् ॥

३ आ० ध०

पतनशङ्कया। अपर आह—आत्मनस्समिदाधानार्थ[1] मेधोहरणमिति। उक्तं गृह्य—[2]'एवमन्यस्मिन्नपि सदाऽरण्यादेधानाहृत्य। इति। तदनुवादेनाधोनिधानं विधीयते दृष्टार्थमदृष्टार्थं वेति ॥ १४ ॥

अनुवाद—प्रतिदिन वन से ईंधन लाकर आचार्य के घर में नीचे रखे।

टिप्पणी—नीचे रखने का कारण यह हो सकता है कि कहीं आचार्य के यहाँ छोटे बच्चों के ऊपर न गिर जाय। कुछ आचार्यों का मत है कि शिष्य द्वारा लाया गया ईंधन गुरु अपने काम में न लावे, अपितु शिष्य के दैनिक अग्निकर्म के लिए ही उसका प्रयोग हो। गृह्यसूत्र में दैनिक अग्निकर्म का विधान किया गया है ॥ १४॥

नास्तमिते समिद्धारो गच्छेत् ॥ १५ ॥

अस्तमित आदित्ये समिध आहर्तुं न गच्छेत्; चोरव्याघ्रादिसम्भवात्। 'समिद्धार इति[3] 'अण् कर्मणि चे' ति तुमर्थेऽण्प्रत्ययः ॥ १५ ॥

अनुवाद—सूर्य के अस्त हो जाने पर समिध् लाने के लिए न जावे ॥१५॥

अग्निमिध्वा परिसमूह्य समिध आदध्यात्सायंप्रातर्यथोपदेशम् ॥१६॥

परिसमूहनं परितो मार्जनम्। विप्रकीर्णस्याग्ने[4]रेकीकरणमित्यन्ये। यथोपदेशं यथा गृह्य उक्तं तथा समिध आदध्यात्। गृह्ये विहितमपि समिदाधानं विधीयते सर्वाचरणार्थम्। सायं प्रातरित्यादिकान् विशेषान् वक्ष्यामीति च ॥ १६ ॥

अनुवाद—अग्नि जलाकर, उसके चारो ओर की भूमि साफ करके, गृह्यसूत्र में उक्त विधि से सायं-प्रातः समिधों का आधान करे ॥ १६ ॥

सायमेवाऽग्निपूजेत्येके ॥ १७ ॥

एके आचार्यास्सायमेवाग्निपूजा कार्या, न प्रातरिति मन्यन्ते ॥ १७ ॥

अनुवाद—कुछ आचार्यों का मत है कि अग्नि की पूजा केवल सायंकाल करनी चाहिए ॥१७॥

समिद्धमग्निं पाणिना परिसमूहेन्न समूहन्या ॥ १८ ॥

सामिदाधाने समिद्धमग्निं पाणिनैव परिसमूहेत्, न समूहन्या। समूहनी सम्मार्जनी दर्भनिर्मिता वेदाकृतिः, आचारात् ॥ १८ ॥

अनुवाद—अग्नि को जलाकर, जलती अग्नि के चारों ओर भूमि हाथ से साफ करे, समूहनी (दर्भ की मार्जनी) से न साफ करे ॥ १८ ॥

प्राक्तु याथाकामी १९ ॥

---

१. इध्माहरणं इति क० ख० पु० २. आप० गृ० ११. २२.
३. पा० सू० ३. ३. १२. ४. राशीकरणमित्यन्ये इति ख० पु०

प्राक्समिदाधानात् परिसमूहने याथाकामी भवति। यथाकामस्य भावो याथाकामी। ष्यञ्, पित्त्वादीकारः॥ १९॥

अनुवाद—किन्तु अग्नि में समिध् रखने के पहले वह इच्छानुसार समूहनी का का भी प्रयोग कर सकता है॥ १९॥

नाऽग्न्युदकशेषेण वृथाकर्माणि कुर्वीताऽऽचामेद्वा॥ २०॥

अग्निपरिचर्यायां परिसमूहने परिषेचने च यदुपयुक्तमुदकं तच्छेषेण वृथाकर्माणि अदृष्टप्रयोजनरहितानि पादप्रक्षालनादीनि न कुर्वीत। नाऽऽचामेत्। अवृथाकर्मत्वादस्य पुनःप्रतिषेधः॥ २०॥

अनुवाद—अग्निपरिचया में समूहन आदि से बचे हुए जल का प्रयोग वृथाकर्म (अदृष्टप्रयोजनरहित) में न करे और न ही उससे आचमन करे।

टिप्पणी—वृथा कर्म वे कर्म हैं जिनसे कोई धर्म उत्पन्न नहीं होता। समिदाहरण, कुशाहरण, यज्ञ के लिए पुष्पचयन आदि धर्मकर्म है। जल का वृथा प्रयोग तथा पादप्रक्षालन आदि॥ २०॥

पाणिसंक्षुब्धेनोदकेनैकपाण्यावर्जितेन च नाऽऽचामेत्॥ २१॥

पाणिसंक्षुब्धं [1]पाणिना संक्षोभितं तेनोदकेन नाऽऽचामेत्। इदं तटाकादिषु स्वयमाचमने। यदा पर आचामयति, तदैकेन पाणिना यदावर्जितं तेन नाऽऽचामेत्। किं तु उभाभ्यां हस्ताभ्यां करकादि गृहीत्वा यदावर्जितमुदकं, तेनैवाऽऽचामेत्। एवं च स्वयं वामहस्तावर्जितेनापि नाचामेत्। (अलाबुपात्रेण नालिकेरजेन वैणवेन चर्ममयेन ताम्रमयेन वा पात्रेण स्वयमाचमनमाचरन्ति शिष्टाः) ॥ २१॥

अनुवाद—जिस जल में हाथ डाला गया हो अथवा जिस जल को एक हाथ से लाया गया हो उस जल से आचमन न करे।

टिप्पणी—दोनों हाथों से लाये गये जल से ही आचमन करे। स्वयं भी बाएँ हाथ से लाये गये जल से आचमन न करे॥ २१॥

स्वप्नं च वर्जयेत्॥ २२॥

पूर्वं 'मदिवास्वापी' (१. २. २८) इत्यनेन [2]दिवास्वापः प्रतिषिद्धः। अनेन रात्रावपि यावदाचार्यो न स्वपिति, तावन्तं कालं स्वापः प्रतिषिध्यते। स्वप्नकथनं वर्जयेदित्येके॥ २२॥

अनुवाद—सोने का वर्जन करे।

---

१. कुम्भादिगतमित्यधिकं ध०पु० ( ) एतदन्तर्गतो भागः ख० पुस्तके नास्ति

२. दिवास्वापप्रतिषेधः इति. क० पु०

टिप्पणी—यद्यपि पहले यह नियम कहा जा चुका है कि दिन में न सोवे। इस सूत्र से यह विवक्षित है कि रात्रि को भी जब तक गुरु जगे हुए हों तब तक न सोवे ॥ २२ ॥

अथाऽहरहराचार्यं गोपायेद्धर्मार्थयुक्तैः कर्मभिः ॥ २३ ॥

अथ स्वप्नस्य प्रकृतत्वात् स्वप्नानन्तरं ब्राह्मे मुहूर्त उत्थायेत्यर्थः। अहरहः नित्यमाचार्यं गोपायेत् रक्षेत्। किं दण्डादि गृहीत्वा ? नेत्याह—धर्मार्थयुक्तैः कर्मभिः। धर्मयुक्तानि कर्माणि समित्कुशपुष्पाहरणादीनि, अर्थयुक्तानि [1]युग्यघासाहरणादीनि ॥ २३ ॥

जगने के बाद प्रतिदिन धर्मार्थ कर्मों से गुरु की रक्षा करे अर्थात् सहायता करे।

टिप्पणी—धर्मार्थ कर्म से तात्पर्य है समित्कुशपुष्पहरणादि ॥ २३ ॥

(२) स गुप्त्वा संविशन् ब्रूया 'द्धर्मगोपायमाजूगुपमहꣳ, मिति ॥२४॥

स[2] ब्रह्मचारी धर्मार्थयुक्तैः कर्मभिर्यावदुत्थानात् यावदस्य संवेशनात् एवमाचार्यं[3] गुप्त्वा संविशन् शयनं भजन् [4]'धर्मगोपायमाजूगुपमहꣳ' मितीमं मन्त्रं ब्रूयात्। 'धर्मं गोपायतीति धर्मगोपायः आचार्यः तमहमाजूगुपमाभिमुख्येन रक्षितवानस्मि, इदानीं तु संविशामीति मन्त्रार्थः।

अपर आह—हे धर्म मा मां गोपाय रक्ष यस्मादहं आजूगुपमहमाचार्यमेतावन्तं कालमिति ॥ २४ ॥

अनुवाद—इस प्रकार गुरु की सहायता करने के बाद शयन करने के लिए जाते समय 'धर्मगोपायमाजूगुपमहम्', मन्त्र कहे।

टिप्पणी—धर्मगोपाय-धर्म की रक्षा करने वाला, गुरु। इसकी दूसरी व्याख्या इस प्रकार की जाती है, हे धर्म, मेरी रक्षा करो, मैंने गुरु की रक्षा की है ॥२४॥

प्रमादादाचार्यस्य बुद्धिपूर्वं वा नियमातिक्रमं रहसि बोधयेत् ॥२५॥

प्रमादोऽनवधानम्। प्रमादात् बुद्धिपूर्वं च आचार्यस्य वा नियमातिक्रमन्तं रहसि बोधयेत्। इत्थमयं नियमः पूज्यपादैरतिक्रम्यते इति ॥ २५ ॥

अनुवाद—यदि गुरु जानबूझ कर अथवा प्रमाद से नियम का उल्लंघन करे तो उसके विषय में एकान्त में ध्यान दिलावे ॥ २५ ॥

अनिवृत्तौ स्वयं कर्माण्यारभेत ॥ २६ ॥

---

१. एधसां हरणादीनि इति ध० पु०

२. "स यदहरहराचार्यकुलेऽनुष्ठते सोऽनुष्ठाय ब्रूयात्-धर्मगुप्तो मा गोपायेति धर्मो हैनं गुप्तो गोपायेति" इति गोपथब्राह्मणम् (गो. ब्रा १, २, ४.)

३. न्याय्यादुत्थानान्न्याय्याच्च संवेशनात्. इति क० ख० पु० अन्यावात् ··न्याय्याच्च··· इति. ङ० पु०

४. यावदुपाच एवाय मन्त्रः।

यदि बोधितोऽप्याचार्यस्ततो न निवर्तते, ततः स्वयमेव तस्य कर्तव्यानि ब्रह्मयज्ञादीनि कर्माण्यारभते कुर्यात् ॥ २६ ॥

अनुवाद—यदि गुरु नियम के अतिक्रमण से ध्यान दिलाये जाने पर भी विरत नहीं होता, तो ब्रह्मचारी स्वय ही उन कर्मों को करे जो गुरु के कर्तव्य होते हैं ॥२६॥

निवर्तयेद्वा ॥ २७

पराद्य वा स्वयं निवर्तयेत् । पित्रादिभिर्वा निवर्तयेत् ॥ २७ ॥

अनुवाद—अथवा निवर्तन करे ।

टिप्पणी—इसका यह भी अर्थ लगाया गया है कि वह अपने गृह को चला जाय ॥ २७ ॥

अथ यः पूर्वोत्थायी जघन्यसंवेशी तमाहुर्न स्वपितीति ॥ २८ ॥

यः पूर्वमाचार्यादुत्तिष्ठति प्रतिबुध्यते । जघन्यशब्दः पश्चादर्थे । जघन्यश्च संविशति, तं ब्रह्मचारिणं न स्वपितीति धर्मज्ञा आहुः । प्रयोजनमुपनयने 'मा सुपुप्था' इति संशासनस्यायमर्थः' न स्वापस्यात्यन्ताभाव इति । अथशब्दश्च वाक्योपक्रमे ॥ २८ ॥

अनुवाद—जो आचार्य से पहले उठता है और आचार्य के सोने के बाद सोता है उस ब्रह्मचारी के विषय में धर्मज्ञ कहते हैं कि वह सोता नहीं है ॥ २८ ॥

स य एवं प्रणिहितात्मा ब्रह्मचार्यत्रैवास्य सर्वाणि कर्माणि फलवन्त्यवाप्तानि भवन्ति यान्यपि गृहमेधे ॥ २९ ॥

'आचार्याधीनः स्या' दित्यारभ्य यस्य नियमा उक्ताः, स ब्रह्मचारी, एवमुक्तेन प्रकारेण, प्रणिहितात्मा प्रकर्षेण निहित आचार्यकुले स्थापित आत्मा येन स तथोक्तः । प्रकर्षश्च[1] आत्मनस्तत्रैव शरीरन्यासः । वक्ष्यति [2]आचार्यकुले शरीरन्यासः " इति । अस्यैवंविधस्य ब्रह्मचारिणः अत्रैव ब्रह्मचर्याश्रमे सर्वाणि फलवन्ति ज्योतिष्टोमादीनि कर्माण्यवाप्तानि भवन्ति । तत्फलावाप्तिरेव तदवाप्तिः । यान्यपि कर्माणि गृहमेधे गृह्यशास्त्रे विवाहाद्यष्टकान्तानि, तान्यवाप्तानि भवन्ति । तदेवं नैष्ठिकब्रह्मचारिविषयमिदं सूत्रम् ॥ २९ ॥

अनुवाद—जो ब्रह्मचारी इस प्रकार से अपने मन को आचार्य के कुल में ही लगाता है वह (ब्रह्मचर्याश्रम में ही) उन सभी पुण्यफलवाले कर्मों को कर लेता है जो गृहस्थ श्रम में किये जाते हैं । ॥ २९ ।

इत्यापस्तम्बीये धर्मसूत्रे चतुर्थी कण्डिका ॥ ४ ॥

इत्यापस्तम्बधर्मसूत्रवृत्तौ[3] हरदत्तविरचितायामुज्ज्वलायां
प्रथमप्रश्ने प्रथमः पटलः ॥ १ ॥

---

१. आन्तात्तत्रैव शरीरन्यासः इति ख० पु० अन्ततस्तत्रैव, इति, घ० पु०
२. आप० ध० २. २१. ६. ३. हरदत्तमिश्रविरचितायां इति क० पु०

अथ द्वितीयः पटलः ।

—:०:—

नियमेषु तपश्शब्दः ॥ १ ॥

'आचार्याधीनः स्या' दित्यादयो ये नियमाः अस्मिन्ब्रह्मचारिप्रकरणे निर्दिष्टाः' तपश्शब्दस्तेषु द्रष्टव्यः, न कृच्छ्रादिषु ॥ १ ॥

अनुवाद—इस प्रकरण में 'तप' शब्द का प्रयोग ब्रह्मचारी के नियमों के लिए किया गया है ॥ १ ॥

तदतिक्रमे विद्याकर्म निःस्रवति ब्रह्म सहापत्यादेतस्मात् ॥ २ ॥

तेषां नियमानामतिक्रमे विद्याकर्म विद्याग्रहणं ब्रह्म निःस्रवति गृहीतं वेदं निरसारयति । कुतः, ? एतस्मात् नियमातिक्रमेणाध्येतुः पुरुषात् । न केवलमेतस्मात् । किं तर्हि ? सहापत्यात् । अपत्येन सह वर्तत इति सहापत्यः "वोपसर्जनस्ये" ति सभावाभावे रूपम् । अपत्यादपि ब्रह्म निःसारयति । यद्यप्यपत्यं नियमातिक्रमकारि न भवति, तथापि पितृदोषादेव ततो ऽपि ब्रह्म निस्सारयति । नियमातिक्रमेण विद्याग्रहणं कुर्वतः पुरुषात् सहापत्यात् गृहीतं ब्रह्म निस्सरति, ब्रह्मयज्ञादिषूपयुज्यमानमप्यकिञ्चित्करं भवतीत्यर्थो विवक्षितः । स्रवतेश्च सकर्मकस्य प्रयोगो भाष्ये दृष्टः 'स्रवत्युदकं कुण्डके'ति ।

अपर आह—[२] तदतिक्रमे नियमातिक्रमे विद्याग्रहणं न कर्तव्यम् । कुतः ? यतो निस्स्रवति ब्रह्म निस्सरतीत्यर्थः' शेषं समानमिति । विद्याकर्म निस्स्रवति ब्रह्म च निस्स्रवतीत्यन्ये । अन्ये च—कुर्वत इत्यध्याहार्यम् । तदतिक्रमेण विद्याकर्म कुर्वतो ब्रह्म निस्स्रवतीति ॥ २ ॥

अनुवाद—इन नियमों का उल्लंघन करने पर विद्याध्ययन उससे और उसके पुत्रों से भी पूर्वप्राप्त वेद का ज्ञान दूर कर देता है ।

टिप्पणी—तात्पर्य यह है कि जो ब्रह्मचारी ब्रह्मचर्य के नियमों का उल्लंघन करके वेद का अध्ययन करता है उसके द्वारा ब्रह्मयज्ञ में तथा अन्य धार्मिक्रियों में उच्चारित वेदमन्त्रों का कोई पुण्यफल नहीं होता । नियम का उल्लंघन होने पर विद्याध्ययन करना चाहिए या नहीं, इस विषय में भिन्न मत हैं ॥ २ ॥

न केवलमकिञ्चित्करं नियमातिक्रमेण विद्याग्रहणम्, प्रत्युताऽनर्थकारीत्याह—

---

१. पा.सू. ५.३.८२ बहुव्रीह्यवयवस्य सहशब्दस्य सभावस्याद्विकल्पेन इति सूत्रार्थः ।

२. तदतिक्रमे विद्याकर्म निस्स्रवतीति नियमातिक्रमेण विद्याग्रहणं न कर्तव्यम्, कुतः ? यतो निस्स्रवति ब्रह्म निस्सारयतीत्यर्थः, इति क० पु०

कर्तृपत्यमनायुष्यं च ॥ ३ ॥

कर्तृशब्देन श्वभ्राभिधायिना नरको लक्ष्यते। पतत्यनेनेति पत्यम्। एवंभूतं विद्याग्रहणं नरकपातहेतुर्भवति। अनायुष्यं च अनायुष्करं च ॥ ३ ॥

अनुवाद—इसके अतिरिक्त वह नरक प्राप्त करता है और उसकी आयु कम होती है ॥ ३ ॥

तस्माद्दृषयोऽवरेषु न जायन्ते नियमातिक्रमात् ॥ ४ ॥

अत एवावरेषु अर्वाचीनेषु कलियुगवर्तिषु ऋषयो न जायन्ते मन्त्रद्रशो न भवन्ति। नियमातिक्रमस्येदानीमवर्जनीयत्वात् ॥ ४ ॥

अनुवाद—ब्रह्मचर्य के नियमों का उल्लंघन करने के कारण आजकल कलियुग में ऋषि उत्पन्न नहीं होते।

टि०—'अवरेषु' का अर्थ है 'आजकल के लोगों में' कलियुग के लोगों में ॥ ४ ॥

कथं तर्ह्यद्यतना अतिक्रामन्तोऽपि नियमानल्पेनैव यत्नेन चतुरो वेदान् गृह्णन्ति ? युगान्तरे सम्यगनुष्ठितस्य नियमकर्मणः फलशेषेणेत्याह—

श्रुतर्षयस्तु भवन्ति केचित्कर्मफलशेषेण पुनस्सम्भवे ॥ ५ ॥

पुनस्सम्भवः पुनर्जन्म ॥ ५ ॥

अनु०—किन्तु पूर्वजन्म के पुण्यफल के शेष होने से कुछ लोग पुनर्जन्म लेने पर अपने वेद के ज्ञान द्वारा ऋषियों के समान होते हैं।

टि०—यह इस प्रश्न का उत्तर है कि इस जन्म में भी कुछ लोग बड़ी सरलता से वेदों का अध्ययन कैसे कर लेते हैं? उन लोगों के वेदाध्ययन की क्षमता का कारण पूर्वजन्म के ब्रह्मचर्यावस्था के नियमों के पालन से उत्पन्न पुण्यफल ही है। पुनस्सम्भव का अर्थ है नये जन्म में ॥ ५ ॥

अत्रोदाहरणम्—

यथा श्वेतकेतुः ॥ ६ ॥

श्वेतकेतुरल्पेनैव कालेन चतुरो वेदाञ्जग्राह। तथा च छान्दोग्यम्[1]— "श्वेतकेतुर्हारुणेय आस। तं ह पितोवाच श्वेतकेतो वस ब्रह्मचर्यं, न वै सोम्यास्मत्कुलीनोऽननूच्य ब्रह्मबन्धुरिव भवतीति। स ह द्वादशवर्ष उपेत्य चतुर्विंशतिवर्षस्सर्वान् वेदानधीत्य महामना अनूचानमानी स्तब्ध एयाय" इति ॥ ६ ॥

अनु०—उदाहरण के लिए श्वेतकेतु।

१. छान्दो ६ १. १

टि०—श्वेतकेतु ने बहुत अल्प अवस्था में चारों वेदों का ज्ञान प्राप्त कर लिया। छान्दोग्योपनिषद् में उनका उल्लेख है। ६. १. १ ॥ ६ ॥

एवं नियमातिक्रमे दोषमुक्त्वा तदनुष्ठाने सिद्धिमाह—

यत्किंच समाहितोऽन्नह्म प्याचार्यादुपयुङ्क्ते ब्रह्मवदेव तस्मिन् फलं भवति ॥ ७ ॥

अन्नह्मपि अन्नह्मापि। पररूपम्, [1]कंतन्तवत्। अपेर्वाऽकारलोपः, पिहितपिनद्धादिवत्। वेदव्यतिरिक्तमपि यत्किञ्चित् विषमन्त्रादि समाहितो नियमवान् भूत्वा आचार्यादुपयुङ्क्ते गृह्णाति तस्मिन् वेदव्यतिरिक्ते ब्रह्मवदेव फलं भवति ॥ ७ ॥

अनु०—नियमों का पालन करते हुए ब्रह्मचारी वेद के अतिरिक्त जो कुछ भी गुरु शिक्षा ग्रहण करता है उसका फल उसी प्रकार होता है जिस प्रकार वेद के अध्ययन का फल होता है ॥ ७ ॥

निग्रहानुग्रहशक्तिरप्यस्य भवतीत्याह—

अथो यत्किञ्च मनसा वाचा चक्षुषा वा सङ्कल्पयन् ध्यायत्याहाऽभिविपश्यति वा तथैव तद्भवतीत्युपदिशन्ति ॥ ८ ॥

अथो अपि च यत्किञ्च निग्रहात्मकं अनुग्रहात्कम् वा सङ्कल्पयन् चिकीर्षन्मनसा निर्दयेन शिवेन वा ध्यायति—इत्थमिदमस्याऽस्त्विति, तथैव तद्भवति। तथा यत्किञ्च सङ्कल्पयन्वाचा क्रूस्या मधुरया वा आह—इत्थमिदमस्यास्त्विति तथैव तद्भवति। एवं यत्किञ्च सङ्कल्पयन् चक्षुषा घोरेण वा मैत्रेण वा अभिविपश्यति तथैव तद्भवतीत्युपदिशन्ति धर्मज्ञाः ॥ ८ ॥

अनु०—'सकल्प करके जो कुछ भी वह मन से सोचता है, शब्दों में अभिव्यक्त करता है, चक्षु से देखता है वह भी वैसा ही हो जाता है, ऐसा धर्मज्ञ लोग कहते हैं।

टि०—हरदत्त की व्याख्या में संकेत किया गया है कि चाहे शान्त मन से अथवा क्रूर मन से चिन्तन किया जाय, क्रूर वाणी से अथवा मधुर वाणी से कहा जाय, घोर नेत्रों से देखा जाय अथवा मित्रतापूर्ण नेत्रों से देखा जाय, सभी समान होता ही है ॥ ८ ॥

अवश्यं धर्मयुक्तेनाध्येतव्यमित्युक्तम्। इदानीं ते धर्मा लक्षणतस्त्रिविधा इत्याह—

गुरुप्रसादनीयानि कर्माणि स्वस्त्ययनमध्ययनसंवृत्ति[3]रिति ॥ ९ ॥

---

१. कर्कन्धुवत्, इति. ग० पु० २. घोरया इति. क० पु०

३. अयं 'इति' शब्द उत्तरसूत्रस्यादौ पठितः क० पुस्तके

यैरनुष्ठितैः गुरुः प्रसीदति तानि गुरुप्रसादनीयानि पादप्रक्षालनादीनि कर्माणि। स्वस्तीत्यविनाशि नाम। तत्प्राप्तिसाधनं स्वस्त्ययनम्। तच्च त्रिविधं दृष्टार्थमदृष्टार्थमुभयार्थं चेति। दृष्टार्थं बाहुनदीतरणादिनिषेधः। अदृष्टार्थं क्षारादिनिषेधः। उभयार्थं भिक्षाचरणादि। अध्ययनसम्वृत्तिरधीतस्य वेदस्याऽभ्यासः ॥ ९ ॥

अनु०—(ब्रह्मचारी विद्यार्थी के कर्तव्य धर्म हैं) गुरु को प्रसन्न करने वाले कर्म, कल्याण की प्राप्ति के कर्म तथा वेद का परिश्रमपूर्वक अभ्यास।

टि०—स्वस्ति का अर्थ है कल्याण करने वाले नियम का पालन यथा नदी आदि को तैरकर पार करने का वर्जन। स्वस्ति तीन प्रकार का कहा गया है: दृष्टार्थ, अदृष्टार्थ, उभयार्थ। नदीसंतरण का निषेध दृष्टार्थ का उदाहरण है। क्षारलवणादि भक्षण का वर्जन अदृष्टार्थ का तथा भिक्षाचरण उभयार्थ स्वस्ति का उदाहरण है। इस सूत्र में विद्यार्थी के धर्मों को तीन वर्गों में बाँटा गया है ॥ ९ ॥

अतोऽन्यानि निवर्तन्ते ब्रह्मचारिणः कर्माणि ॥ १० ॥

एतेभ्यः अन्यानि कर्माणि निवर्तन्ते ब्रह्मचारिणो, न कर्तव्यानीत्यर्थः ॥१०॥

अनु०—इसके अतिरिक्त दूसरे कार्य ब्रह्मचारी को नहीं करने चाहिए ॥ १० ॥

स्वाध्यायधृग्धर्मरुचिस्तपस्व्यृजुर्मृदुस्सिद्ध्यति ब्रह्मचारी ॥ ११ ॥

स्वाध्यायधृक् अधीतस्य[1] वेदस्य धारयिता अविस्मर्ता। धर्मे रुचिर्यस्य स धर्मरुचिः। तपस्वी नियमेषु तपश्शब्दः तद्वान्। ऋजुः अमायावी। मृदुः। क्षमावान्। एवंभूतो ब्रह्मचारी सिद्ध्यति सिद्धिं प्राप्नोति। उक्ता सिद्धिः[2] 'अथो यत्किञ्चा मनसे' ति। तत्रोक्तानां पुनर्वचनमादरार्थम्। तदनुष्ठाने फलभूमा, अतिक्रमे च दोषभूमेति तात्पर्यम् ॥ ११ ॥

अनु०—स्वाध्याय को धारण करने वाला, धर्म अर्थात् नियम के पालन में रुचि रखने वाला, तपस्वी (अर्थात् ब्रह्मचारी के नियमों का पालन करने वाला), सरल तथा क्षमावान् ब्रह्मचारी सिद्धि प्राप्त करता है ॥ ११ ॥

सदा महान्तमपररात्रमुत्थाय गुरोस्तिष्ठन्प्रातरभिवादनमभिवादयीताऽसावहं भो, इति ॥ १२ ॥

सदा प्रतिदिनं महान्तमपररात्रं रात्रेः पश्चिमे याम उत्तिष्ठेत्। उत्थाय च समीपे तिष्ठन् गुरोः प्रातरभिवादनमभिवादयीत—'असावहं भो' इति ब्रुवन्। असावित्यत्राऽऽत्मनो नामनिर्देशः, यथा—'अभिवादये यज्ञशर्माहं भो' इति ॥१२॥

अनु०—प्रतिदिन रात्रि के अन्तिम याम में उठे और गुरु के निकट जाकर अपना नाम लेते हुए अभिवादन करे ॥ १२ ॥

१. 'स्वाध्यायस्य' इति क० ख० पु० २. आप० ध० १. ५. ८.

समानग्रामे च वसतामन्येषामपि वृद्धतराणां प्राक्प्रातराशात् ॥१३॥

अन्येषामप्याचार्यव्यतिरिक्तानाम् प्राक्प्रातराशात् प्रातर्भोजनात्प्राक प्रातरभिवादनमभिवादयीत, ते चेत् समानग्रामे वसन्ति ॥ १३ ॥

अनु०—और उसी ग्राम में रहने वाले दूसरे वृद्ध विद्वान ब्राह्मणों को भी प्रातराश के पूर्व प्रणाम करे ॥ १३ ॥

प्रोष्य च समागमे ॥ ४ ॥

यदा स्वयं प्रोष्य समागतो भवति, आचार्यादयो वा तदाऽप्यभिवादयीत । इदं नैमित्तिकम् । पूर्वं नित्यम् ॥ १४ ॥

अनु०—यात्रा पर गया हो तो लौटने पर इन व्यक्तियों से मिलने पर प्रणाम करे ।

टिप्पणी—यह अभिवादन केवल अवसर के अनुसार किया जाता है किन्तु इसके पूर्व सूत्र १२, १३ की अभिवादनविधि नित्य करनी होती है ॥ १४ ॥

अथ काम्यम्—

स्वर्गमायुश्चेप्सन् ॥ १५ ॥

अभिवादयीतेत्येव ॥ १५ ॥

अनु—स्वर्ग तथा दीर्घजीवन की अभिलाषा से इन व्यक्तियों का अन्य समयों पर भी अभिवादन करे ॥१५॥

अभिवादनप्रकारं वर्णानुपूर्व्येणाऽऽह—

दक्षिण बाहु श्रोत्रसम प्रसार्य ब्राह्मणोऽभिवादयीतोरस्समं राजन्यो मध्यसमं वैश्यो नीचैश्शूद्रः प्राञ्जलि ॥ १६ ॥

ब्राह्मणोऽभिवादयमानः आत्मनो दक्षिणं बाहुं श्रोत्रसमं प्रसार्याभिवादयीत । उरस्समं राजन्यः । दक्षिणं प्रसार्याभिवादयीतेत्यत्रानुवर्तते । एवमुत्तरयोरपि । मध्यसममुदरसमम् । ऊरुसममित्यन्ये । नीचैः पादसमं शूद्रोऽभिवादयीत । प्राञ्जलि यथा भवति तथा अभिवादयति । अञ्जलि कृत्वेत्यर्थः । प्राञ्जलिरिति युक्तः पाठः ॥ १६ ॥

अनु०—ब्राह्मण दाहिना बाहु को कान के बराबर फैलाकर अभिवादन करे । क्षत्रिय वक्ष के समानान्तर फैलाकर अभिवादन करे । वैश्य उदर या ऊरु के समानान्तर बाहु फैलाकर अभिवादन करे । शूद्र नीचे (पैरों के समानान्तर) हाथ करके अञ्जलि बाँधकर अभिवादन करे ॥ १६ ॥

१. नीचैश्शूद्रः ···॥ १६ ॥ प्राञ्जलि ॥ १७ ॥ इति पाठ क० घ० पु

प्लावनं च नाम्नोऽभिवादनप्रत्यभिवादने च पूर्वेषां वर्णानाम् ॥१७॥

अभिवादनस्य यत्प्रत्यभिवादनं तत्राभिवादयितुर्नाम्नः प्लावनं कर्तव्यम् प्लुतः कर्तव्य इत्यर्थः। पूर्वेषां वर्णानां शूद्रवर्जितानामभिवादयमानानाम्। 'प्रत्यभिवादेऽशूद्रे' इति पाणिनीयस्मृतिः। तत्र "वाक्यस्य टेः" रेत्यनुवृत्तेः प्रत्यभिवादवाक्यस्यान्ते नामप्रयोगः तस्य टेः प्लुतः। 'आयुष्मान् भव सौम्या३ इति प्रयोक्तव्यः। स्मृत्यन्तरवशान्नाम्नश्च पश्चादकारः। तथा च मनु:—

'आयुष्मान् भव सौम्येति वाच्यो विप्रोऽभिवादने।
अकारश्चास्य नाम्नोऽन्ते वाच्यःपूर्वाक्षरः प्लुतः ॥" इति।

'आयुष्मान् भव सौम्य देवदत्त ३ अ' इति प्रयोगः। शम्भुर्विष्णुः पिनाकपाणिश्चक्रपाणिरित्यादीनां नाम्नां सम्बुद्धौ गुणे कृते 'एचोऽयवायावः' पूर्वस्यार्धस्यादुत्तरस्येदुतौ' इत्ययं विधिर्भवति। अन्ते अकारः। [४]"तयोर्य्वावचि संहितायाम्" इति यकारवकारौ च भवतः—शम्भो ३ व, विष्णो ३ व, पिनाकपाणो ३ य, चक्रपाणो ३ य इति। अत्र सूत्रे "प्रत्यभिवादने चे"ति चकारस्यार्थं न पश्यामः।

अपर आह—'अभिवादने प्रत्यभिवादने च प्लावन' मिति। अस्मिन्नपि पक्षे द्वन्द्वेनाभिहितत्वाच्चशब्दोऽनर्थक एव। अभिवादने च शाखान्तरे न क्वापि प्लुतो विहितः। तस्मादनर्थक एव चकारः। अनर्थकाश्च निपाता बहुलं प्रयुज्यन्ते ॥ १७ ॥

अनु०—शूद्र को छोडकर पूर्ववर्ती वर्णों के अभिवादन, प्रत्यभिवादन में नाम के अन्तिम स्वर को प्लुत करके उच्चारण करना चाहिए।

टि०—प्रत्यभिवादन के वाक्य के अन्त के स्वर को प्लुत हो। 'आयुष्मान् भव सौम्या ३'। मनुस्मृति मे भी इसका निर्देश किया गया है। उकारान्त, इकारान्त नामों के सम्बोधन में गुण किया जाता है 'तयोर्य्वावचि संहितायाम्' से यकार, वकार होता है। शम्भो ३ व, विष्णो ३ व, पिनाकपाणो ३ य, जैसा रूप बनता है।

इस सूत्र में 'च' के प्रयोग को हरदत्त ने निरर्थक बताया है। दूसरे सूत्रों में अभिवादन के वाक्य में प्लुत का विधान नहीं किया गया है ॥ १७ ॥

उदिते त्वादित्य आचार्येण समेत्योपसग्रहणम् ॥ १८ ॥

उदिते त्वादित्ये आचार्येण अध्ययनार्थं समेत्य वक्ष्यमाणेन विधिनोपसंग्रहणं कुर्यात् ॥ १८ ॥

---

१. पा. सू ८. २. ८३. शूद्रभिन्नविषये प्रत्यभिवादेयद्वाक्यं "आयुष्मान् भव सौम्य" इत्यादिरूपं तस्य टेः प्लुतस्स्यात्, स चोदात्तः इति सूत्रार्थः।

२. पा० सू० ८. २. ८२. ३. मनु० स्मृ० २. १२५.

४. पा० सू० ८. २. १०८. इदुतोर्यकारवकारौ स्तोऽचि संहितायाम् इति सूत्रार्थः।

अनु०–सूर्य उगने पर गुरु के निकट अध्ययनार्थ आकर पादोपसंग्रहण करे ॥१८॥

सदैवाऽभिवादनम् ॥ १९ ॥

अन्यदा सर्वदा पूर्वोक्तप्रकारेणाभिवादनमेव । अयमनुवाद उत्तरापेक्षया ॥ १९ ॥

अनु०–इसके अतिरिक्त अन्य सभी अवसरों पर पूर्वोक्त विधि से ही अभिवादन करे ॥ १९ ॥

उपसंग्राह्य आचार्य इत्येके ॥ २० ॥

अभिवादनप्रसङ्गे सदैव उपसंग्राह्य आचार्य इत्येके मन्यन्ते ॥ २० ॥

अनु०–धर्मज्ञों का मत है कि सभी अवसरों पर गुरु का पादोपसंग्रहण करे, अभिवादनमात्र नहीं ॥ २० ॥

ननु किमिदमुपसंग्रहणम् ? तदाह—

दक्षिणेन पाणिना दक्षिणं पादमधस्तादभ्यधिमृश्य सकुष्ठिकमुपसंगृह्णीयात् ॥ २१ ॥

आत्मनो दक्षिणेन पाणिना आचार्यस्य दक्षिणं पादं अधस्तादभ्यधिमृश्य, अधिशब्द उपरिभावे, अधस्ताच्चोपरिष्टाच्चाभिमृश्य । सकुष्ठिकं सगुल्फम् । साङ्गुष्ठमित्यन्ये । उपसंगृह्णीयात् । इदमुपसंग्रहणम् । एतत्कुर्यात् ॥ २१ ॥

अनु०–गुरु के दाहिने पैर को दाहिने हाथ से नीचे और ऊपर की ओर दबाकर उसे एड़ी के साथ पकड़े ।

टि०–सकुष्ठिकम् का अर्थ कुछ लोग अँगूठे सहित भी करते हैं । इसे ही उपसंग्रहण कहते हैं ॥ २१ ॥

उभाभ्यामेवोभावभिपीडयत उपसंग्राह्यावित्येके ॥ २२ ॥

उभाभ्यां पाणिभ्यां उभावेवाऽऽचार्यस्य पादौ अभिपीडयतो माणवकस्य उपसंग्राह्यावित्येके मन्यन्ते । अभिपीडयत इति "कृत्यानां कर्तरि" इति कर्तरि षष्ठी । अत्र मनुः—

[1]"व्यत्यस्तपाणिना कार्यमुपसंग्रहणं गुरोः ।
सव्येन सव्यः स्प्रष्टव्यो दक्षिणेन च दक्षिणः ॥ इति ॥ २२ ॥

अनु०–कुछ धर्मज्ञों का मत है कि दोनों हाथों से गुरु के दोनों चरणों को (दाहिने हाथ से दाहिने पैर को, बाएँ हाथ से बाएँ पैर को) दबावे ॥ २२ ॥

सर्वाह्णं सुयुक्तोऽध्ययनादनन्तरोऽध्याये ॥ २३ ॥

---

१. पा० सू० १. ३. ७१ २. म० स्मृ० २. ७२.

[1]र्वं च तदहश्च सर्वाह्णम्। [2]'राजाहस्सखिभ्यष्टच्।' 'अह्नोऽह्न एतेभ्य' इत्यह्नादेशः। [3]' अह्नोदन्ता'दिति णत्वम्। अत्यन्तसंयोगे द्वितीया।' सर्वाह्णं सदा सुयुक्तः सुसमाहितः अनन्यचित्तः। अध्ययनादनन्तरः नान्तरयतीत्यनन्तरः। अध्ययनाद्यथा आत्मानं नान्तरयति यथा अध्ययनान्न विच्छिद्येत तथा स्यात्। अध्याये स्वाध्यायकाले। अध्याय इत्यनुवादः। [4]'मनसा चानध्याय' इति विशेषविधानात्। 'अध्यायें' दिति प्रायेण पठन्ति। तत्र तकारोऽपपाठश्छान्दसो वा ॥ २३ ॥

अनु०–पूरे दिन मन को समाहित रखे (अन्यत्र ध्यान न रखे) अध्याय के समय ध्यान कहीं अन्यत्र न रखे, अध्ययन पर ही पूर्ण ध्यान रखे ॥२३ ॥

तथा गुरुकर्मसु ॥ २४ ॥

गुरुकर्मसु च तथा स्यात् सुयुक्तोऽनन्तरश्च स्यात्॥ २४ ॥

अनु०-इसी प्रकार गुरु के कार्यों को करते समय भी अन्यत्र ध्यान न रखे ॥२४॥

मनसा चाऽनध्याये ॥ २५ ॥

अनध्यायकाले मनसा च अध्यायादनन्तरः स्यात्। सन्देहस्थानानि मनस निरूपयेत्। अध्ययनविषयामेव चिन्तां कुर्यात् ॥ २५ ॥

अनु०–अनध्याय के समय अध्ययन विषयों की ही मन से चिन्ता करे। (स्पष्ट न हुए स्थलों को समझने का प्रयत्न करे।) ॥ २५ ॥

आहूताध्यायी च स्यात् ॥ २६ ॥

आचार्येणाहूतस्तूष्णीमधीयीत' नाध्यापने स्वयं प्रवर्तयेत् ॥ २६ ॥

॥ इत्यापस्तम्बीये धर्मसूत्रे पञ्चमी काण्डिका ॥

अनु०–गुरु के बुलाने पर ही अध्ययन के लिए जावे, स्वयं अध्यापन के लिए गुरु से न कहे ॥ २६ ॥

—:०:—

सदा निशायां गुरुं संवेशयेत्तस्य पादौ प्रक्षाल्य संवाह्य ॥ १ ॥

सदा प्रत्यहं निशायां अतिक्रान्ते प्रदोषे गुरुं संवेशयेत्। कथम्? तस्य गुरोः पादौ प्रक्षाल्य संवाह्य च। संवाहनं मर्दनम् ॥ १ ॥

---

१. पा० सू० ५. ४. ९१. राजन्शब्दान्तादहन्शब्दान्तात् सखिशब्दान्ताच्च तत्पुरुषात् टच् स्यात् इति सूत्रार्थः ॥

२. सर्वै कादेश-संख्यात, पुण्यशब्देभ्यः परस्याहन्शब्दस्याह इत्यादेशस्यात्-समासान्ते परे इति सूत्रार्थः।

३. पा० ५. ४. ७. अदन्तपूर्वपदस्थाद्रेफात् परस्याह्नादेशस्य नस्य णस्स्यात् इति सूत्रार्थः।

४. आप० ध० १. ५. २६.

अनु०—प्रतिदिन रात्रि को गुरु के चरणों को धोकर तथा उनके शरीर का मर्दन करके उन्हें सुलावे ॥ १ ॥

अनुज्ञातः संविशेत् ॥ २ ॥

[1]गुरुणाऽनुज्ञातस्तु स्वयं संविशेत् शयीत ॥ २ ॥

अनु०—उनकी आज्ञा प्राप्त करके स्वय सोवे ॥ २ ॥

न चैनमभिप्रसारयीत ॥ ३ ॥

एनमाचार्यं प्रति पादौ न प्रसारयेत् ॥ ३ ॥

अनु०—अपने पैर गुरु की ओर न पसारे ॥ ३३ ॥

न खट्वायां सतोऽभिप्रसारणमस्तीत्येके ॥ ४ ॥

यदा तु गुरुः खट्वायां शेते तदा तं प्रति पादयोः प्रसारणं न दोषायेत्येके मन्यन्ते' स्वपक्षस्तु तत्रापि दोष इति ॥ ४ ॥

अनु०—कुछ धर्मज्ञों का मत है कि यदि गुरु खाट पर सोये हों तो उनकी ओर पैर पसारने में द'ष नहीं है ॥ ४ ॥

न चाऽस्य सकाशे संविष्टो भाषेत ॥ ५ ॥

अस्याऽऽचार्यस्य सकाशे स्वयं संविष्टः शयानो न भाषेत। कार्यावेदनादावुत्थायैव भाषेत ॥ ५ ॥

अनु०—आचार्य के समीप स्वय सुखपूर्वक बैठकर (या लेटकर) उनसे बात न करे ॥ ५ ॥

अभिभाषितस्त्वासीनः प्रतिब्रूयात् ॥ ६ ॥

आचार्येणा[2] भिभाषितस्त्वासीनः प्रतिब्रूयात्। एतदाचार्ये आसीने शयाने वा ॥ ६ ॥

अनु०— यदि गुरु स्वय लेटे हों तो) गुरु के कुछ कहने पर बैठा हुआ ही उत्तर दे ॥ ६ ॥

अनुत्थाय तिष्ठन्तम् ॥ ७ ॥

यदा त्वाचार्यस्तिष्ठन् प्रतिब्रूयात्। उत्तरे द्वे सूत्रेस्पष्टार्थे ॥ ७ ॥

अनु०—यदि गुरु खड़े होकर कुछ कह रहे हों तो ब्रह्मचारी भी खड़ा होकर उत्तर दे ॥ ७ ॥

गच्छन्तमनुगच्छेत् ॥ ८ ॥ धावन्तमनुधावेत् ॥ ९ ॥

न सोपानद्वेष्टितशिरा अदहितपाणिर्वासीदेत् ॥ १० ॥

---

१. पश्चाद्गुरुणा इति ख० पु० २. अभिभाषितस्सन् इति ख० पु०

उत्तरत्रोपानत्प्रतिषेधा 'न सोपान' दित्यनुवादः 'अध्वापन्नस्त्वि' ति प्रतिप्रसोतुम्। आचार्यं न सोपानत्क आसीदेत्। नापि वेष्टितशिराः। अवहितपाणिः दात्रादिहस्तः एवंभूतोऽपि नासीदेत् ॥ ८-१० ॥

अनु०—यदि गुरु चल रहे हों तो उनके पीछे चले; दौड रहे हों तो उनके पीछे दौडे। गुरु के समीप जूते पहने हुए, सिर को वेष्टित करके अथवा हाथ में कोई औजार (दात्र) लेकर न जावे ॥ ८-१० ॥

अध्वापन्नस्तु कर्मयुक्तो वाऽऽसीदेत् ॥ ११ ॥

अध्वानं प्राप्तोऽध्वापन्नः कर्मणि दात्रादिसाध्ये प्रवृत्तः कर्मयुक्तः एवंभूतस्तु सोपानत्कोऽप्यासीदेत् ॥ ११ ॥

अनु०—किन्तु यात्रा के समय अथवा (दात्रादि द्वारा साध्य) कार्य में लगे होने पर (जूते पहनकर, सिर वेष्टित करके, हाथ में कोई उपकरण लेकर गुरु के समीप) जा सकता है ॥ ११ ॥

न चेदुपसीदेत् ॥ १२ ॥

[1]न चेदाचार्यस्समीपे, उपसीदेत् उपविशेत्। यदि तूपविशेदध्वापन्नः कर्मयुक्तो वा तदौपानत्प्रभृतीनि विहायोपविशेत् ॥ १२ ॥

अनु०—किन्तु गुरु के अत्यन्त निकट न बैठे ॥ १२ ॥

देवमिवाचार्यमुपासीताऽविकथयन्नविमना वाचं शुश्रूषमाणोऽस्य ॥ १३ ॥

यो यं देवं भजते स तद्भावनया तमिवाऽऽचार्यमुपासीत। अविकथयन् [2]व्यर्थां कथामकुर्वन्। अविमनाः अविक्षिप्तमनाः। अस्याऽऽचार्यस्य वाचं शुश्रूषमाणः ॥ १३ ॥

अनु०—गुरु के समीप अपने आराध्य देव के प्रति भावना जैसी श्रद्धा के साथ जावे, उनके समक्ष व्यर्थ बात न करे और ध्यान से तत्पर होकर उनके वचन सुने ॥१३॥

अनुपस्थकृतः ॥ १४ ॥

[3]उपस्थकरणं प्रसिद्धम्। तत्कृत्वा नोपासीत ॥ १४ ॥

अनु०—गुरु के समीप एक टाँग के ऊपर दूसरी टाँग चढ़ाकर न बैठे ॥ १४ ॥

अनुवाति [4]वाते वीतः ॥ १५ ॥

---

१. न चेदाचार्यसमीपे उपसीदेत् उपविशेत् इति ख० पु०

२. व्यर्थां कथा विकथा तामकुर्वन् इति० पु०

३. आकुञ्चितस्य सव्यजानुन उपरि दक्षिणं पादं प्रक्षिप्योपवेशनमुपस्थकरणम्।

४. 'वाते' इति नास्ति ख० पु०

वाते अनुवाति सति वीतः विपर्ययेणेतः उपासीत। प्रतिवातं तु वक्ष्यमाणेन प्रतिषिध्यते। मनुरप्याह—

"प्रतिवातेऽनुवाते च नासीत गुरुणा सह" इति ॥ १५ ॥

अनु०—यदि वायु शिष्य की ओर से गुरु की ओर बह रही हो तो दिशा बदल दे ॥ १५ ॥

अप्रतिष्टब्धः पाणिना ॥ १६ ॥

पाणिना प्रतिष्टब्धो न स्यात् पाणितलं भूमौ कृत्वा पाण्यवलम्बनो नाऽऽसीत ॥ १६ ॥

अनु०—हाथ को पृथिवी पर टिकाये बिना बैठे ॥ १६ ॥

अनपाश्रितोऽन्यत्र ॥ १७ ॥

अन्यत्र कुड्याद्यपाश्रितो न स्यात्। कुड्याद्यपाश्रितो नासीत ॥ १७ ॥

अनु०—बैठते समय किसी वस्तु का (दीवाल आदि का) सहारा न लेवे ॥ १७ ॥

यज्ञोपवीती द्विवस्त्रः ॥ १८ ॥

यदा द्विवस्त्रस्तदा वाससाऽन्यतरेण यज्ञोपवीती स्यात्।[२] "अपि वा सूत्रमेवोपवीतार्थं" इत्येष कल्पस्तदा न भवति ॥ १८ ॥

अनु०—यदि ब्रह्मचारी विद्यार्थी दो वस्त्र धारण करता हो तो उत्तरीय को यज्ञोपवीत की तरह लपेटकर बैठे ॥ १८ ॥

अधोनिवीतस्त्वेकवस्त्रः ॥ १९ ॥

यदा त्वेकवस्त्रो भवति तदा अधोनिवीतः स्यात्। न तस्य दीर्घस्याप्येकदेशेनोत्तरीयं कुर्यात् ॥ १९ ॥

अनु०—किन्तु यदि एक ही वस्त्र धारण करता हो तो उसको अधोवस्त्र के रूप में (बिना ओढ़े हुए, केवल शरीर के नीचे के भागों में लपेट कर) धारण करे ॥ १९ ॥

अभिमुखोऽनभिमुखम् ॥ २० ॥

स्वयमाचार्याभिमुखः आत्मानं प्रत्यनभिमुखमाचार्यमुपासीत। [३]स्वयमाचार्यमपश्यन् आचार्यस्य पुरत आर्जवेनाऽऽसीत ॥ २० ॥

अनु०—आचार्य के अपनी ओर न देखने पर भी स्वय उनकी ओर ही मुख करके बैठे ॥ २० ॥

अनासन्नोऽनतिदूरे[३]च ॥ २१ ॥

---

१. मनु० स्मृ० २ २०३

२. आप० ध० २. ४. २२. ३. स्वयमाचार्यमेव पश्यन् इति० ख० पु०

अत्यासन्नो न स्यादतिदूरे [1]च न स्यात् ॥ २१ ॥

अनु०- गुरु से न तो बहुत निकट बैठे और न बहुत दूर पर बैठे ॥ २१ ॥

यावदासीनो बाहुभ्यां प्राप्नुयात् ॥ २२ ॥

यावत्यन्तराले आसीन आचार्यं बाहुभ्यां प्राप्तुं शक्नुयात् तावत्यासीत ॥ २२ ॥

अनु०-जितनी दूरी पर बैठने से आचार्य का दोनों बाहुओं से स्पर्श कर सके उतनी दूरी पर बैठे ॥ २२ ॥

अप्रतिवातम् ॥ २३ ॥

आचार्यस्य [2]प्रतिवाते नाऽऽसीत ॥ २३ ॥

अनु०-जिधर से आचार्य की ओर वायु बह रही हो उधर न बैठे।

टि०-अंग्रेजी अनुवाद में ब्यूहलेर ने अर्थ किया है ऐसे स्थान पर न बैठे जहाँ से वायु गुरु की ओर से उसकी ओर आ रही हो ॥ २३ ॥

एकाध्यायी दक्षिणं बाहुं प्रत्युपसीदेत् ॥ २४ ॥

यदा एक एवाऽधीते तदा आचार्यस्य दक्षिणं बाहुं प्रति दक्षिणे पार्श्वे उपसीदत् उपविशेत् ॥ २४ ॥

अनु०-यदि एक ही शिष्य अध्ययन करने वाला हो तो वह गुरु की दाहिनी ओर बैठे ॥ २४ ॥

यथावकाशं बहवः ॥ २५ ॥

बहवस्तु शिष्या यथावकाशमुपसीदेयुः ॥ २५ ॥

अनु०-यदि अनेक शिष्य हों तो वे सुविधानुसार जिधर स्थान हो वहाँ बैठें ॥२५॥

तिष्ठति च नाऽऽसीताऽनासनयोगविहिते ॥ २६ ॥

आसनयोग आसनकल्पना। आसनयोगेन विहितस्सम्भावित आसनयोग-विहितः। आसनयोगेनाऽसम्भाविते आचार्ये तिष्ठति सति स्वयं नाऽऽसीत ॥ २६ ॥

अनु०-जहाँ आसन देकर गुरु का सम्मानित न किया गया हो वहाँ स्वयं न बैठे ॥ २६ ॥

आसीने च न संविशेत् ॥ २७ ॥

[3]'अशयनयोगविहिते' इति पूर्वानुसारेण गम्यते। शयनयोगेनासम्भावितं आचार्ये आसीने स्वयं न संविशेत् न शयीत ॥ २७ ॥

---

१. चकारो नास्ति० ख० पुस्तके २. प्रतिवातं इति ख० पु०

३. आसनयोग इति क० पु०

४ आ० ध०

अनु०—यदि गुरु (सन्मे के लिए) शय्या न पाकर) बैठे हों, तो स्वयं न सोवे ॥२७॥

चेष्टति च चिकीर्षेत्तच्छक्तिविषये ॥ २८ ॥

व्यत्ययेन परस्मैपदम्। आचार्ये चेष्टति सति स्वयमपि तच्चिकीर्षेत् स्यात्। किमविशेषेण? शक्तिविषये। यद्याचार्येण क्रियमाणमात्मनश्शक्तेर्विषयो भवति। 'चिकीर्षे' त्रिति सन्प्रयोगादिच्छामेव प्रदर्शयेत्, नाच्छिद्यात् कुर्यात्। प्रदर्शितायां त्विच्छायामाचार्यश्चेदनुजानीयात्, कुर्यात्। अशक्तिविषये तु नेच्छापि प्रदर्शयितव्या। चिकीर्षेदिति युक्तः पाठः ॥ २८ ॥

अनु०—यदि गुरु कोई कार्य करने का प्रयत्न कर रहे हों तो उसको कर सकने की शक्ति होने पर स्वयं करने की इच्छा करे ॥ २८ ॥

न चास्य सकाशेऽन्वक्स्थानिन उपसङ्गृह्णीयात् ॥ २९ ॥

आचार्यव्यतिरिक्ता गुरवोऽन्वक्स्थानिन इति स्मार्तो व्यवहारः। आचार्यः श्रेष्ठो गुरूणाम्। तमपेक्ष्यान्वक्स्थानं पदमेषामिति कृत्वा। आचार्यस्य सन्निधौ अन्वक्स्थानिनं नोपसङ्गृह्णीयात् ॥ २९ ॥

अनु०—यदि आचार्य निकट हों तो अन्य गुरुओं (माता, पिता आदि) का, जो आचार्य से अवर हैं, चरण-स्पर्श न करें

टि०('गुरु' के अन्तर्गत माता-पिता आदि श्रेष्ठ निकट सम्बन्धी जन भी आते हैं, वे सभी आचार्य से अवर माने जाते हैं ॥ २९ ॥

गोत्रेण वा कीर्तयेत् ॥ ३० ॥

नचैनमन्वक्स्थानिनं गोत्रेण अभिजनकुलादिना वा कीर्तयेत्[1] न स्तुवीत भार्गवोऽयं महाकुलप्रसूत इति ॥ ३० ॥

अनु०—अन्य गुरुजन का आचार्य के समीप गोत्र का उल्लेख करके प्रशंसा न करे ॥ ३० ॥

न चैनं प्रत्युत्तिष्ठेदनुत्तिष्ठेद्वा[2]पि चेत्तस्य गुरुःस्यात्॥ ३१ ॥

प्रत्युत्थानमप्यस्य न कर्तव्यमाचार्यस्य सकाशे। यदा पुनरसावाचार्यसकाशे त्वासित्वा गमनायोत्तिष्ठति तदाऽनूत्थानमपि न कर्तव्यम्। यद्यप्यसौ तस्य [3]आचार्यस्य मातुलादिः गुरुः स्यात्। [4]'आचार्यप्राचार्यसन्निपात' इति वक्ष्यति तेनैव न्यायेन [5]'मातुलादिष्वपि प्रसङ्गे इदमुक्तम् ॥ ३१ ॥

अनु०—आचार्य के समीप होने पर अन्य गुरुओं के आगमन पर उठकर अगवानी

---

१. अपि चेत्यादिसूत्रान्तरं. ख०च० पु०।

२. माणवकस्य इति क० पु० ३. आप० ध० १. ८. १९. पूजां वक्ष्यतीति ख० पु०

४. मातुलादिप्रसङ्गे इति क० पु०

न करे और न उनके जाने पर पीछे जावे, भले ही वह अन्य गुरु आचार्य का भी गुरु क्यों न हो।

टि०—आचार्य के भी गुरु का उदाहरण, आचार्य का मामा आदि ॥ ३१ ॥

देशात्त्वासनाच्च संसर्पेत् ॥ ३२ ॥

किं तु देशादासनाच्च संसर्पेत्तस्य सम्मानार्थम् ॥ ३२ ॥

अनु०—किन्तु (उस अन्य गुरु के लिए सम्मानप्रदर्शनार्थ) अपने स्थान और आसन से उठे ॥ ३२ ॥

नाम्ना तदन्तेवासिनं गुरुमप्यात्मन इत्येके ॥ ३३ ॥

तस्याचार्यस्यान्तेवासिनं नाम्नैव कीर्तयेत् 'यज्ञशर्मन्नि' ति। यद्यप्यसावात्मनो गुरुर्भवति इत्येवमेके मन्यन्ते। स्वपक्षस्तु गुरोर्नामग्रहणं न कर्तव्यमिति ॥ ३३ ॥

अनु०—आचार्य के अन्तेवासी को नाम से पुकारे। कुछ लोगों का मत है कि आचार्य का अन्तेवासी अपना गुरु भी हो तो भी नाम से पुकारे ॥ ३३ ॥

यस्मिंस्त्वनाचार्यसम्बन्धाद्गौरवं वृत्तिस्तस्मिन्नन्वक्स्थानीये-
ष्वाचार्यस्य ॥ ३४ ॥

यस्मिंस्तु पुरुषे शिष्याचार्यभावमन्तरेणापि विद्याचारित्र्यादिना लौकिकानां गौरवं तस्मिन्नन्वक्स्थानीये इष्वाचार्ये या वृत्तिस्सा कर्तव्या। अन्वक्स्थानीयोऽप्यनन्वक्स्थान्येव ॥ ३४ ॥

अनु०—किन्तु जिस व्यक्ति का आचार्य-शिष्य सम्बन्ध को छोड़कर किसी अन्य कारण से सम्माननीय स्थान हो तो उसके प्रति उसी प्रकार का आदर का व्यवहार करे जैसा आचार्य के प्रति विहित है, भले ही वह आचार्य से अवर हो ॥ ३४ ॥

भुक्त्वा चास्य सकाशे नानूत्थायोच्छिष्टं प्रयच्छेत् ॥ ३५ ॥

आचार्यस्य भुञ्जानस्याऽभुञ्जानस्य वा सकाशे भुक्त्वा अनूत्थाय छान्दसो दीर्घः। उत्थानमकृत्वा उच्छिष्टं न प्रयच्छेत्[1] 'आर्याय वा पर्यवदध्या' दितियद्विहितम् ॥ ३५ ॥

अनु०—गुरु के निकट भोजन करके बिना उठे ही उच्छिष्ट को न दे। (अर्थात् 'आर्याय वा पर्यवदध्यात्' नियम से किसी को उच्छिष्ट देते समय उठ कर दे ॥ ३५ ॥

आचामेद्वा ॥ ३६ ॥

---

१. आप० ध० २. ३ ४०.

आचमनमप्यनुत्थाय न कुर्यात् ॥ ३६ ॥

अनु०—आचमन भी बिना उठे हुए न करे ॥ ३६ ॥

किं करवाणीत्यामन्त्र्य ॥ ३७ ॥

आचम्य किं करवाणीति गुरुमामन्त्र्य ॥ ३७ ॥

इत्यापस्तम्बधर्मसूत्रे प्रथमप्रश्ने षष्ठी कण्डिका ॥

अनु०—आचमन करने के बाद गुरु से कार्य के विषय में पूछे ॥ ३७ ॥

—:०:—

उत्तिष्ठेत्तूष्णीं वा ॥ १ ॥

उत्तिष्ठेत् तूष्णीं वा । विकल्पः । आमन्त्रयेति लिङ्गात् उत्थायाप्याचामन्नाचार्यसकाश एवाऽऽचामेत् ॥ १ ॥

अनु०—अथवा चुपचाप उठे ॥ १ ॥

नापपर्यावर्तेत गुरोः प्रदक्षिणीकृत्याऽपेयात् ॥ २ ॥

उत्थाय कार्यवत्तया गन्तुमिच्छन् गुरोरप अपसव्यं न पर्यावर्तेत । किंतु प्रदक्षिणीकृत्याऽप यात् ॥ २ ॥

अनु०—(उठकर कार्य के लिए जाते समय) अपना बायां हाथ गुरु की ओर करके उसके चारो न घूमे । उसकी ओर अपना दाहिना हाथ करके ही प्रदक्षिणा करे और तब अपने कार्य पर जावे ॥ २ ॥

न प्रेक्षेत नग्ना स्त्रियम् ॥ ३ ॥

यां प्रेक्षमाणस्य मनसो विकारो भवति तां नग्नां स्त्रियं नेक्षेत ॥ ३ ॥

अनु०—नग्न स्त्री की ओर न देखे ॥ ३ ॥

[२]ओषधिवनस्पतीनामाच्छिद्य नोपजिघ्रेत् ॥ ४ ॥

ओषधय' फलपाकान्ता. । वनस्पतयो ये पुष्पैर्विना फलन्ति । वीरुद्वृक्षाणामप्युपलक्षणम् । तेषां पत्रपुष्पाण्याच्छिद्य नोपजघ्रेत् । 'आच्छिद्य' तिवचना [३]यादृच्छिकाघ्राणे न दोषः ॥ ४ ॥

अनु०—सूघने के लिए किसी वृक्ष या वनस्पति की पत्ती या फूल न तोड़े ॥ ४ ॥

---

१. उत्थायाप्याचमन न कुर्यात्, आचार्यसमीप एवाचामेत् । इति. ख० पु०

२. "अथैतत् ब्रह्मचारिणः पुण्यो गन्धो य ओषधिवनस्पतीना तासा पुण्य गन्धं प्रच्छिद्य नोपजिघ्रेत् तेन त पुण्य गन्धमवरुन्धे" इति गोपथब्राह्मणम् । (गो० ब्रा० १. २. २.)

३. यादृच्छिके गन्धग्रहणे न दोष. इति ख० पु०

उपानहौ छत्रं यानमिति वर्जयेत् ॥ ५ ॥

यानं शकटादि । इतिशब्द एवंप्रकाराणामुपलक्षणार्थः । तत्र गौतमः–[1]वर्जयेन्मधुमांसगन्धमाल्यदिवास्वप्नाञ्जनाभ्यञ्जनयानोपानच्छत्रकामक्रोधलोभमोहवादवादनस्नानदन्तधावनहर्षनृत्तगीतपरिवादभयानीति ॥ ५ ॥

अनु०–जूता, छाता, रथ आदि के प्रयोग का वर्जन करे ।

टिप्पणी–गौतमधर्मसूत्र में मधु, मांस, गन्ध, माल्य, दिनमें सोना, अञ्जन, अभ्यंजन, यान, जूता, छत्र वस्तुएँ, काम, क्रोध, लोभ मोह, वाद, वादन स्नान, दाँतौन, हर्ष, नृत्त, गीत, परिवाद, भय का वर्जन करने का नियम बताया गया है ॥ ५ ॥

न स्मयेत ॥ ६ ॥

स्मितं न कुर्यात् ॥ ६ ॥

अनु०–स्मित न करे ॥ ६ ॥

यदि स्मयेताऽपिगृह्य रमयेतेति हि ब्राह्मणम् ॥ ७ ॥

यदि हर्षातिरेकं धारयितुं न शक्यते अपिगृह्य हस्तेन मुखं पिधाय स्मयेत इति ब्राह्मणं 'न स्मयेते'त्यारभ्य ॥ ७ ॥

अनु०–यदि (हर्षातिरेक से) स्मित करे तो हाथ मुँह को ढककर ऐसा ब्राह्मण का वचन है ॥ ७ ॥

[2]नोपजिघ्रेत् स्त्रियं मुखेन ॥ ८ ॥

स्नाता [3]मनुलिप्तां वा स्त्रियं बालामपि मुखेन नोपजिघ्रेत् । 'मुखेने'ति वचनाद्यदृच्छिके गन्धाघ्राणे न दोषः ॥ ८ ॥

अनु०–किसी स्त्री को मुख से न सूंघे ।

टिप्पणी–इसका तात्पर्य यह है कि जानबूझ कर न सूंघे अनचाहे उसकी गन्ध सूँघ ली जाय उसमें दोष नहीं । स्त्री से यहाँ सुगन्धित द्रव्यों का लेप करनें वाली स्त्री से तात्पर्य है । व्याख्याकार ने छोटी कन्या के भी सुगन्धित द्रव्यों के लेप से युक्त होने पर जानबूझ कर सुगन्धित को सूंघने का निषेध किया है ॥ ८ ॥

न हृदयेन प्रार्थयेत् ॥ ९ ॥

---

१. गौ० ध० २.१३.

२ पञ्च ह वा एते ब्रह्मचारिण्यग्नयो धीयन्ते द्वौ पृथग्धस्तयोर्मुखे हृदये उपस्थ एव पञ्चमः । स यद्दक्षिणे पाणिना स्त्रियं न स्पृशति तेनाहरहर्याजिनां लोकमवरुन्धे, यत्सव्येन तेन प्रव्राजिनाम्, यन्मुखेन, तेनाग्निप्रस्कन्दिनां, यद्धृदयेन तेन शूराणां, यदुपस्थेन तेन गृहमेधिनां, तैश्चेत् स्त्रिय पराहरत्यनग्निरिव शिष्यते ॥ इति गो० ब्रा० १.२.४

३ अनुलिप्तामङ्गां इति. ख० पु०

हृदयेन मनसा स्त्रियं न प्रार्थयेत्—अपीयं मम स्यादिति ॥ ९ ॥

अनु०—मन से स्त्री की प्रति की कामना न करे ॥ ९ ॥

नाकारणादुपस्पृशेत् ॥ १० ॥

कारणेन विना स्त्रियं नोपस्पृशेत्। कारणं योक्त्रसन्नहनविमोचनविषमपतनधारणादि ॥ १० ॥

अनु०—विना कारण से किसी स्त्री का स्पर्श न करे ॥ १० ॥

रजस्वलो रक्तदन्तस्त्यवादी स्यादिति हि ब्राह्मणम् ॥ ११ ॥

रजस्वलो मलिनगात्र.। रक्ता दन्ता यस्य स रक्तदन। छान्दसो दकारादेशः पक्किलदन्त इत्यर्थः। एतदुभय 'मुखसञ्जलाघ'(१-१-२७) इत्यनेन गतमपि पुनरुच्यते' श्रौतप्रायश्चित्तप्राप्त्यर्थम। 'अनृतं वोक्त्वे' (२-१-२७) ति प्रायश्चित्तं वक्ष्यति। सत्यवादी स्यादिति ब्राह्मणम् ॥ ११ ॥

अनु०—एक ब्राह्मण में कहा गया है कि वह (ब्रह्मचारी) शरीर को मलिन रखे तथा दाँतों को गन्दा रखे, सत्यवादी होवे ॥ ११ ॥

यां विद्यां कुरुते गुरौ तेऽप्यस्याऽऽचार्या ये तस्या गुरोर्वश्याः ॥ १२ ॥

आत्मीये गुरौ यां विद्यां कुरुते अधीते तस्या विद्याया गुरोर्वश्या आचार्यास्तेऽप्यस्य माणवकस्याचार्याः। यद्यपि साक्षात्तेभ्यो न गृह्णते विद्या तथापि आचार्यवदुपचरितव्याः। 'तस्या' मिति वचनाद्विद्यान्तरे ये वंश्यास्तेषु नायं विधिः ॥ १२ ॥

अनु०—ब्रह्मचारी जिस विद्या का अध्ययन कर रहा हो उस विद्या को उसके आचार्य के गुरु भी उस ब्रह्मचारी के आचार्य होते हैं।

टि०—यद्यपि गुरु के आचार्य से साक्षात् ब्रह्मचारी विद्या नहीं ग्रहण करता, फिर भी उन्हें आचार्य के समान ही समझे। किन्तु उस विद्या के अतिरिक्त दूसरी विद्या के गुरु के विषय में यह नियम नहीं होगा। 'वंश्या' का तात्पर्य विद्यावंश के पूर्वज विद्या देने वाले गुरु से है ॥ १२ ॥

यानन्यान् पश्यतोऽस्योपसङ्गृह्णीयात्तदात्वे त उपसङ्ग्राह्या. ॥ १३ ॥

अस्य माणवकस्य पश्यत अस्मिन् माणवके पश्यति यानन्यानाचार्य उपसङ्गृह्णीयात्ते माणवकस्याऽप्युपसङ्ग्राह्या.। किं सदा ? नेत्याह—तदात्वे तस्यां दशायाम्। अपर आह—तदा प्रभृति त उपसङ्ग्राह्या.। तुशब्दात् समावृत्तेनापि ॥ १३ ॥

---

१. श्रौतप्रायश्चित्तमतिक्रमे स्यादिति. ख० पु०

अनु०—विद्यार्थी जिन-जिन का अपने आचार्य द्वारा पादोपसंग्रहण किया जाना देखे उन उन गुरुओं का उस व्यवस्था में रहते समय तक उपसंग्रहण करे

टि०—इस विषय में प्रश्न है कि क्या वह ब्रह्मचारी उनके चरण का उपसंग्रहण सदा करे ? कुछ धर्मज्ञ केवल उसी अवस्था में पादोपसंग्रहण मानते हैं किन्तु अन्य लोग उस समय के बाद प्रत्येक अवसर पर उनके पादोपसंग्रहण का विधान करते हैं॥१३॥

गुरुसंभवाये भिक्षायामुत्पन्नायां यमनुबद्धस्तदधीनाभिक्षा ॥ १४ ॥

यदा द्वितीयं तृतीयं वा वेदमधीयानस्य माणवकस्य गुरुसंभवायो भवति गुरवः समवेता भवन्ति, तदा भिक्षायामुत्पन्नायां यं गुरुमिदानीमनुबद्धो माणवकः सनोऽधीते तदधीना भिक्षा, यश्च यावच्च लब्धं तत्तस्मै निवेदनीयम्। [1]तदुक्तश्च विनियोगः ॥ १४ ॥

अनु०—यदि किसी विद्यार्थी के कई आचार्य हों तो उसके द्वारा प्राप्त भिक्षा उसके समक्ष प्रस्तुत की जायगी जिसके अधीन वह उस समय अध्ययन कर रहा हो।

टि०—किसी शिष्य के अनेक आचार्य उस स्थिति में होंगे जब शिष्य ने कई वेदों का अध्ययन किया हो, क्योंकि सामान्यतः एक आचार्य एक ही वेद का अध्यापन करता है ॥ १४ ॥

समावृत्तो मात्रे दद्यात् ॥ १५ ॥

कृतसमावर्तनो विवाहात्प्रागर्जितं मात्रे दद्यात् ॥ १५ ॥

अनु०—जब विद्यार्थी समावर्तन के बाद घर लौटे तो (विवाह के पूर्व) अर्जित वस्तुएं माता को प्रदान करे ॥ १५ ॥

माता भर्तारं गमयेत् ॥ १६ ॥

माता पतिं प्रापयेत् ॥ १६ ॥

अनु०—माता उस वस्तु को अपने पति को देवे ॥ १६ ॥

भर्ता गुरुम् ॥ १७ ॥

[2]प्रापयेत्। माणवकस्य गुरुम्, माणवकार्जितं द्रव्यं तद्वामि युक्तम् ॥ १७ ॥

अनु०—पति उस अर्जित वस्तु को उस शिष्य के गुरु को प्रदान कर ॥१७॥

धर्मकृत्येषु वोपयोजयेत् ॥ १८ ॥

धर्मकृत्यानि विवाहादीनि। तेषु वोपयोजयेत्। गुरोरभावे भर्ता, तदभावे माता, सर्वेषामभावे समावृत्तसमवयमेव वा ॥ १८ ॥

---

१. तदुक्तश्च विनियोगः इति. क०पु०. २. सोऽपि गुरुं प्रापयेन्माणवकस्य इति ख०पु०

अनु०—अथवा उस अर्जित धन का उपयोग (विवाहादि) धर्मकार्यों में करे ॥ १८ ॥

कृत्वा विद्यां यावतीं शक्नुयात् वेददक्षिणामाहरेद्धर्मतो याथाशक्ति ॥ १९ ॥

यावतीं विद्यां कर्तुं शक्नुयात् वेदं वेदौ वेदान्वा तावतीं कृत्वा अधीत्य गुरवे दक्षिणामाहरेत् दद्यात् । यथाशक्ति धर्मत उपलब्धां न्यायार्जिताम् ॥१९॥

अनु०—जितनी विद्याओं का अध्ययन कर सकता हो उतनी विद्या-शाखाओं का अध्ययन करके अपनी शक्ति के अनुसार तथा धर्मानुकूल विधि से अर्जित करके गुरु को दक्षिणा दे ।

टि०—यावतीं विद्या से एकवेद, दो वेदों या तीन वेदों के अध्ययन से तात्पर्य है ॥ १९ ॥

धर्मत इत्यस्यापवादः—

विषमगते त्वाचार्य उग्रत शूद्रतो वाऽऽहरेत् ॥ २० ॥

यदा त्वाचार्यो विषमगतः आपद्गतः तदा उग्रतः शूद्रतो वाऽपि प्रतिगृह्य दक्षिणामाहरेत् । वैश्याच्छूद्रायां जात उग्रः, उग्रकर्मा वा द्विजातिः ॥ २० ॥

अनु०—किन्तु यदि आचार्य विपत्ति की अवस्था में हों तो उग्र या शूद्र से भी धन लेकर दक्षिणा दे सकता है ।

टि०—वैश्य पुरुष और शूद्रा स्त्री का पुत्र उग्र कहलाता है । अथवा उग्रकर्मा द्विजाति । भयंकर कर्म करने वाला द्विजाति ॥ २० ॥

सर्वदा शूद्रत उग्रतो वाऽऽचार्यार्थेऽप्याहरणं धर्म्यमित्येके ॥ २१ ॥

सर्वदा आपदवस्थानापदि च, आचार्याय यो देयोऽर्थः तस्य, उग्रतः शूद्रतो वाऽऽहरणं धर्म्यं धर्मादनपेतमित्येके मन्यन्ते । 'धार्म्य'मिति पाठे स्वार्थे ष्यञ् ॥ २१ ॥

अनु०—किन्तु कुछ लोगों का मत है कि आचार्य की दक्षिणा के लिए शूद्र और उग्र से भी धन लेना धर्मसंमत है ॥ २१ ॥

दत्वा च नाऽनुकथयेत् ॥ २२ ॥

आचार्याय एवमाहृत्य दत्वा न कीर्तयेत्,—एतन्मया दत्तमिति ॥ २२ ॥

अनु०—आचार्य के लिए इस प्रकार धन देकर उसका बखान न करे ॥ २२ ॥

कृत्वा च नाऽनुस्मरेत् ॥ २३ ॥

गुरवे प्राणसंशयादौ महान्तमप्युपकारं कृत्वा नानुस्मरेत् नाऽनुचिन्तयेत्—अहो मयैतत्कृतमिति ॥ २३ ॥

अनु०—(गुरु के संकट में) उपकार करके उसे स्मरण नहीं करना चाहिए ॥२३॥

आत्मप्रशंसा परगर्हामिति च वर्जयेत् ॥ २४॥

इतिकरणादेवंप्रकारणामात्मनिन्दादीनामपि प्रतिषेधः ॥ २४ ॥

अनु० आत्मप्रशंसा तथा परनिन्दा आदि न करे ॥ २४ ॥

प्रेषित[1] स्तदैव प्रतिपद्येत ॥ २५ ॥

इदं कुर्वित्याचार्येण प्रेषितस्तदैव प्रतिपद्येत कुर्यात् क्रियमाणमपि कर्म विहाय, यद्यपि तदाचार्यस्य भवति ॥ २५ ॥

अनु० (किसी कार्य का करने के बीच में) गुरु के किसी अन्य कार्य के लिये आदेश देने पर तत्काल करे । (पहले से किये जाते हुए कार्य को छोड़ दे, भले ही वह कार्य आचार्य का ही हो) ॥ २५ ॥

शास्तुश्चाऽनागमाद्वृत्तिरयन्त्र ॥ २६ ॥

तस्मिंश्च 'विद्याकर्मान्त' मित्यस्यापवादः । यद्यधिगन्तुमिष्टा विद्या शास्तुः शासितुराचार्यस्य सम्यक्नाऽऽगच्छति तदा तस्यानागमात् अन्यत्र पुरुषान्तरे वृत्तिर्भवत्येव यस्य सम्यगागच्छति । [2]येषमाचार्यविधिप्रयुक्तमध्ययनं तेषामेतन्नोपपद्यत' इत्यवोचाम ॥ २६ ॥

अनु० यदि जिस विद्या को प्राप्त करने की इच्छा हो उसका अध्यापन करने में गुरु असमर्थ हो तो वह दूसरे गुरु के समीप जावे और अध्ययन करे ॥ २६ ॥

अन्यत्रोपसङ्ग्रहणादुच्छिष्टाशनाच्चाऽऽचार्यवदाचार्यदारे वृत्तिः ॥ २७ ॥

अन्यत्रेत्युभयोश्शेषः ! आचार्यवदाचार्यदारे वृत्तिः कर्तव्या । किमविशेण ? अन्यत्रोपसङ्गहणादुच्छिष्टाशनाच्च, पादोपसङ्गहणमुच्छिष्टाशनं च इत्येतदुभयं वर्जयित्वा । अत्र मनुः—

"गुरुवद्गुरुपत्नीषु युवतीर्नाभिवादयेत् ।' इति ।

गौतमस्तु, "[4]तद्भार्यापुत्रेषु चैवं नोच्छिष्टाशनस्नापनप्रसाधनपादप्रक्षालनोन्मर्दनोपसङ्ग्रहणानि' इति 'दार' इत्येकवचनं छान्दसम् ॥ २७ ॥

अनु० आचार्य की पत्नी के प्रति भी आचार्य के प्रति किये जाने वाले सम्मान-

---

१. तदेव इति ख० पु० २. तदाचार्याय इति ख० पु०

३. येषामित्याद्यवोचामेत्यन्तः पाठो नास्ति ख. पुस्तके

४. मनु. स्मृ० २. २१२. गुरुपत्नी तु युवतिर्नाभिवाद्येह पादयोः । इति मुद्रितमनुस्मृतिपाठः ।

५. गौ० ध० २. ३१ ३२

पूर्ण व्यवहार की तरह व्यवहार करे, किन्तु आचार्य पत्नी के चरण का उपसंग्रहण न करे और उच्छिष्ट का भोजन न करे।

टि०—मनु और गौतम के भी विचार इसी प्रकार के हैं ॥ २७ ॥

तथा समादिष्टेऽध्यापयति ॥ २८ ॥

य आचार्येण समादिष्टो नियुक्तोऽध्यापयति तस्मिन्नाचार्यदारवद्वृत्तिः। 'अध्यापयती'ति वर्तमाननिर्देशा[1] द्यावदध्यापनमेवायमतिदेशः ॥ २८ ॥

अनु०—इसी प्रकार का व्यवहार उस अध्यापक के प्रति भी करे जो गुरु के आदेश से उसे (कुछ समय के लिए) पढ़ावे ॥ २८ ॥

वृद्धतरे च सब्रह्मचारिणि ॥ २९ ॥

